CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 14 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 163 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 17 विक्रमी सम्वत् 2082 15 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :31° C, न्यूनतम: 19° C

सेंसेक्स: 75,157.26 / 22,828.55

सोना: 92,565 चांदी: 97,000



### ईरान के आगे झुका अमेरिका

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### वनडे में दो गेंद नियम पर हो सकता है बदलाव

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# एनटीपीसी की तीन यूनिटें ठप

## दिल्ली-उप्र समेत नौ राज्यों में गहराया बिजली संकट



**ऊंचाहार (रायबरेली)।** एनटीपीसी परियोजना में एक के बाद एक तीन यूनिटें बंद हो गई हैं। यूनिट संख्या तीन में सूट ब्लोअर कपलिंग टूट गई। चार नंबर इकाई के बॉयलर में रिसाव होने से उसे बंद कर दिया गया।

वहीं पांचवीं यूनिट में भी तकनीकी खराबी आने से उसे बंद कर दिया गया है। एक साथ तीन यूनिटें बंद होने से अधिकारियों में खलबली मच हुई है। हालांकि जिम्मेदार यूनिटों को शुरू कराने के प्रयास में लगे हुए हैं। एनटीपीसी परियोजना में छह यूनिटें स्थापित हैं। इसमें पांच यूनिटों से 210-210 व छठवीं से 500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। बताते हैं कि कि शनिवार की रात यूनिट नंबर चार के बॉयलर में रिसाव होने लगा जिसके कारण उसे बंद कर दिया गया। इसी दौरान पहले से बंद तीन नंबर यूनिट को शुरू किया गया, लेकिन शुरुआत में ही सूट ब्लोअर कपलिंग टूट गई जिसके कारण उसे बंद करना पड़ा। इंजीनियरों की टीम ने दोनों यूनिटों की मरम्मत शुरू की। इसी बीच पांचवीं यूनिट में भी खराबी आ गई और उसे भी बंद करना पड़ा। एक साथ तीन यूनिटों के बंद होने से परियोजना में बिजली उत्पादन पर बुरा असर पड़ा है। सूत्रों की मानें तो इस समय परियोजना की यूनिट एक दो व छह नंबर यूनिट से लगभग 920 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। परियोजना के जनसंपर्क अधिकारी ऋषभ शर्मा ने बताया कि तीन व पांच नंबर यूनिट ग्रिड में अर्थिंग की समस्या के कारण बंद किया गया है। चौथी यूनिट में उत्पादन शुरू हो गया है। बंद दोनों यूनिटें भी जल्द शुरू की जाएंगी। ऊंचाहर विद्युत परियोजना से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली व उत्तर प्रदेश को बिजली आपूर्ति की जा रही है। तीन यूनिटों के अचानक बंद होने से उत्पादन घट गया है। जानकारों का कहना है कि उत्पादन कम होने से सभी राज्यों पर बिजली का संकट बढ़ेगा। हालांकि परियोजना प्रशासन का कहना है कि एक यूनिट को शुरू करा लिया गया है।

# केरल गवर्नर को नहीं पसंद सुप्रीम कोर्ट की दखलंदाजी

## राजेंद्र आर्लेकर बोले: संविधान संशोधन कोर्ट करेगा, तो सदन क्या करेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: संविधान में बिल पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं, दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ज्यूडिशियल ओवररीच बताया है। ज्यूडिशियल ओवररीच का मतलब कोर्ट का सीमा पार कर कार्यपालिका और विधायिका में दखल होता है। उन्होंने आगे कहा कि कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रहेगी।

केरल राज्यपाल ने कहा कि संविधान में गवर्नर के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं है। कोर्ट द्वारा 3 महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन जैसा है। दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते। न्यायपालिका खुद मामलों को वर्षों लंबित रखती है, ऐसे में राज्यपाल के पास भी कारण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि केरल राजभवन में कोई बिल लंबित नहीं है। कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए हैं। गौरतलब है कि केरल सरकार भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट गई है, जिस पर 13 मई को सुनवाई है। केरल सरकार ने सीजेआई संजीव खन्ना से अपना केस जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच को भेजने का आग्रह किया है।

अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया।

### राहुल-प्रियंका ने जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री गांधी ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए वीर बलिदानियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यह नरसंहार एक तानाशाही शासन की क्रूरता का प्रतीक है, जिसे यह देश कभी नहीं भूल सकता। इस अन्याय और अत्याचार के खिलाफ हमारे वीर शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध डट कर लड़ने की प्रेरणा देता रहेगा। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि क्रूर और अत्याचारी अंग्रेजी हुकूमत का सामना करते हुए देश के लिए बलिदान देने वाले जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को सादर नमन।

### बुआ मायावती ने भतीजे आकाश को किया माफ

**लखनऊ।** बसपा से निष्कासित किए गए आकाश आनंद द्वारा पार्टी सुप्रीमो मायावती से माफी मांगने के कुछ ही घंटे बाद मायावती ने बड़ा दिल दिखाते हुए उन्हें माफ कर दिया। इस बात की पुष्टि स्वयं बसपा प्रमुख ने अपने ट्विटर हैंडल पर की है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि आकाश आनन्द द्वारा एक्स पर आज अपने चार पोस्ट में सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानने व सीनियर लोगों को पूरा आदर-सम्मान देने के साथ ही अपने ससुर की बातों में आगे नहीं आकर बीएसपी पार्टी व मूवमेन्ट के लिए जीवन समर्पित करने के मद्देनजर इन्हें एक और मौका दिए जाने का निर्णय। मायावती ने आगे लिखा कि वैसे अभी मैं स्वस्थ्य हूं और जब तक पूरी तरह से स्वस्थ्य रहूंगी, मान्यवर श्री कांशीराम जी की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के लिए पूरे जी-जान व तन्मयता से समर्पित रहकर कार्य करती रहूंगी। ऐसे में मेरे उत्तराधिकारी बनाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से आठ श्रमिकों की मौत

**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश में अनकापल्ली जिले के कैलासपट्टनम गांव में रविवार को एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में विस्फोट से आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घटना उस समय हुई, जब श्रमिक पटाखे बना रहे थे। इसी दौरान विस्फोटक पदार्थ में गलती से विस्फोट हो गया। मृतकों की पहचान अप्पिकोंडा ताताबाई (50), संगराती गोविद (45), दादी रामलक्ष्मी (38), देवरा निर्मला (36), पुरम पापा (40), गुम्पिना वेणुबाबू (40), शेनपल्ली बाबू राव (56) और चादलवाड़ा मनोहर (50) के रूप में हुई है। घायलों को नरसीपट्टनम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत बहुत गंभीर बताई गई है। सुरक्षित बचे श्रमिकों ने मीडिया को बताया कि शादी-ब्याह का मौसम शुरू होने के कारण पटाखा बनाने वाली यूनिट को भारी ऑर्डर मिले थे। प्रबंधन ने पटाखे बनाने के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक कच्चा माल स्टॉक किया था।

# तहव्वुर का वॉयस सैम्पल लिया, होगा मिलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुंबई हमले की 2005 से थी तैयारी, राणा के फोन रिकॉर्ड खंगाले जा रहे, एनआईए पूछताछ में खुलासा

**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा से दिल्ली स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मुख्यालय में पूछताछ की जा रही है।

रविवार को उसका एनआईए हिरासत का तीसरा दिन है। एनआईए उसकी माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम से संपर्क की जांच कर रही है। जांचकर्ता राणा से इस बारे में पूछताछ कर रहे हैं। एनआईए तहव्वुर राणा के फोन पर हुई बातचीत का रिकॉर्ड खंगाल रही है। इनमें से अधिकांश अन्य आरोपी डेविड हेडली के साथ हैं। केंद्रीय जांचकर्ताओं को संदेह है कि इस फोन बातचीत में दाऊद की संलिप्तता के संकेत हो सकते हैं। एनआईए का अनुमान है कि मुंबई हमलों की योजना 2005 से ही बनाई जा रही थी। राणा भी उस योजना का हिस्सा था। हेडली की उसके साथ फोन पर हुई बातचीत को भी खंगाला जा रहा है।। इस जानकारी को एक स्रोत में एकत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। एनआईए यह स्पष्ट रूप से जानने की कोशिश कर रही है कि मुंबई हमलों की योजना के पीछे कौन था और पर्दे के पीछे से किसने काम किया। राणा से पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को पहले ही एक नया नाम मिल चुका है। जांच में दुबई के एक व्यक्ति का नाम सामने आया है। जिसने हेडली के अनुरोध पर राणा से मुलाकात की थी। जांचकर्ताओं को संदेह है कि इस व्यक्ति को मुंबई हमलों के बारे में पता था। उसके दाऊद या उसकी डी-कंपनी से भी संबंध हो सकते हैं। उस दिशा में जांच की जा रही है। एनआईए लंबे समय से दावा करती रही है कि राणा के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध थे। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या राणा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था? जांच को सुविधाजनक बनाने के लिए राणा आवाज का नमूना एकत्र कर लिया गया है। इसे भी परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। एनआईए राणा की आवाज का मिलान फोन पर हुई बातचीत से करना चाहती है। राणा और उसकी पत्नी मुंबई हमलों से कुछ दिन पहले भारत आए थे। उन्होंने कई स्थानों की यात्रा की थी। राणा से यह भी पूछा जा रहा है कि वह यहां क्यों आए, एनआईए ने अदालत को बताया कि राणा ने भारत के कई शहरों में हमलों की योजना बनाई थी। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा लंबे समय से अमेरिका की जेल में बंद था। उसें गुरुवार को भारत वापस लाया गया। एनआईए ने उसे 18 दिनों की हिरासत में लिया है।

### तमिलनाडु गवर्नर ने कॉलेज में लगवाया जय श्रीराम का नारा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मदुरै में एक कॉलेज इवेंट में छात्रों से 'जय श्री राम' का नारा लगाने को कहकर विवाद खड़ा कर दिया है। मदुरै में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रवि ने अपने संबोधन के आखिर में छात्रों से उनके बाद जयघोष के लिए कहा। तमिलनाडु के गवर्नर के इस वीडियो के सामने आने के बाद सभी पार्टियों ने उनकी आलोचना की है। ये कहा जा रहा है कि तमिलनाडु राज्य समान स्कूल प्रणाली मंच ने उन पर संवैधानिक शपथ का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है तथा उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है। वेलाचेरी से कांग्रेस विधायक जेएमएच हसन मौलाना ने कहा कि आरएन रवि संवैधानिक पद पर हैं। उन्हें ऐसे काम शोभा नहीं देते। रवि किसी धार्मिक नेता की तरह बोल रहे हैं। वे आरएसएस और भाजपा के प्रचार मास्टर बन गए हैं। सीबीआई में काम कर चुके पूर्व आईपीएस आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था। तमिलनाडु राज्य समान स्कूल प्रणाली मंच ने राज्यपाल रवि पर तमिलनाडु के शैक्षणिक ढांचे और सांस्कृतिक संदर्भ के बारे में अनभिज्ञता का भी आरोप लगाया। राज्यपाल रवि तमिलनाडु के स्कूलों और कॉलेजों में अपनाए जा रहे पाठयक्रम व सिलेबस परें अनपढ़ हैं।

## धुलियान से 500 लोगों का पलायन, स्कूल में शरण ली

# वक्फ पर पश्चिम बंगाल में हिंसा जारी

मुर्शिदाबाद, वार्ता



■ आरोप: घर जलाए, पानी में जहर मिलाया, हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात, , इनमें 300 बीएसएफ जवान

**वक्फ कानून** के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नार्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं।

इनमें 300 बीएसएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां की तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएन की धारा 163 भी लागू है। इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ए किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं। वहीं, नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की। वहीं एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कहा कि वक्फ कानून असंवैधानिक है। बीजेपी वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून के लागू किए जाने से देश में किसी की भलाई नहीं होगी।

### त्रिपुरा में वक्फ कानून का विरोध करने वाले आठ प्रदर्शनकारियों को 10 दिनों की जेल

**अगरतला।** त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर की एक अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने वाले, कुबझार गांव में हिंसा भड़काने और पुलिस पर हमला करने वाले आठ आरोपियों को रविवार को 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनोकोटी के एसपी पी सुदाम्बिका आर ने कहा कि पुलिस ने घटना के बाद एक विशेष मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। इस घटना में कथित रूप से शामिल कुछ अन्य लोगों के खिलाफ तलाशी अभियान जारी है। हालांकि, आगे किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए पूरे इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों द्वारा शनिवार को किए गए हिंसक हमले में एक सब डिविजनल पुलिस अधिकारी और कुछ इंस्पेक्टर समेत कम से कम 18 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# 17 राज्यों में आंधी और तूफान का अलर्ट जारी

■ राजस्थान में दो की मौत यूपी समेत छह राज्यों में दो दिन बाद हीटवेव की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित 17 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी की चेतावनी है। असर दिल्ली तक देखने को मिल सकता है।

राजस्थान में शनिवार को बिजली-आंधी से 2 लोगों की मौत हो गई है। बिजली की चपेट में आने से खेत में काम कर रही एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलस गए। वहीं, सिरोही में शुक्रवार देर रात तेज आंधी के चलते पेड़ गिरने से एक महिला की जान चली गई। यूपी में अगले 24 घंटे तक 47 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। बिजली के साथ ओले भी गिरने की आशंका है। बिहार में रविवार को पटना समेत 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। मप्र के 24 जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की सक्रियता घटने के बाद तेज गर्मी का असर शुरू होगा। 15 अप्रैल के बाद राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलने का अनुमान है।

# 52 करोड़ की मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त

नई दिल्ली, वार्ता



**राजस्व सूचना निदेशालय** (डीआरआई) ने मिजोरम के आइजोल के बाहरी इलाके में 52.67 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त की। अंतर्राष्ट्रीय दवा बाजार में इनकी कीमत 52.67 करोड़ रुपये है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह जब्ती शुक्रवार को एक अभियान के दौरान की गई। मादक द्रव्य 12 पहियों वाले एक ट्रक में छुपा कर ले जाया जा रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अभियान में तस्करी की गई दवाओं को छिपाने और परिवहन करने का एक नया तरीका सामने आया, ट्रक के तिरपाल कवर के भीतर सावधानीपूर्वक पैक किए गए ईंट के आकार के 53 पैकेट पाए गए। पैकेट पर हीरे के चिन्हों के साथ 3030 एक्सपोर्ट ओनली और 999 जैसे शब्द लिखे थे और उसमें नारंगी, गुलाबी रंग की गोलियां थी। एनडीपीएस फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करके किए गए परीक्षणों से पुष्टि हुई कि गोलियों में मेथामफेटामाइन था। नागालैंड में पंजीकृत यह ट्रक भारत-म्यांमार सीमा के पास संवेदनशील सीमावर्ती शहर जोखावथर से आया था और त्रिपुरा जा रहा था। डीआरआई ने मिजोरम से निकलने से पहले ही वाहन को रोक लिया।

उल्लेखनीय है कि उस समय ट्रक में कोई घोषित माल नहीं था। इससे पहले, इसने मेघालय से सीमेंट लेकर चंपई तक पहुंचाया था और फिर ज़ोखावथर पहुंचा था, जहां प्रतिबंधित माल लोड किया गया था। ट्रक के चालक और उसके सहायक को स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ड्रग्स को म्यांमार से जोखावथर सेक्टर के माध्यम से मिजोरम में तस्करी कर लाया गया था। डीआरआई ने जनवरी 2025 से आज तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में 148.50 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त की हैं, जो नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# भारत-अमेरिकी सेनाओं ने जल-थल आक्रमण का किया प्रदर्शन

काकीनाडा, वार्ता



■ संयुक्त तैनाती के माध्यम से नकली दुश्मन की सुरक्षा को सफलतापूर्वक भेदा

**आंध्र प्रदेश** में टाइगर ट्रायम्फ 2025 अभ्यास के समुद्री चरण के नाटकीय समापन में भारतीय और अमेरिकी सशस्त्र बलों ने काकीनाडा के तट पर एक उच्च-तीव्रता वाले उभयचर हमले को अंजाम दिया। हमले में आईएनएस जलाश्व और यूएसएस कॉम्स्टॉक की शक्तिशाली संयुक्त तैनाती के माध्यम से नकली दुश्मन की सुरक्षा को सफलतापूर्वक भेद दिया गया।

इस जटिल युद्धाभ्यास में भारतीय सेना के इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स (बीएमपी) और यूएस मरीन कॉर्प्स लाइट आर्मर्ड व्हीकल्स (एलवी) को लैंडिंग क्रॉफ्ट मैकेनाइज्ड (एलसीएम) और लैंडिंग क्रॉफ्ट एयर कुशन (एलसीएसी) के माध्यम से तट पर उतारा गया। वाहन समन्वित तरंगों में आगे बढ़े और समुद्र तटों पर कब्ज़ा कर लिया और एक सुरक्षित परिधि स्थापित की। कार्रवाई में अंतर-संचालन का एक पाठ्य पुस्तक उदाहरण। शत्रुतापूर्ण परिस्थितियों के बीच वास्तविक विश्व मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) आकस्मिकता का अनुकरण करने के लिए तैयार किए गए इस परिदृश्य में भूमि, वायु और समुद्री क्षेत्रों में दोनों सेनाओं के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता थी। इस उभयचर हमले से पहले भारतीय सेना के 4/8 गोरखा राइफल्स इन्फैंट्री बटालियन ग्रुप और अमेरिकी सेना की 1 बटालियन, 11वीं आर्कटिक एयरबोर्न डिवीजन की 5वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट द्वारा सामरिक भूमि अभियान चलाए गए थे। सैनिकों ने मोबाइल वाहन चेक पोस्ट, रूम इंटरवेंशन और रोड ओपनिग पैट्रोल के माध्यम से प्रमुख कुल्हाड़ियों को साफ किया, जिससे मशीनीकृत हमले का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस त्वरित हमले में हेलीबोर्न ऑपरेशनों का एकीकरण भी शामिल था। भारतीय नौसेना, अमेरिकी विशेष अभियान बल और गोरखा राइफल्स की घातक पलटन को नकली दुश्मन रेखाओं के पीछे भेजा गया, जिससे तेज हवाई तैनाती और सटीक लक्ष्यीकरण का प्रदर्शन हुआ।

# अहिंसा के पुजारी गांधी के देश में हिंसक प्रदर्शन

समीउल्लाह

■ शोभायात्राओं व जुलूसों में बढ़ता जा रहा हथियार लहराने का चलन लोकतांत्रिक व्यवस्था में बुलेट और तलवार की कोई जगह नहीं





**बिजनौर।** सत्य व अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाने के लिए सत्याग्रह का मार्ग चुना था, लेकिन यह दुर्भाग्य रहा कि अहिंसा के पुजारी भी हिंसा के शिकार हो गए और गोली लगने से उनकी मौत हुई थी।

आज देश में जिस तरह से हिंसक प्रदर्शनों के साथ-साथ शोभायात्राओं व जुलूसों में हथियार लहराने का चलन बढ़ता जा रहा है, वह स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए किसी भी स्थिति में न तो बेहतर है और न ही भविष्य के भारत के लिए शुभ संकेत है। भारत की पहचान पूरी दुनिया में बापू के देश के तौर पर होती है। जिस देश ने अंग्रेजों को भगाने के लिए सत्य व अहिंसा का मार्ग चुना और सत्याग्रह के माध्यम से अपनी ताकत का अहसास कराया, उसी देश में आज सेना के नाम का इस्तेमाल कर इतने ज्यादा संगठनों का गठन हो गया है कि जो अपने आप में चिंता का विषय है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और उसकी अपनी एक अनुशासित सेना है। पूरी दुनिया में भारत की सेना को सम्मानजनक नजरिए से देखा जाता है। विभिन्न देश व विदेशों में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं में भी भारतीय सेना ने राहत कार्यों में अपना अमूल्य योगदान देकर अलग पहचान बनाई है, लेकिन दुर्भाग्य एवं चिंता का विषय यह है कि उसके अधूरे नाम का इस्तेमाल कर विभिन्न जातीय संगठनों के द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस तरह समूह बनाए जा रहे है, जो अपने प्रदर्शनों में खुलेआम हथियार लहराते हैं। इनके द्वारा सार्वजनिक रूप से हथियारों का प्रदर्शन कर दूसरों को डराने व धमकाने का ऐसा संदेश दिया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश एवं सभ्य समाज को कतई स्वीकार्य नहीं होगा। लोकतंत्र में हथियारों के बल पर दूसरी विचारधारा रखने वालों को डराना न तो कानून सम्मत है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से सही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपने विचार कानून के दायरे में रखने की आजादी है, लेकिन आज जहां इस आजादी का दुरुपयोग किया जा रहा है।

# विपक्ष कमजोर होने से सरकार होती है तानाशाह

## प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी, अपराध लगातार बढ़ रहे: राकेश टिकैत

प्रयागराज, वार्ता

**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने रविवार को कहा कि विपक्ष की कमजोरी के कारण सरकार तानाशाही कर रही हैं। प्रयागराज के रास्ते फतेहपुर में हुई तीन हत्याओं के बाद दुखी परिवार से मिलने जाने के दौरान समय कुछ समय टिकैत का काफिला यहां ठहरा था। उसी दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए फतेहपुर में एक परिवार के तीन लोगों की हत्या, प्रयागराज में युवक की हत्या कर शव जलाने के मामले पर खेद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। अपराध लगातार हो रहे हैं। दिखावे के लिए कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने का राग अलापा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष कमजोर पड़ता है सत्ता पक्ष अपना हनक दिखाता है। विपक्ष की मजबूती ही सत्ता पक्ष को मनमानी करने से रोकती है। विपक्ष की कमजोरी के कारण सरकार तानाशाही कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फतेहपुर में उस परिवार से मिलेंगे और मुआवजे की मांग के



■ किसानों की जमीनों की पैमाइश में हेराफेरी और उनके जमीनों को अधिग्रहण करने का कुचक्र चल रहा

साथ उनकी सुरक्षा की भी मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी जघन्य हत्या करने वालों को भी वही सजा सरकार दे जो दूसरों को देती है। किसान नेता ने किसानों समेत कई सामाजिक समस्याओं पर अपनी राय पेश करते हुए कहा कि किसानों की जमीनों की पैमाइश में हेराफेरी और उनके जमीनों को अधिग्रहण करने का कुचक्र चल रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील में जमीन को एक दूसरे के नाम चढ़ाकर भाई को भाई से किसान को आपस में लड़ा दिया जा रहा है। तहसील में पैमाइश के लिए किसान कसे तहसील का चक्कर लगाना पड़ रहा है। किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसान नेता ने कहा कि किसान संगठन हिदू मुस्लिम, वक्फ बोर्ड जैसे शब्दों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिए हैं।

### तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवारों से मुलाकात

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में पांच दिन पहले हुए तिहरे हत्याकांड में मृतकों के परिजनों से रविवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश टिकैत ने मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

श्री टिकैत ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात के बाद मौजूदा प्रशासन को चेताया कि 17 अप्रैल तक यदि मृतक परिवार की मांगे पूर्ण नहीं होतीं तो 18 अप्रैल से पूरे प्रदेश में चक्का जाम किया जाएगा और इसकी आर-पार की लडाई भारतीय किसान यूनियन के लोग करेंगे।

# वक्फ बिल के खिलाफ संघर्ष करें, हिंसा नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

**जमीयत** उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख महमूद मदनी ने प्रदर्शन करने वाले लोगों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करें, हर लेवल पर विरोध-प्रदर्शन होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भी वक्फ एक्ट के नाम से हिंसा होगी वो आंदोलन को कमजोर करेगा। मुर्शिदाबाद हो या कहीं भी हो, लेकिन हिंसा गलत है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख महमूद मदनी ने कहा कि यह वक्फ का मुद्दा नहीं, बल्कि राजनीति से जुड़ा है। यह अधिनियम देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए हम कुर्बानी भी देने को तैयार हैं। महमूद मदनी ने वक्फ के खिलाफ अपने प्रदर्शन पर कहा कि हमारी लड़ाई जारी रहेगी और खत्म



■ हम कुर्बानी देने को तैयार, वक्फ संशोधन एक्ट पर बोले उलेमा हिंसा करेगी आंदोलन को कमजोर: महमूद मदनी

नहीं होगी। चाहे इसके लिए जो भी कुर्बानी देनी पड़े। अगर सब्र भी करना पड़ा, तो वो भी करेंगे। वक्फ अधि. नियम के खिलाफ कई मुस्लिम संगठन अपनी बात रख रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में इसके खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जमकर बवाल हुआ और कुछ लोगों की मौत भी हो गई। महमूद मदनी ने कहा कि यह अधिनियम या संशोधन देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है।

अब जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने दिल्ली में संगठन की बैठक के बाद कहा कि हम 3 मुख्य बातें कहना चाहते हैं। बीजेपी और उसके सहयोगी लोगों के जरिए यह कहा गया कि पहले के वक्फ कानून में मनमानी चला करती थी, वो जो चाहते थे कर सकते थे। उन्होंने यह भी साफ किया कि पहले भी वक्फ बोर्ड एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत ही बनाए जाते थे। इसे सरकारें ही बनाती थीं, इसमें मुस्लिम समाज का कोई रोल नहीं होता था। सरकारें अपनी मर्जी के लोगों को शामिल किया करती थीं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी ओर से यह भी फैलाया गया कि ये लोग तो कहीं चीन से आए और बोर्ड बना लिया। जो आज कहते हैं कि वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया, जबकि 2009 में वही कहते थे कि वक्फ की जमीन पर कब्जा हुआ। अब इतनी बड़ी तब्दीली हो गई, तो ये मसला राजनीतिक है। उन्होंने हमदर्द बनकर गालियां दीं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है, ये ना देश के लिए अच्छा है ना ही समाज के लिए। कब्जा करने वालों पर एक्शन की बात करते हुए मदनी ने कहा कि कब्जा करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए लिए। जबकि नया वक्फ अधिनियम बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने देश की आजादी की जंग लड़ी और देश में रहना चुना, कुर्बानी दी। देश के संस्थापकों ने कुछ कमिटमेंट किए थे, लेकिन आज उनकी बुनियाद को रौंदा जा रहा है। मदनी ने कहा कि भैंस के आगे बीन बजाने से कुछ नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आनंदीबेन ने अंबेडकर जयंती पर दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भारतीय संविधान के शिल्पी, महान समाज सुधारक एवं विचारक डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि डा. भीमराव आम्बेडकर एक युगद्रष्टा थे, जिन्होंने आजीवन सामा. जिक न्याय, समानता और मानव गरिमा की स्थापना के लिए संघर्ष किया। उन्होंने दलित, वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि शिक्षा, संघर्ष और संयम के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

### अखिलेश ने बैसाखी पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बैसाखी के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को खुशहाली और समृद्धि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वर्ष 1699 में गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा की स्थापना के लिए इस त्योहार को चुना था। यह पर्व सिख नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। यादव ने कहा कि बैसाखी पर्व का किसान और कृषि से भी घनिष्ठ सम्बंध है।

### बोर्ड परिणाम घोषित होने की वायरल हो रही तारीख भ्रामक

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित होने संबंधी आदेश वायरल होने को लेकर बोर्ड सचिव ने इसे खारिज करते हुए भ्रामक बताया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर यह सूचना प्रसारित की जा रही है कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 15 अप्रैल को अपराह्न दो बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। श्री शुक्ल ने पत्र में सूचना को पूर्णत: असत्य एवं भ्रामक बताया है। बोर्ड द्वारा उचित समय पर परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## कांग्रेस-टीएमसी और सपा पर बरसे सीएम योगी

# वक्फ बिल के नाम पर फैला रहे हैं हिंसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश में दलित-वंचित और गरीब हिंदू के साथ हिंसा को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने टीएमसी, कांग्रेस और सपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जो हिंदू प्रताड़ित हो रहा है या पीड़ित है, वो सभी दलित हिंदू हैं। उनके पक्ष में न कांग्रेस, न सपा और न ही ममता बनर्जी ने आवाज उठाई, केवल भाजपा ने ही आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि हमें आश्चर्य होता है कि बंगाल वही राज्य और देश है, जहां वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीनों पर जबरन कब्जा किया गया था। अब जब वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पारित हुआ है और इस पर कार्रवाई की जा रही है, तो इसके खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ राजधानी लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समा. जवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे दल सिर्फ वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं और महापुरुषों के अपमान की एक लंबी श्रृंखला का हिस्सा है। सीएम ने कहा कि सीएए के जरिए उन पीड़ितों को नागरिकता देने की कोशिश की गई, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हुए, लेकिन कांग्रेस और सपा जैसे दल इसका विरोध करके देश में भ्रम फैलाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि जब 2012 में सपा की सरकार बनी थी, तब कांशीराम व अंबेडकर के नाम पर बनी इमारतों को खत्म करने की बात कही थी। ये लोग छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करते हैं और औरंगजेब या जिन्ना जैसे विभाजनकारी लोगों की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी कर रही थी, तब सपा नेता जिन्ना को महान बता रहे थे।



■ दलित हिंदुओं की रक्षा के लिए कोई आगे नहीं आया, ये करते हैं छत्रपति शिवाजी का अपमान, बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल में मारे जा रहे दलित हिंदू

### कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत प्रदेश कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस द्वारा बाबा साहब का अपमान करने की बात कही। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर का अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया था। इस पुरानी पार्टी ने भारतीय संविधान के निर्माता का स्मारक बनाने से मना कर दिया था। इन्हीं लोगों ने बाबा साहब अंबेडकर को चुनाव हारने दिया। उनके श्महा परिनिर्वाणश के बाद स्मारक भी नहीं बनने दिया।

### कांग्रेस सत्ता में आई, तो एक घंटे में वक्फ बिल का कर देंगे इलाज: इमरान मसूद



**हैदराबाद।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि हम जिस दिन आ जाएंगे, एक घंटे में वक्फ बिल का इलाज कर देंगे। इसके लिए हमें केवल एक घंटा लगेगा। वह हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया मुस्लिम मिली काउंसिल के कार्यक्रम में बोल रहे थे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मस्जिद नहीं होगी तो नमाज कहां पढ़ेंगे। कब्रिस्तान नहीं होंगे, तो दफनाए कहां जाएंगे। ईदगाह की तो बात ही छोड़ दीजिए, दुआ कीजिए कि हमलोग आ जाएं। इमरान मसूद ने कहा कि समंदर में तूफान बहुत है और जब तूफान हो तो तूफान का सामना बड़ा जहाज करता है, कश्तियां नहीं कर पाती हैं, इसलिए आपसे कहना चाहता हूं कि कश्तियों की सवारी छोड़कर जहाज की सवारी की तैयारी करिए। एक ही रास्ता है और कोई रास्ता नहीं है। मुर्शिदाबाद हिंसा पर इमरान मसूद ने कहा कि हम हिंसा के पूरी तरह खिलाफ हैं। ये लड़ाई देश के मुसलमानों की नहीं है, ये देश के संविधान की लड़ाई है। जिस तरह से वक्फ कानून लाकर संविधान को रौंदा गया, भाजपा ने आंशिक रूप से संविधान को रौंदा है। मैं सभी से अपील करूंगा कि विरोध करें, लेकिन ऐसा कुछ न करें जो संविधान के खिलाफ हो। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कानूनी सीमाओं में रहकर विरोध करें, कानूनी सीमाओं को न तोड़ें। उन्होंने कहा कि बीजेपी वह पार्टी है जो सबसे ज्यादा कानून व्यवस्था बिगाड़ती है। ये इस देश की खूबसूरती है कि यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सभी भाई-भाई की तरह रहते हैं, लेकिन ये उस भाईचारे को खत्म करना चाहते हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार को हिंसा भड़की थी।

# घर में लगी आग, दम घुटने से तीन की मौत

बस्ती, वार्ता

**उत्तर** प्रदेश के बस्ती जिले मे हरैंया थानाक्षेत्र के गल्ला मंडी मे रविवार को एक मकान मे शार्ट सर्किट से आग लग जाने से उसमे सो रहे मां-बेटे और उसकी बेटी की दम घुटने से मौत हो गई । आग मे झुलसने से पति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि हरैंया थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी में सुनील केसरवानी के मकान मे सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे सो रहे, उनके दो मासूम बच्चे सौरवी (04),बाबू (03 माह) तथा उनकी पत्नी पूजा (32) की दम घुटने से मौत हो गई है तथा सुनील गम्भीर रूप से घायल हो गया।आग बुझाने गए विजयनाथ भी झुलस गए है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे मे ले लिया है। सूचना पर पहुंची फायरब्रिगेड के जवानों ने उस मकान मे किराए पर रह रहे लोगो को दूसरी मंजिल से रस्सी के सहारे नीचे उतारा तथा आग पर किसी तरीके से काबू पाया गया। लोगों का कहना है कि जब आग लगी, तब बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन किया जा रहा था, लेकिन किसी का फोन नहीं उठा और बिजली दो घंटे बाद काटी गई है। खबर लिखे जाने समय तक सुनील का इलाज चल रहा था जहां पर उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है।

■ बस्ती में मां-बेटे और उसकी बेटी की दम घुटने से गई जान, पति घायल

### यूपी में बढ़ती हिंसा पर मायावती ने जताई चिंता

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने प्रयागराज के करछना इलाके में एक दलित युवक की निर्मम हत्या और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अपमान की घटनाओं पर गहरी नाराजगी जताई और राज्य सरकार से इन मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक दो ट्वीट कर प्रदेश में बढ़ती जातीय हिंसा और सामाजिक तनाव को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने लिखा कि यूपी के प्रयागराज जिले के करछना क्षेत्र में सामंती तत्वों द्वारा एक दलित की नृशंस हत्या की घटना अत्यंत दु:खद व चिन्ताजनक है। प्रदेश में बेलगाम आपराधिक, असामाजिक व सामंती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर कानून का राज स्थापित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

## अर्थ व्यापार

# महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता

**अमेरिकी** टैरिफ से व्यापार युद्ध गहराने की आशंका में हुई बिकवाली वहीं शुल्क पर तीन महीने की अस्थाई रोक से हुई लिवाली से बीते सप्ताह रिकवरी होने के बावजूद मामूली गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह महंगाई आंकड़े, भारत.अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता एवं कंपनियों के तिमाही नतीजे पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 207.43 अंक अर्थात 0.3 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 75157.26 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.9 अंक यानी 0.33 प्रतिशत फिसलकर 22828.55 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। इससे मिडकैप 234.29 अंक अर्थात 0.6 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 40274.24 अंक और स्मॉलकैप 68.82 अंक यानी 0. 2 प्रतिशत उतरकर 45798.35 अंक पर रहा। अगले सप्ताह 14 अप्रैल सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और 18 अप्रैल शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर अवकाश रहने के कारण बीएसई और एनएसई के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में केवल तीन दिन ही कारोबार होगा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कई दिनों की अस्थिरता और अनिश्चितता के बाद भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। बाजार को अमेरिका की ओर से पारस्परिक शुल्कों पर अप्रत्याशित रोक लगाने से राहत मिली, जिसने निवेशकों को कुछ आश्वासन प्रदान किया और बाजार में सुधार की उम्मीद को बल दिया। सूचना. प्रौद्योगिकी, धातु और पूंजीगत वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में राहत देखी गई, जो कि कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध की दिशा पर नजर रखना अब भी जरूरी होगा, क्योंकि इसके तीव्र होने की स्थिति में अमेरिका द्वारा अन्य उभरते बाजारों पर शुल्क स्थगन का असर सीमित हो सकता है।



### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 676.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.1 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 574.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.6 अरब डॉलर उछलकर 79.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार द्धएसडीआरऋ 18.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 18.4 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्धआईएमएफऋ के पास आरक्षित निधि 4.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# पाम ऑयल व गेहूं सस्ता, दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेशी** बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव के मुकाबले आवक अधिक होने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल के साथ ही गेहूं सस्ता हो गया, जबकि मांग निकलने से दालें महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 243 रिंगिट लुढ़ककर 44.58 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.39 सेंट की तेजी के साथ 46.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपए प्रति क्विंटल,



सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। मांग निकलने से दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 200 रुपए, दाल चना 200, मसूर दाल 150 रुपए, उड़द दाल 50 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गईं। वहीं, मूंग दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 150 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया।

# मारपीट मामले में सपा नेता हरीश मिश्रा पर ही केस दर्ज

**वाराणसी।** पुलिस ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हरीश मिश्रा पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। मिश्रा बनारस वाले मिश्रा जी के नाम से प्रसिद्ध हैं। मारपीट की घटना के बाद हरीश मिश्रा सहित 55 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसे आपसी रंजिश बताया है, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घटना की निंदा की है।

पुलिस ने खुद से जो मुकदमा दर्ज किया है, उसमें हरीश मिश्रा समेत चार लोगों पर नामजद मुकदमा किया गया है। इनके खिलाफ मारपीट करने, सड़क जाम कर यातायात प्रभावित करने और करणी सेना पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में मामला दर्ज किया गया है। बाकी 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ सड़क जाम करने और शांति भंग के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। शनिवार को करणी सेना से जुड़े कुछ लोग दोपहर डेढ़ बजे काशी विद्यापीठ के पास हरीश मिश्रा के घर पहुंचे और अकेला देख उस पर बयान को लेकर बहस करने लगे। बहस के बीच में ही करणी सेना से जुड़े लोगों ने हरीश मिश्रा को मारना शुरू कर दिया। मारपीट होते देख स्थानीय लोग बीच-बचाव में आए और दो लोगों को पकड़कर जमकर पीट दिया। हंगामे की खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हरीश मिश्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया, लेकिन पुलिस इसे आपसी रंजिश का मामला मान रही न कि करणी सेना से जुड़ा कोई मामला। एडीसीपी काशी सरवनन टी के मुताबिक मारपीट करने वाले लोगों में से कोई भी करणी सेना से नही है और ये आपसी रंजिश का मामला था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस मुद्दे को उठाते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के जुझारू और प्रखर वक्ता एवं बनारस वाले मिश्रा जी के नाम से लो. कप्रिय हरीश मिश्रा पर चाकू से किया गया कातिलाना हमला बेहद निंदनीय है। उनके रक्तरंजित वस्त्र उप्र में ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था की निशानी है। सपा का हर कार्यकर्ता ऐसे हमलों को झेलने की शक्ति रखता है। राजनैतिक जीवन की शुरुआत करने वाले हरीश मिश्रा 2022 का विस चुनाव वाराणसी के कैंट विधानसभा सीट से लड़ चुके हैं।

### वाराणसी: पुलिस ने उलट दिया अखिलेश यादव का दावा

# शासकों के लिए आज भी आदर्श हैं विक्रमादित्य: उपराष्ट्रपति

## लाल किला परिसर स्थित माधौदास पार्क में महानाट्य का शुभारंभ किया

नई दिल्ली, वार्ता

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने कहा है कि महाराजा विक्रमादित्य ने अपने शासन काल में कला संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के विकास को संरक्षण और संवर्धन के साथ जो मूल्य स्थापित किए, कालान्तर में वे ही भारत की सांस्कृतिक आदर्श एवं पहचान बने। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ शनिवार शाम यहां लाल किला परिसर स्थित माधौदास पार्क में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति एवं अन्य अतिथियों ने इस तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन आयोजन का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगा। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि हमारी संस्कृति एक



मिसाल है कि भारतीय जीवन मूल्यों के साथ जीवन कितना सहज और सरल हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश बदल रहा है। भारत में भूतल की गहराई से आकाश की ऊंचाइयों तक हर तरफ विकास ही विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शिता से भारत की पुरानी प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित और जीवंत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाषा हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे इस महा आयोजन के लिए सीएम डा. मोहन को बधाई और कहा कि केंद्र एवं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए। हमें संस्कृति के संवर्धन के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए और मध्यप्रदेश में यह काम बड़ी ही लगन और कुशलता से किया जा रहा है।

### जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को नमन किया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को नमन किया है। श्री धनखड़ ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जलियांवाला हत्याकांड में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों का भारत सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा, ह 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को मैं समस्त राष्ट्र के साथ नमन करता हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अन्याय के विरुद्ध उनका साहस स्वतंत्रता संग्राम की रीढ़ है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लखनऊ में निकाली गई जय भीम पदयात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को श्जय भीम पदयात्राश का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा मरीन ड्राइव चौराहे से शुरू होकर अंबेडकर स्मृति स्थल पर संपन्न हुई।

डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती से एक दिन पूर्व आयोजित इस यात्रा में सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च शिक्षा मंत्री ने सामा. जिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर डा अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके मौन श्रद्धांजलि के साथ की। इसके बाद युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। साथ ही डा अंबेडकर के विचारों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा। अपने संबोधन में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर न केवल भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, चिंतक और न्यायप्रिय नेता भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उन्होंने श्शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोश का जो संदेश दिया था, वही आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा पथ प्रदर्शक है। उच्च शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि प्रकृति में आरंभ से ही सामाजिक समरसता और समता का भाव रहा है। डा अंबेडकर ने इस विचार को संविधान में मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों के माध्यम से सशक्त किया। उन्होंने युवाओं से आ]वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भारत एक है और हमें समतामई, ममतामई समाज की स्थापना करनी है। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में श्जय भीम पदयात्राश जैसे आयोजनों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। यह पदयात्रा केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक जन-जागरण अभियान है, जो युवाओं को सामाजिक समता, बंधुत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरित करती है। यह राज्य स्तरीय पदयात्रा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की संस्था माय भारत के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। मार्ग में युवाओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए संविधान और सामाजिक न्याय के संदेश को जनमानस तक पहुंचाया।

## करंट लगने से युवक की मौत

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में पानी की मोटर से करंट लगने से युवक की मौत हो गई।मिली जानक. ारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला नई वस्ती निवासी 25 वर्षीय भूपेंद्र मौर्य के घर में में मरम्मत का कार्य चल रहा था।सुबह को प्लास्टर करनें के लिए उन्होंने रविवार को ही नई मोटर लगाई थी। रविवार देर शाम को जैसे ही तराई करने के लिए मोटर चालू की। उनको बिजली का करंट लग गया।

# टैक्स चोरी का हुआ भंडाफोड़

## ट्रांसपोर्टर और फर्म मालिक के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कैंट क्षेत्र में राज्य कर विभाग की सचल दल इकाई द्वितीय ने आयरन स्क्रैप ले जा रहे ट्रक को पकड़ लिया। जांच में पता चला कि फर्जी दस्तावेजों से कर चोरी की जा रही है। मामले में ट्रांसपोर्टर और फर्म मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

राज्य कर विभाग की सचल दल इकाई द्वितीय ने शुक्रवार शाम कैंट में ट्रक को जांच के लिए रोका। ट्रक में आयरन स्क्रैप लदा था। चालक ने एमएस इंडियन ट्रांसपोर्ट कंपनी अररिया (बिहार) की बिल्टी और एमएस इंडियन ट्रेडर्स बिहार की टैक्स इन्वाइस दिखाई। जब दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई तो मामला फर्जी पाया गया। सख्ती से पूछताछ पर ट्रक चालक ने बताया कि माल शाहजहांपुर के तिलहर में लोड किया गया था और बरेली के बहेड़ी ले जाया जा रहा था। जबकि दस्तावेजों में लिखा था कि माल बिहार से बिहार जा रहा है। यानी पूरी प्लानिंग टैक्स चोरी की थी।

जांच के दौरान ट्रक पर ई-वे बिल भी नहीं मिला और इन्वाइस में दी गई जानकारी भी गलत पाई गई। ट्रांसपोर्ट कंपनी और फर्म मालिक ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे, ताकि माल की ढुलाई पर टैक्स बचाया जा सके। राज्य कर विभाग ने थाना कैंट में ट्रांसपोर्टर और फर्म के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिकलापुर के पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने 10 बड़े बकायादारों का हाउस टैक्स मनमाने तरीके से कम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अधिकारियों को उन बकायादारों की सूची भी दी है, जिन पर करोड़ों रुपये का नगर निगम का बकाया भी है। उन्होंने बताया कि उप नगर आयुक्त ने शिकायत का जवाब दिया है लेकिन वह पठनीय नहीं है। इसलिए अब नगर आयुक्त से शिकायत की है।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शीशगढ़।** शनिवार शाम को सड़क पार करते समय वृद्ध महिला को सामने से तेज गति से आती बाइक ने जोरदार टककर मार दी थी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन इलाज को बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

मृतक हनीफन पत्नी सुक्कन उम्र लगभग 70 वर्ष ग्राम बीसलपुर की निवासी है। मृतका के परिजनों ने बताया कि शनिवार को शाम लगभग सात बजे वह अपने घर से दूसरे घर को जा रही थी। दूसरा मकान गांव में ही शीशगढ़ बहेड़ी रोड के दूसरी पार है। सड़क पार करते समय सामने से आती तेज बाइक ने उनको जोरदार टककर मार दी थी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार दो लड़कों को ग्रामीणों ने पकड़कर बाइक सहित पुलिस को सौंप दिया था तथा घायल को इलाज हेतु बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान रात में महिला की मौत हो गई। बाइक सवार गांव जिया नगला के निवासी हैं। जिया नगला गांव के प्रधान रेवा राम ने बताया कि दोनों बाइक सवार लड़कों को पुलिस से सुपुर्दगी में ले लिया है। मृतका के परिजनों से समझौते की बात चल रही है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि उनको दुर्घटना की कोई जानकारी नहीं है, न ही किसी ने कोई सूचना दी है।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मी ने हड़पे साढ़े तीन लाख

- एसएसपी के आदेशों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ईंधजागीर की फाइनेंस कंपनी के एक कर्मी उमाशंकर ने कई महिलाओं को फर्जी लोन देकर उनसे किश्तों के नाम पर साढ़े तीन लाख से अधिक रुपया वसूल लिया, और कंपनी में मात्र 11 हजार रुपए ही जमा कर सारा रुपए हड़प लिया। एसएसपी के आदेशों पर कम्पनी के एरिया प्रबंधक की ओर से उमाशंकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ग्राम इंधजागीर की बस्ती नई बस्ती में आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस है, जो महिलाओं को लोन देने का कार्य कर रही है। कम्पनी के एरिया प्रबंधक छेदा लाल ने कम्पनी के पूर्व कर्मी थाना क्योलड़िया के गांव धनौर जागीर का रहने वाले रामकुमार के पुत्र उमा शंकर पर फर्जी ढंग से के महिलाओं रुपवती, सरोज, लक्ष्मी, प्रीती, लीलावती, गीता, शिव. रानी, मिथलेश को 45-45 हजार का लोन दिए जाने और फिर उनसे किस्तों के रूप में तीन लाख छियासठ हजार पांच सौ पचास रुपए वसूलकर कम्पनी में मात्र दस हजार रुपये ही जमा करने और तीन लाख पचपन हजार पांच सौ चालीस रुपए जमा न करके गवन करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र दिया था, एसएसपी के आदेशों पर पुलिस ने एरिया प्रबंधक छेदालाल की तहरीर पर धोखाधड़ी और गवन कि रिपोर्ट दर्ज की है।

> एसएसपी के आदेशों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है, जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
>
> **राहुल सिंह**
> **कोतवाल नवाबगंज**

# पुलिस के अभियान से थम गई ई रिक्शा की चाल

- थाने चौकियों पर खड़े धूल चाट रहे है ई रिक्शा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बिना रजिस्ट्रेशन के फर्राटे से दौड़ रहे ई रिक्शा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रदेश व्यापी चैंकिंग अभियान से हड़कंप मच गया है। अकेले जनपद बरेली में ही अभियान के पहले दिन ही बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे हजारों ई रिक्शा को सीज करके थाने व पुलिस चौकियों में जमा कर लिया गया। अभी तक सीज किए गए ई रिक्शा थानों में खड़े धूल चाट रहे हैं।

हालांकि पुलिस का चेकिंग अभियान अभी जारी है। पुलिस के भय के कारण बिना नम्बर के चलने वाले ई रिक्शा जमींदोज हो गए हैं। अकेले थाना शीशगढ़ की बात करें तो पहले ही दिन के अभियान में 142 ई रिक्शा को सीज किया गया था।

> शासन के निर्देश पर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे ई रिक्शा के विरुद्ध अभियान पूरे महीने जारी रहेगा। बिना नंबरों के सीज किए गए ई रिक्शा का छूटना संभव नहीं लग रहा, क्योंकि इनके पास मालिकाना हक के कोई लिखित प्रमाण नहीं हैं। यदि ऐसे ई रिक्शाओं को न्यायालय से भी कोई लाभ नहीं मिला तो नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। रजिस्ट्रेशन वाले ई रिक्शा चालकों को जिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन कराया जाएगा। प्रत्येक ई रिक्शा पर चालक नाम व मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य होगा।
>
> **राधेश्याम**
> **प्रभारी निरीक्षक**
> **थाना शीशगढ़ जनपद बरेली**

## चैंकिंग अभियान से यातायात हुआ आसान

ई रिक्शा पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान से एक दम संख्या कम होने से सड़कों पर यातायात सामान्य हो गया है। अब जाम लगना भी बंद हो गया। सड़कों पर अब ई रिक्शा भी कम ही नजर आते दिखते हैं। वहीं दूसरी ओर ई रिक्शा की संख्या एक दम घटने से ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई है, साथ ही बेरोजगारी भी अब बढ़ने लगी है।

## बिना रजिस्ट्रेशन के सीज किए ई रिक्शा का छूटना मुश्किल

पुलिस द्वारा जो बिना रजिस्ट्रेशन के ई रिक्शा को सीज किया गया है, उनका छूटना मुश्किल दिखाई दे रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई रिक्शा के पास कोई ऐसा लिखित प्रमाण नहीं है जिसमें वह ई रिक्शा पर अपना मालिकाना हक जता सके। यही सबसे बड़ी परेशानी का सबब बन रहा है।

यदि ऐसे ई रिक्शा को न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली तो फिर यह कौड़ियों के दाम नीलम होना तय है।

## जिन हाथों में होनी चाहिए थी कापी, कलम उन हाथों में थमा दिया था ई रिक्शा का हैंडल

इसको बेरोजगारी कहे या फिर लालच जिन हाथों में कापी कलम होना चाहिए थी उन हाथों में ई रिक्शा का हैंडल थामा दिया गया था। चंद पैसों के लालच ने बच्चों का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। उसकी परवाह उनके परिजनों को भी नहीं है।

शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेश व्यापी अभियान से अब नौनिहालों को भी ई रिक्शा का हैंडल पकड़ने से मुक्ति मिल जाएगी। यह तो तय है उनका भविष्य भी बर्बाद होने से बच सकेगा।

# मजदूरी मांगने गए राज मिस्त्री को मां-बेटों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पहले अपने घर में प्लास्टर कराया, और फिर जब राज मिस्त्री मजदूरी के रुपये मांगने गया तो उसकी मां-बेटों ने मिलकर जमकर पिटाई कर डाली। मजदूर की तरफ से पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव लाईखेड़ा के रहने वाले राज मिस्त्री जाकिर हुसैन ने गांव की मुख्त्यारन उर्फ शमीम बानो के घर में प्लास्टर किया था। 22 दिन में घर का सारा प्लास्टर करने के बाद जाकिर हुसैन की मजदूरी के 15 हजार चार सौ रुपये बने थे, जिसमें से मुख्तियारन ने 10 हजार रुपये तो दे दिए, लेकिन पांच हजार चार सौ रुपये जल्द देने का वायदा किया था। आरा. ेप है कि कई बार तकादा करने के बाद भी मुख्तियारन हर बार टाल मटोल कर देती थी। 12 मार्च को राज मिस्त्री उनके घर गया तो मुख्तियारन आग बबूला हो गई, और उसने अपने पुत्रों अनीस अहमद और तस्लीम के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर डाली, साथ ही आइंदा रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग दिया। राज मिस्त्री ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## शादी से दस दिन पहले युवती प्रेमी के साथ हुई रफू चक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** अपनी शादी से 10 दिन पहले ही एक युवती घर में रखे डेढ़ लाख रुपए और और सोने चांदी के जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ रफू चक्कर हो गई। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की 20 अप्रैल को शादी आनी थी। शादी से पहले 10 अप्रैल को उसकी माता भात मांगने अपने पति के साथ मायके गई थी, घर पर उसका छोटा पुत्र और युवती ही थी। आरोप है कि गांव का विक्की उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि युवती घर में रखे डेढ़ लाख रुपए और सोने चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई। घटना की जानकारी मिलने पर युवती के परिजन विक्की के घर पहुंचे तो उन्हें गाली गलौज कर भगा दिया गया। युवती के पिता ने इसकी नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कुत्ते की दो टांग की टूटी हड्डी

- चौकी प्रभारी ने दिखाई इंसानिय बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** नवनियुक्त चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बेजुबान की जान बचाई। लोगों ने की तारीफ स्थानीय क्षेत्र में मानवता की एक मिसाल पेश करते हुए चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने एक घायल कुत्ते की मदद कर लोगों का दिल जीत लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन एक अज्ञात वाहन की टक्कर से कुत्ते की दो टांग टूट गई थी। दर्द से कराहते कुत्ते को देखकर राहगीर तो आगे बढ़ गए लेकिन चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने फर्ज से बढ़कर इंसा. नियत दिखाई। शनिवार देर रात चौकी प्रभारी अनूप सिंह रात्रि गशत कर रहे थे इसी दौरान ब्लॉक परिसर से कुछ आगे एक कुत्ता दर्द से चिल्ला रहा था जिसको कोई अज्ञात वाहन चोटिल कर गया था। चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने घायल कुत्ते को खुद अपनी गाड़ी में डालकर पशु चिकित्सालय भिजवाया। कुत्ते की दो टांग की हड्डी टूट गई थी, जिसका उपचार शुरू कर दिया गया।

स्थानीय लोगों ने चौकी प्रभारी अनूप सिंह के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी समाज के लिए एक प्रेरणा हैं।

# रामगंगा चौबारी घाट पर हुई दिव्य एवं भव्य गंगा महा आरती

- डीएम व डीएफओ ने गंगा समिति के सदस्यों व अधिकारियों के साथ की महा आरती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम रविंद्र कुमार व प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी की गरिमामयी उपस्थिति में रविवार को रामगंगा चौबारी घाट पर दिव्य एवं भव्य गंगा महा आरती का आयोजन किया गया।

गंगा आरती का दृश्य अत्यंत मनमो. हक और पवित्र रहा। घाट पर बड़ी संख्या में दीप जलाए गए, जो गंगा की लहरों में प्रतिबिंबित हो रहे थे। गंगा महा आरती के पश्चात लोगों ने दीपदान भी किया। पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ आरती की गयी, जो वातावरण को और भी पवित्र बना रही थी। डीएम रविन्द्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक महीने के प्रथम सोमवार को चौवारी घाट पर जिला प्रशासन के द्वारा गंगा आरती का कार्यक्रम पिछले एक वर्ष से ज्यादा से किया जा रहा है। आज की आरती विशेष है, क्योंकि आज गंगा संरक्षण से जुड़े उत्तराखंड से लेकर पश्चमी बंगाल तक के सौ से ज्यादा गंगा सेवक उपस्थिति हैं, जिसमें दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक आशीष गौतम व गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामाशीष मुख्य रूप से उपस्थित हुए हैं।

डीएम द्वारा लोगों को नदियों से भावनात्मक रूप से जुड़कर स्वच्छ रखने की अपील की गयी, तथा वहां उपस्थित स्थानीय बच्चों को बिस्किट व केले भी वितरित किए गए। दीक्षा भण्डारी प्रभागीय वनाधिकारी बरेली द्वारा गंगा आरती में उपस्थित लोगों से गंगा व उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ, निर्मल व अविरल बनाने हेतु अपना योगदान देने की अपील की गयी। नदियां हमारी संस्कृति और परम्परा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इसकी स्वच्छता और संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उनके द्वारा बताया गया कि सच्ची भक्ति केवल स्नान और अनुष्ठानों तक सीमित नहीं होती है, बल्कि हमारे कर्मो में भी प्रकट होती है। जनसमागम के दृष्टिगत गंगा तट को स्वच्छ रखने के लिये स्वंय सेवा के तहत श्रमदान का अभियान जारी है। स्वच्छता न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिये एक स्थायी आस्था का उदाहरण भी है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण ही हमारी श्रद्धा की सच्ची अभिव्यक्ति है। अंत में सभी उपस्थित लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। गंगा आरती को देखने के लिये देश भर के विभिन्न संगठनों के लोग उपस्थित हैं। बिहार, पश्चमी बंगाल, हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ़, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, दिल्ली आदि राज्यों से लगभग 150 लोग गंगा महा आरती के आयोजन में उपस्थित हुये, तथा गंगा महा आरती को साक्षात देखकर भाव विभोर हुए। उक्त आरती कार्यक्रम का आयोजन बरेली जिला गंगा समिति द्वारा किया गया। आयोजन में प्रभागीय वनाधिकारी, सुनील कुमार यादव अपर नगर आयुक्त नगर निगम, प्रमोद कुमार उपजिलाधिकारी सदर, एडीओ पंचायत क्यारा वैभव चौधरी, क्षेत्रीय वनाधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व गंगा समिति के सदस्यगण, अधिकारी, पत्रकार बंधु व आम जनमानस, स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# तेज गर्मी, फिर बारिश, मौसम का बदलाव कर रहा सेहत खराब

- बदलते मौसम में स्वास्थ्य का रखें खास ध्यान, खानपान पर दें विशेष ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** अक्सर यह देखा जाता है कि मौसम बदलते ही कई प्रकार की बीमारियाँ लोगों को घेर लेती हैं। खासकर गर्मी से बरसात या सर्दी में प्रवेश करते समय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ता है जिससे जुकाम, खांसी, बुखार, एलर्जी और पाचन संबंधी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे समय में खानपान और जीवनशैली में सावधानी बेहद जरूरी हो जाती है।

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गयास अंसारी बताते हैं कि बदलते



मौसम में शरीर को अचानक होने वाले तापमान में उतार चढ़ाव के अनुसार ढलने में समय लगता है। ऐसे में अगर हम खानपान और हाइजीन पर ध्यान नहीं देते तो सर्दी खांसी वायरल फीवर और एलर्जी के शिकार हो सकते हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है।इस मौसम में विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, आंवला, नींबू आदि का सेवन बढ़ाना चाहिए। इसके अलावा हल्का, सुपाच्य और घर का बना ताजा भोजन ही करना चाहिए। बाजार के तले भुने या खुले में रखे खाने से बचना चाहिए। बदलते मौसम में शरीर की इम्युनिटी कमजोर होती है इसलिए हमें अपनी डाइट में एंटीऑक्सिडेंट्स और प्रोटीन को शामिल करना चाहिए। हरी सब्जियां, मौसमी फल, सूखे मेवे, दालें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। दिन की शुरुआत गुनगुने पानी में शहद और नींबू के साथ करें। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि इम्युनिटी भी बढ़ाता है। इसके अलावा, रोजाना कम से कम तीस मिनट की हल्की कसरत योग या प्राणायाम भी सेहत के लिए फायदेमंद है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम के इस बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए और लापरवाही से बचना चाहिए। थोड़ी सी सावधानी बरत कर न केवल बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान भी रखा जा सकता है।

## एक नजर

### नगर पंचायत संविदा कर्मचारी की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार शाम को घरेलू कलह के चलते नगर पंचायत संविदा सफाई कर्मी ने किराए के मकान में पंखा के कुंडे से झूलकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर परिजन पहुंचने वाले है।पुलिस को सूचना नही दी है।

जानकारी के मुताबिक मूलता थाना अलीगंज के गांव खैलम विहार जागीर निवासी 35 वर्षीय केहर पाल नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी में संविदा पर सफाई कर्मी के रूप में कार्य करता था।वह पत्नी बच्चो के साथ नगर पंचायत कार्यालय के पीछे मोहल्ला ठाकुरद्वारा में किराए पर रहते थे।रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे पत्नी बच्चे छत पर थे। तभी घरेलू कलह के चलते केहर पाल ने कमरे को अंदर से बंद करके पंखा के कुंडे से झूलकर जान दे दी। पत्नी बच्चे जब नीचे आए कमरे को अंदर से बंद देख केहर पाल को आवाज दी।लेकिन आवाज का कोई जवाब नही आया। तब मोहल्ले के लोगो की मदद से दरवाजा तोड़कर देखा तो केहर पाल का शब कुंडे से झूल रहा था।यह देख कोहराम मच गया।शब को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।पत्नी ने किसी किसी भी तरह के कलह से इनकार किया है।

### संदिग्ध लेन-देन करने पर जनरल स्टोर संचालक पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बैंक खाते में हुए संदिग्ध लेन-देन के मामले में पुलिस ने एक जनरल स्टोर के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने वित्तीय खुफिया ईकाई (एफआईयू) द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर में नई गन्ना सोसाइटी नदेली रोड स्थित के.जी. हार्ट जनरल स्टोर के संचालक अंकित सक्सेना पुत्र वीरेंद्र प्रसाद सक्सेना का पंजाब नेशनल बैंक शाखा बहेड़ी में खाता है। दिनांक 23 सितंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक हुए लेन-देन की रिपोर्ट को एफआईयू ने एसटीआर (सस्पीशियत ट्रांजेक्शन) के रूप में चिहिन्त किया गया है। खाता धारक अंकित की गतिविधियां संदिग्ध बताई गईं। इस मामले में पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ एवं खाता विवरण के अवलोकन के आधार पर लेन-देन पूरी तरह संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में बहेड़ी थाने के दरोगा विजय पाल सिंह ने रिपोर्ट तैयार करते हुए खाता धारक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर गहन विवेचना की संस्तुति कर आला अधिकारियों को प्रेषित की है।

### लोडर की टक्कर से पति-पत्नी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिथरी चैनपुर।** बड़ा बाईपास पर ब्लैक स्पॉट नवदिया झादा चौराहा पर गत दोपहर लोडर और कार की टक्कर हो गई। हादसे में लोडर सवार पति-पत्नी और कार सवार दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना बिथरी चौनपुर पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान पति-पत्नी की मौत हो गई।

अनुपम ने बताया कि उनके चाचा रामऔतार (50) और चाची शांति देवी (45) शाहजहांपुर के हथौड़ा चौराहा के पास रहते थे।उनके दो बेटे हैं। उनका बड़ा बेटा राजीव बरेली के सिठौरा में रहकर प्राइवेट नौकरी कर रहा है। राजीव ने अपने माता-पिता को अपने साथ रहने के लिए बरेली बुलाया था। गत सुबह बेटे के पास रहने के लिए रामऔतार और शांति देवी अपने छोटे बेटे के साथ लोडर से सामान लेकर बरेली आ रहे थे। सुबह करीब पांच बजे लोडर वाहन नेशनल हाईवे के नवदिया झादा चौराहे पर पहुंचा तभी कार से भिड़ंत हो गई, जिसमें चाचा-चाची गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं कार सवार दो लोगों के भी चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध असलहा के साथ सोशल मीडिया पर युवक का वीडियो व फोटो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी/देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र देवरनियां के रिछा स्टेशन के एक युवक का सोशल मीडिया पर अवैध असलाह के साथ वीडियो और फोटो तेजी से वायरल हो रहा है। फोटो में युवक हाथ में अवैध असलहा लिए दिखाई दे रहा है। वहीं दूसरे वीडियो में एक चार पहिया गाड़ी पर असलाह रखा हुआ है। वायरल फोटो व वीडियो को किसी ने बरेली पुलिस के साथ डीजीपी, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व तमाम उच्च अधिकारियों को टैग करते हुए एक्स पर ट्वीट कर दिया। जिसके बाद बरेली पुलिस ने उचित कार्यवाही करने के लिए देवरनियां पुलिस को निर्देश दिए। पुलिस की छानबीन करने पर पता चला कि आरोपी युवक का नाम जमशेद इदरीसी पुत्र एजाज अहमद निवासी शाहपुर डांडी मोहल्ला इस्लामनगर है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान के आधार पर तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

> एक माह पूर्व भी अवैध तमंचे के साथ पकड़ा था आरोपी, रात के अंधेरे में छोड़ा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि आरोपी युवक को एक माह पहले भी कोतवाली के एसआई तेजपाल सिंह ने शाहपुर डांडी की बाजार के पास पुलिया के पास से अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर कोतवाली में लाकर हवालात में बैठा दिया था। जानकारी में आया है कि तब पुलिस ने उसे रात्रि के अंधेरे में किसी समय छोड़ दिया था।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# अधिवक्ता हत्याकांड प्रकरण: पुलिस ने दो को लिया हिरासत में

**डिलारी।** क्षेत्र के गांव करनपुर में खूनी संघर्ष में अधिवक्ता की पीट पीट कर हत्या करने के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर हत्या की बाबत पूछताछ करनी शुरू कर दी है, शुक्रवार की रात 8:00 गांव चंदुपुरा निवासी सचिन करनपुर स्थित शराब की दुकान पर शराब पी रहा था। वहीं पर करनपुर निवासी मुलायम सिंह भी खड़े था ,पुरानी रंजिश को लेकर सचिन मुलायम सिंह के साथ गाली गलौज करने लगा, झगड़ा बढ़ता देख दोनों ने अपने परिजनों को फोन कर बुला लिया, जिस पर दोनों के परिजन भी लाठी डंडे लेकर आ गए,और दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष होता रहा ,आरोप है कि सचिन पक्ष के लोगों ने अधिवक्ता योगेंद्र कुमार और मुलायम सिंह को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना पुलिस चौकी के पास की होने पर मृतक योगेंद्र कुमार पुलिस से जान बचाने की गुहार लगा रहा था, लेकिन दबंगों के आगे पुलिस मूकदर्शक बनी रही, घायलों को उठाकर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल डिलारी में भर्ती कर दिया, हालत बिगडती देख जिला अस्पताल को रेफर कर दिया, अधिवक्ता योगेंद्र कुमार को स्वास्थ्य में सुधार न होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया, परिजन मेरठ को ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, मुलायम सिंह की तहरीर के अनुसार थाना डिलारी पुलिस ने कुलदीप सिंह.राजकुमार.सचिन कुमार. पुष्पेंद्र उर्फ चुन्नी.के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया,शबको कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया, रविवार को मृतक के परिजन और साथी अधिवक्ताओं ने शब को करनपुर चौराहे पर रखकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरो. पितों की गिरफ्तारी के लिए मांग करते हुए जाम लगाने की कोशिश की ,जिससे पुलिस के होश उड़ गए, चौराहे पर पहुंच कर आरोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन देते हुए, लोगों को समझा बूझकर शांत किया, गमगीन माहौल है।

# बंधक बनाकर युवक को प्रताड़ित कर जान लेने के आरोपी मां बेटे का पुलिस ने किया चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** 13 महीने तक युवक को बंधक बनाकर जबरदस्ती खेती कार्य कराने और उसका उत्पीड़न कर जान लेने के आरोपी मां बेटे का आज पुलिस ने चालान कर दिया। बतादें कि तेरह महीने पहले रायपुर चुंडेली निवासी राजवीर गांव से मोडी हजरतपुर एक बारात में आया था बारात तो वापस चली गई लेकिन राजवीर वापस नहीं लौटा आसपास तलाश करने के बाद उसका कहीं पता नहीं लगा तो अपने मोड़ी हजरतपुर निवासी रिश्तेदार प्रेमराज के द्वारा थाना कांठ में 11 मार्च 2024 को गुमशुदगी दर्ज करा दी। राजबीर की माँ तभी से थाने के चक्कर लगा रही थी लेकिन उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया लेकिन अभी एक सप्ताह पहले 4 अप्रैल को नींगू नगला गांव के जंगल से उसके पुत्र के जख्मी हालत में मिलने की सूचना उसे पुलिस द्वारा मिली तो वह अपना बेटा लेने के लिए कांठ आ गई और यहां से उसे इलाज के लिए देहरादून के पारस अस्पताल में भर्ती कर दिया। राजवीर का कहना था कि वह अपने घर आने के लिए सड़क पर खड़ा था तभी उसे कर्मवीर नाम का युवक मिल गया जो उसे अपनी गाड़ी में डालकर अमरोहा जनपद के गांव रायपुर कलां ले गया और वहां जबरन उसे खेती का काम करना शुरू कर दिया मृतक की मां का कहना था कि उसके बेटे ने बताया कि कर्मवीर उसकी मां संतोष पत्नी शिवानी और साला शिवान आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे जिससे उसके पैर की हड्डी भी टूट गई उसने घर जाने की जिद की तो सभी ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटा और जलाकर मारने का प्रयास किया। बाद में मरा समझ कर उसे जंगल में छोड़ दिया। राजवीर की अस्पताल में मौत होने के बाद परिजन और गांव के लोग बड़ी संख्या में थाना कांठ आए और उन्होंने कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने शाम को आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कर्मवीर और उसकी मां संतोष को हिरासत में लेकर आज चालान कर दिया।



## डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च, बहजोई में प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च, बहजोई में पवित्र पाम संडे खजूर रविवार के पावन पर्व पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, नम्रता और शांति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। सभा का आरंभ चर्च के प्रबंधक पादरी राहुल उठवाल द्वारा पवित्र बाइबल के मत्ती और जकर्याह वचनों के पाठ से हुआ, जिनमें प्रभु यीशु के यरूशलेम में गधे पर सवार होकर किए गए विजय प्रवेश का उल्लेख है। उन्होंने बताया कि यीशु का यह प्रवेश सांसारिक घमंड नहीं बल्कि विनम्रता, सेवा और आत्मिक राज्य की घोषणा था। उन्होंने कहा कृ "देखो, तेरा राजा तुझ पर आता है; वह धर्मी और उद्धार देने वाला है, वह नम्र है और गधे पर सवार है।" यह हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व सेवा और दया में निहित होता है। उन्होंने देश और विश्व के लिए शांति और एकता की विशेष सामूहिक प्रार्थना कराई। सभा को और भी भावनात्मक बना दिया चर्च की क्वायर द्वारा प्रस्तुत भजन "जीत गए", जिसने प्रभु यीशु की मृत्यु पर विजय और पुनरुत्थान की घोषणा करते हुए सभी उपस्थितजनों को भक्तिमय आनंद से भर दिया। भजन की प्रस्तुति ने यह स्मरण दिलाया कि प्रभु का प्रेम मृत्यु से भी बड़ा है। इस अवसर पर चर्च के बच्चों ने खजूर की डालियाँ लेकर प्रभु के विजय प्रवेश का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। "होशाना! होशाना!" और यह संकल्प लिया कि वे समाज में प्रभु यीशु के प्रेम, क्षमा, और शांति के सुसमाचार को आगे बढ़ाते रहेंगे। चर्च में विशेष रूपसे खुशी, रोशनी, कोमल, प्रिंस, अंजली, अमायरा, चुनमुन, बेबी मसीह, सेलिन वीना, मीना, पूजा, अंजलि, आशावती, रेखा, नीलम, सामर्थ, शैली आदि सम्मिलित रहीं।

## इवान जैन ने मनाया अभावग्रस्त वर्ग के बच्चों के बीच अपना जन्मदिवस

**मुरादाबाद।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने विद्या भारती के सेवा विभाग द्वारा संचालित सरस्वती बाल संस्कार केन्द्र, कटघर एवं पीतलनगरी के बच्चों के बीच मनाया अपने पौत्र इवान जैन का जन्मदिन। भारतीय संस्कृति से संचालित विद्यालय में पहुँचकर छोटे-छोटे भैया-बहिनों एवं शिक्षकों ने नन्हें इवान को भारतीय पद्धति से शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सभी बच्चों को मिष्ठान, स्कूल बैग, कापियां, पेंसिल आदि का वितरण किया। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि माता-पिता बच्चों को जन्मदिन किसी बड़े होटल में मनाते हैं। वहां स्टेटस दिखाने के लिए पार्टी करते हैं। इवान के अम्मा-बाबा एवं माता-पिता ने का जन्मदिन कुछ इस तरह से मनाया कि बेटे के चेहरे के साथ वहां कई ऐसे बच्चों के चेहरे भी खिल गए जिनको सही मायने में हंसी देने की जरुरत है। ज्ञातव्य है कि विद्या भारती के सेवा विभाग द्वारा



बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने हेतु अनेक बाल संस्कार केन्द्र संचा. लित किए जा रहे हैं। उनमें अभावग्रस्त क्षेत्र के बच्चों को संस्कार के साथ शिक्षा के निशुल्क केंद्र चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर पवन कुमार जैन ने कहा कि प्रत्येक पायदान पर खड़े परिवारों के प्रति संवेदना रखनी होगी, स्वामी विवेक. ानंद जी कहते थे कि मैं उस प्रभु का सेवक हूँ, जिसे लोग मनुष्य के रूप में जानते हैं, उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर न्यास के सचिव नमन जैन, न्यास के विधिक सलाहकार अमन जैन एडवोकेट, प्रिया जैन, राशि जैन, अलका जैन भी उपस्थित रहे एवं ईवान जैन के जन्मदिन की खुशियों को बाल विकास संस्कार केंद्र के बच्चों एवं स्टाफ के साथ साझा किया। इस अवसर पर केन्द्र संचालक प्रीतम सिंह ने बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के सभी पदाधिकारियों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस पुनीत कार्य में विद्या भारती सेवा विभाग के कार्यकर्ता अनुज गुप्ता, देवेश सिंह, नीरज गुप्ता, मीना गुप्ता, विवेक गुप्ता, अरविंद कुमार, प्रसून कुमार, मोनू गाबा, राधे श्याम आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### द्वारकाधीश कॉलोनी में सांड की मौत, कराया अंतिम संस्कार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** द्वारकाधीश कॉलोनी में अचानक सांड की मौत हो गई सांड को उठाने के लिए कोई व्यवस्था न होने पर गौ सेवा गति. विधि के जिला संयोजक विकास शर्मा को सूचना दी गई उन्होंने नगर पंचायत की मदद से सांड को उठवा कर उसका अंतिम संस्कार करा दिया विकास शर्मा का कहना था की बेसहारा गोवंश की मृत्यु होने पर उसे कहीं ना कहीं सुपुर्द खाक किया जाता रहा है हर गांव में मृत पशुओं को डालने के लिए एक जगह ग्राम समाज की ओर से सुरक्षित होती है। और इसी तरह की एक भूमि नगर पंचायत में भी सुरक्षित होती है लेकिन इस और किसी का ध्यान न जाने के कारण नगर क्षेत्र के मृत गोवंश के अंतिम संस्कार के लिए कोई भूमि आवंटित नहीं है उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी से वार्ता कर मृत पशुओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी।

### भाजपाइयों ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर में भाजपा पदाधिकोरियो ने रविवार को भ्रमण कर पत्रक बांटे और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। गांव चलो,वार्ड चलो अभियान के तहत भाजपा पदाधिकरियों ने पार्टी के



कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई और सरकार द्वारा चलाई जा रही है जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान जिला मंत्री मुकुल पांडेय के नेतृत्व में धर्मेंद्र गांधी, विनीत शर्मा, शकील अहमद, रजनीश गर्ग, अंकुर भटनागर, सुरेंद्र शर्मा, अजय गोयल, विनय कटारिया, मोहन सिंह, रामपाल सिंह, शुभम शर्मा, कृष्णपाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### उधार दिए रुपये मांगने पर मारपीट एफआईआर दर्ज

**कांठ।** वहाजुददीन पुत्र सराजुददीन निवासी सलेमपुर थाना कांठ का आरोप है कि उसने तहेरे भाई वासिद पुत्र मकसूद को 20 हजार रूपये उधार दिए थे । पैसे वापिस मागें तो टालमटोल शुरू कर दी। आज दोपहर को वासिद पुत्र मकसूद, उबैद पुत्र मकसूद, इरफान पुत्र मुस्तकीम ने उसकी पत्नी गुलअफशा सहित उसके साथ मारपीट, गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी दी। पडोस के लोग इकट्ठा हुए तो हमलाबर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### जनसम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक 8 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश एवं केंद्र नेतृत्व के आदेशानुसार विधानसभा संभल के हयातनगर मंडल के शक्ति केन्द्र चौधरी सराय के वार्ड नंबर 8 मे मंडल अध्यक्ष गणेश शर्मा व सय्यद शान अली जी निवर्तमान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सम्भल के



नेतृत्व में गांव चलो अभियान के तहत घर-घर संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के पुराने कार्यकर्ता को भी सम्मानित किया एवं घर घर संपर्क कर केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया और लाभार्थियों से सम्पर्क किया।

इस अवसर पर ,डॉ सलमान खान जिला महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सम्भल वा शक्ति केन्द्र संयोजक भाजपा, गुलजार अंसारी निवर्तमान नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सम्भल, जितेन्द्र सेनी मंडल महामंत्री, वासीफ पाशा बूथ अध्यक्ष, इकराम पाशी, रूबी खान, इमशाद खान, वाजिद भाई, रानी परवीन, परवीन जहाँ, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गणेश कॉलौनी निवासी शिक्षिका ने की शिकायत

**चन्दौसी।** सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कर्मी रोजाना सफाई के लिए विभिन्न वार्डों में पहुंचते हैं। चन्दौसी में लगभग १५० से अधिक डेरिया हैं। रोजना डेरी संचालक अपने पशुओं का गोबर किसी डंप ग्राउन्ड में न पहुंचाकर समर सेविल पानी के जरिए नालियों में बहाया जाता है। वहीं गोबर बहने की शिकायत कॉलौनीवासी करते हैं। रविवार को परषदीय स्कूल की शिक्षिका द्वारा चौकी पर शिकायत की गयी। जिसमें गणेश कॉलौनी नं० ९बी में पशुओं की डेरी का संचालक द्वारा गोबर की नालियों में बहाया जा रहा है। जहां नगरपालिका द्वारा नेटिस डेरी संचालकों को भेजे गये हैं। परंतु इसके बाद भी डेरी संचालकों द्वारा समर-सेविल से भारी मात्रा में पानी बहाया जा रहा है। रविवार को गणेश कॉलौनी की रहने वाली शिक्षिका से भूसा एवं गोबर को लेकर विवाद हो गया। जिसकी शिकायत चौकी में की गयी है। शिक्षिका ममता का कहना है उसका पति सत्यवीर फौज में है। वह अकेली रहती है। सडक पर गोबर एवं भूसा गाडी की वजह से पूरी में गंदगी रहती है।

## भीषण गर्मी में वन्यजीवों की प्यास बुझा रही है टीम टाइगर सेवन समिति

**मुरादाबाद।** महानगर के मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी ए आर रहमान के द्वारा टीम टाइगर सेवन समिति अमानगढ़ टाइगर रिजर्व बिजनौर जहां एक ओर भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं जंगलों में रह रहे वन्यजीव पानी के लिए तरस रहे हैं। ऐसे कठिन समय में टीम टाइगर सेवन समिति एवं वन विभाग ने एक सराहनीय पहल करते हुए वन्यजीवों के संरक्षण और उनके लिए पानी की व्यवस्था करने का बीड़ा उठाया है। समिति द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि आम लोग भी वन्यजीवों के महत्व को समझें और उनके संरक्षण में भागीदार बनें। गर्मी की गंभीरता को देखते हुए समिति के सदस्य जगह-जगह पर पानी के पात्र टब और कृत्रिम जल स्रोत स्थापित कर रहे हैं। टीम टाइगर सेवन समिति वन विभाग के सहयोग से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के वाटर होलो (जलकुंड) में नियमित रूप से पानी भर रही है। इसका उद्देश्य है कि जंगल



में रहने वाले बाघ, हाथी, तेंदुए, हिरण, नीलगाय, सम्भर, भालू, बंदर, लंगूर, पक्षी आदि जीव-जंतु पानी की कमी से न मरें और उन्हें प्राकृतिक आवास में ही पर्याप्त संसाधन मिल सकें। समिति के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ए आर रहमान ने बताया कि प्रकृति और वन्यजीवों का संतुलन बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि हम अपने स्तर से हरसंभव सहायता करें। पानी जीवन का आधार है और गर्मियों में यही जीवन रेखा बन जाती है। हमारी कोशिश है कि किसी भी जीव को प्यास से तड़पना न पड़े।जनता से की सहयोग की अपील टीम टाइगर सेवन समिति ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। समिति द्वारा किए जा रहे इस कार्य की स्थानीय प्रशासन, वन विभाग और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। यह प्रयास न सिर्फ वन्यजीवों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक संदेश भी छोड़ता है कि अगर इंसान चाहे तो प्रकृति और जीवन दोनों को बचाया जा सकता है।

## थाना समाधान दिवस में सीओ ने सुनी फरियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चन्दौसी।** शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से क्षेत्राधिकारी आलोक सिद्धू ने सुनी। यहां बताते चले कि समाधान दिवस में फरियादियों का टोटा रहता है। मानो जैसे रामराज्य चल रहा हो जबकि सम्पूर्ण समाधान में फरियादियों की लम्बी लाइन लगी रहती है। समाधान दिवस में इंस्पेक्टर मोहित चौधरी एवं एस०एस० आई को शिकायतों के निस्तारण के लिए रखा गया, इधर ग्राम पंचायत गुमथल से फरियादी विनय शर्मा द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी। जिसमें कहा गया उ०प्र० राजस्व परिषद की यूपी० भूलेख एनआईसी वाद आर०सी०सी० एम०एस० यूपी० की बेअसाइट पर बगैर परवाना के बिना किसी आदेश के कूटरचित साक्ष्यों के द्वारा फर्जी आदेश दर्ज कराने व संबंधित स्वामी का नाम खारिज करा बगैर साक्ष्य के नामान्तरण करने के लिए फर्जी प्रविष्टियों को खितौनी पर दर्ज कराने वालों व बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के सरकारी अभिलेखों में कूटरचना कर नये आदेश दर्ज करा धोखाधड़ी व जाल साजी कर सरकारी बेवसाइट पर ऑनलाइन फर्जी नाम दर्ज करके डिजीटल साइबर अपराध करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की गयी। वहीं एक शिकायत मई व एक असालतपुर जारई की महिला ने देवर के खिलाफ नाली के संबंध में की। समाधान दिवस में मात्र 03 शिकायतें आयी। इस दौरान लेखपाल दानवीर सिंह, अतुल पाठक, अनुराधा शर्मा, वरूण कुमार सक्सैना, आदि मौजूद रहें इधर थाना बनियाठेर में फरियादियों की शिकायत एस०ओ बनियाठेर रामवीर सिंह द्वारा सुनी गयी।

## महापुरूष स्मारक समति ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को मोमबत्ती जलाकर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई एवं खालसा पंथ की स्थापना दिवस पर कार्यक्रम सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र रहे। अध्यक्षता डॉक्टर निशा गुप्ता ने की संचालन डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, अंकित बार्ष्णेय, पंकज बार्ष्णेय, रहे। व्यवस्थापक हिमांशु यादव, विकास यादव, आमिर खान, प्रियंका, शिवानी, सपना, जन्नत, अली रहे। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रांत के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के निकट जलियांवाला बाग में हुआ था। 13अप्रैल 1919को जलियांवाला बाग में रॉलेक्ट एक्ट के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन के लिए हजारों लोग इकट्ठे थे क्योंकि अमृतसर में बैसाखी पर्व पर मेला लगा हुआ था इसलिए मेले की भीड़ भी सुनने पहुंच गई। ब्रिटिश सरकार द्वारा आंदोलन को कुचलने के मकसद से प्लान तैयार किया गया। १३अप्रैल १९१९भारत के इतिहास की काली घटना के रूप में याद आती रहेगी। शान्ति पूर्वक प्रदर्शन में अंग्रेज ब्रिगेडियर जनरल रेजीनॉल्ड डायर पहुंच गया जिसने बिना किसी चेता. वनी के निहत्थे प्रदर्शनकारियो पर अंधाधुंध गोली चलाने का आदेश दिया। बाहर निकलने का रास्ता संकरा था जिससे सभी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। कई कुएं में भी कूद गए लेकिन फिघ्र भी जान बचाने पर नाकाम रहे। जलियांवाला बाग लाशों से पट गया। अमृतसर के कमिश्नर कार्यालय में 484शहीदों की सूची है, जबकि अनाधिकारिध आंकड़ों के अनुसार 1500से अधिक लोग मारे गए और 2000से अधिक घायल हुए। अमृतसर के तत्कालीन सिबिल सर्जन डाक्टर स्मिथ के अनुसार मरने वालों की संख्या 1800 से अधिक थी। जलियांवाला बाग में उस समय क्रांतिकारी उधम सिंह भी मौजूद थे उन्होंने डायर को मारने का संकल्प लिया और १३मार्च 1340को माइकल ओ डायर को लंदन में गोलियों से भून दिया। भागे नहीं यह कहते हुए गिरफ्तारी दी कि मैंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला ले लिया है। उधम सिंह जी को 31जुलाई 1940को पेंटन विले जेल में फांसी दे दी गई। 13अप्रैल 1919की घटना ने कई क्रान्तिकारियों को जन्म दिया। इस घटना को सुनकर बारह साल के क्रांतिकारी भगत सिंह १२मील अपने स्कूल से पैदल चलकर जलियांवाला बाग पहुंचे और वहां से खून से सनी मिट्टी से खुद का तिलक कर संकल्प लिया या तो मैं देश आजाद करा दूंगा या बलिदान हो जाऊंगा। इसी 13अप्रैल 1699 कोसिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविंद



सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की। इस खालसा पंथ की स्थापना के बाद गुरु जी ने क्रूर शासक औरंगजेब को पत्र भेजकर कहा कि मुगल शासन को नेस्तनाबूद करने के लिए खालसा पंथ बन गया है। गुरु गोविंद सिंह जी ने एक सभा बुलाकर उसमें कहा कि आपमें से कौन धर्म के लिए बलिदान दे सकता है वह एक एक कर परदे के पीछे ले गए और खून से सनी तलवार बाहर लाए इस तरह उन्होंने बाद में उन पांचों को जिंदा बाहर लाकर पंच प्यारे बनाए। गुरु जी ने केश, कड़ा, कृपाण , कच्छा , कड़ा को धारण करना बताया। १३ अप्रैल को बैसाखी मनाकर खुशियां भी मनाई जाती है। अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर निशा गुप्ता, संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, अंकित बार्ष्णेय, पंकज बार्ष्णेय, हिमांशु यादव, विकास यादव, आमिर खान, शमा, प्रियंका, सपना शिवानी, जन्नत, रितेश ,अली, हरी बाबू शर्मा ने विचार व्यक्त किए। मंजीत सिंह, राकेश कुमार, गुड्डी, रमेश, नत्थी देवी, गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।




## हज प्रशिक्षण कैंप का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** एफ०आर० रोड स्थित स्कूल वाली मस्जिद में हज प्रशिक्षण कैंप 2025 लगाया गया। जिसमें हज पर जाने वाले हाजियों को बाहर से आए मौलाना अब्दुल जलील साहब ने प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मौलाना ने बताया की किस तरीके से हज कमिटी आफ इंडिया की गाइडलाइन के मुताबिक हज करेंगे इससे हाजियों को ना तो हिंदुस्तान में कोई परेशानी होगी और ना ही हज के दौरान मौलाना अब्दुल जलील ने हाजियों को बताया किस तरीके से एहराम बांधकर हम लोग हज करेंगे और हज के कितने फर्ज हैं अगर एक फर्ज भी छूट जाता है। तो हज नहीं होगा किस तरीके से हम लोगों को सफर करना है। और सफर में किन-किन चीजों की जरूरत पड़ेगी वह चीज अपने साथ लेकर जाएं मक्का या मदीना पहुंचने के बाद किस तरीके से हमें हज के अरकान पूरे करने हैं इसको लेकर बयान दिया गया और करके दिखलाया हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने बताया की इस साल काफी लोग हज को जा रहे हैं किसी को कोई परेशानी न पहुंचे इसके लिए हर साल हज ट्रेंनिंग कैंप लगाया जाता है। सदस्य हाजी शाह आलम मंसूरी ने हज को जाने वाले यात्रियों का स्वागत करते हुए अच्छे और सही तरीके से हज मुकम्मल करने की कामना की। इस दौरान हाजी शाह आलम मंसूरी, मास्टर तारिक, अब्दुल वहाब गार्ड साहब बंटी भाई इकराम कुरैशी मुफ्ती मौलाना, ओवैस साहब, हाजी शफीक, सिद्दीकी, माजिद कुरैशी सगीर सैफी एडवोकेट, अफनान, सबूर, मोइस आदि लोगों ने हाजियों की खिदमत की।

# फौंदापुर में युवक की डंडों से पीटकर हत्या

## पिता को भी किया घायल, पूर्व प्रधान पति व भाई सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दो पक्षों में हुए विवाद में एक युवक की डंडो से पीट पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि उसके पिता को भी घायल कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की ओर से पूर्व प्रधान पति व उसके भाई समेत चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के वारसाबाद गांव निवासी पूर्व प्रधान पति राजवीर सिंह का मकान व दुकान गजरौला-खादगूजर मार्ग पर स्थित फोंदापुर गांव के निकट है। उसकी एक दुकान में शराब की दुकान भी है। ग्रामीण जहेन्द्र सिंह चौहान के मुताबिक शनिवार दोपहर में शराब की दुकान पर फौंदापुर व बारसाबाद निवासी कुछ युवकों में विवाद हो गया था। उस वक्त तो यह मामला रफा दफा हो गया था लेकिन शाम के वक्त उनका छोटा बेटा प्रशांत नगर में बाजार से कुछ सामान लेने आया था, तभी प्रशांत के साथ मारपीट की। प्रशांत ने इसकी जानकारी अपने परिवार वालों को दी और घटना में शामिल लोगों के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद प्रशांत का बड़ा भाई योगेश, उसके पिता



मृतक योगेश का फाइल फोटो

जहेंद्र व ताऊ नरेश बाइक से रात में थाने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से ही कार लेकर खड़े पूर्व प्रधान पति राजवीर सिंह ने खादगूजर मार्ग पर योगेश की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक से नरेश गिरकर घायल हो गए। यह देख योगेश ने बाइक



गजरौला। आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश करने ले जाती पुलिस।

दरियापुर मार्ग की तरफ मोड़ दी। कार सवार पूर्व प्रधान पति, उसके भाई व अन्य साथियों ने बाइक का पीछा किया तथा दरियापुर बुजुर्ग मार्ग पर टक्कर मारकर बाइक गिरा दी। इसके बाद आरोपियों ने डंडों से पीटकर योगेश व उसके पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहां हवाई फायरिंग भी की। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सक ने योगेश की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ अस्पताल ले जाते वक्त योगेश ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इस मामले में मृतक के पिता जहेंद्र की तहरीर पर पूर्व प्रधान पति राजवीर, उसके भाई मनोज व चार अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि दो पक्षों के बीच उधार की रकम को लेकर मारपीट हुई। एक युवक गंभीर रूप से घायल योगेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# बेटी से रुखसती पर थमीं पिता की सांसे

## गमगीन माहौल में दुल्हन की विदाई

**अमरोहा।** बेटी की रूखसती से कुछ लम्हे पूर्व पिता की हालत बिगड़ गयी। परिजन डाक्टर के पास लेकर दौड़े परन्तु तब उनकी सांसे थम चुकी थीं। गमगीन माहौल में बेटी को दुल्हे के साथ विदा किया गया। शहर के मोहल्ला नौगजा में 55 साल के कुतुब मलिक का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी की शादी पहले हो चुकी है। रविवार दोपहर को उनकी दूसरी बेटी की शादी थी। बारात बिजनौर जिले के शहर नहटौर से आई थी। शहर में बिजनौर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह था, निकाह हो चुका था, बाराती और मेहमान खाना खा रहे थे, इसके बाद दुल्हन की रूख्सती होनी थी कि अचानक पेशे से ठेकेदार



कुतुब मलिक की तबियत बिगड़ गई, परिवार के लोग फौरन ही अस्पताल लेकर दौड़े लेकिन तब तक कुतुब मलिक की मौत हो चुकी थी। इसके बाद बने मातमी माहौल के बीच आनन-फानन में बारात को दुल्हन के साथ रूख्सत कर दिया। परिवार में कोहराम मचा है। चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि की



मंडी धनौरा। हनुमान जन्मोत्सव के दौरान भजन प्रस्तुत करती महिला कलाकार।

### हनुमान जन्मोत्सव में जागरण में झूमे भक्त

# कीजो केसरी के लाल... मेरा छोटा सा ये काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** श्री बालाजी भक्त मंडल समिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव शनिवार की रात बालाजी के जागरण के साथ संपन्न हुआ। तीन अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों ने बाबा के चरणों में भजनों की अर्जी लगाकर श्रद्धालुओं को भक्ति में लीन कर दिया। भजन प्रवाहको ने भजन के माध्यम से माता पिता की सेवा का महत्व भी बताया।

रविवार की तड़के आरती के पश्चात छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव में सहयोग करने वाले सामाजिक लोगो को सम्मानित भी किया गया। बाबा की ज्योति जाग्रत करने का सौभाग्य पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को मिला। जागरण की शुरुआत गणपति बप्पा की वंदना से हुई। उत्तराखंड देहरादून से आए मयूर गुप्ता ने मां अंजनी के लाल थोड़ा ध्यान दीजिए, मीरा के घनश्याम जी मेरी रखोगे लाज, भजन सुनाया तो लोग झूमने लगे।हरियाणा फरीदाबाद की गीतू अरोड़ा ने रामायण की चौपाई, आसरे तुम्हारे बजरंगबली, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, वीर हनुमाना अति बलवाना, कीजो केसरी के लाल, इंसान सुना सुना गुरु ज्ञान के बिना, अंजनी मां के होए लाल बधाई सारे भक्ता न, भोले दी बरात चढ़ी गज वज दे। भजन प्रस्तुत किये तो लोग आनंदित होकर थिरकने लगे। दिल्ली से पहुंचे किशोर वर्मा ने मन मंदिर में सजे बिहारी, श्री राम की गली में तुम जाना, मेरा संकट कट गया रे, खुश होंगे हनुमान राम नाम लिए जा, दुनिया में देव हजारों हैं बजरंगी का क्या कहना, जी कर रहा है आप पे ये जान वार दूं, क्या उसको सजाओगे जो सबको सजाता है। भजन सुनाया तो श्रद्धालु झूमने लगे। बालाजी भक्त मंडल की और से अमरोहा चौयरपर्सन शशि जैन, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, भाजपा नेता विवेक सिंह, हीरा स्कूल के प्रबंधक कपिल अग्रवाल, बीएसडी एकेडमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल, समेत अन्य लोगो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजीव अग्रवाल, हितेश मांगलिक, शिवकुमार, अरविंद अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, नवीन वर्मा, राकेश अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, सिम्मी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, नीति अग्रवाल, शिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# देवर ने भाभी-भतीजी को किया घायल

**अमरोहा।** पारिवारिक विवाद में भाभी-भतीजी को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने देवर और उसके दो बेटों पर हमले का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान में कल्लूराम का परिवार रहता है। उनकी पत्नी फूलवती का आरोप है कि 10 अप्रैल को वह बेटी पूजा के साथ मोहल्ले में ही रहने वाले अपने देवर दौलतराम के घर गई थीं। बातचीत के दौरान दौलतराम ने अपने बेटे किशन और आकाश के साथ मिलकर अचानक हमला कर दिया। गाली-गलौज करते हुए तीनों ने बेरहमी से पिटाई की, चेहरे पर चोट लगने से पूजा गंभीर घायल हो गई। शोर सुनकर पहुंचे आस-पास के लोगों ने मां-बेटी को बचाया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मां-बेटे घायल

## वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में मां-बेटा घायल हो गए। दोनों की हालत गंभीर बनी है। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हादसा नौगावां सादात थाना क्षेत्र में गांव कमालपुर में एसआर इंटर कॉलेज के पास हुआ। मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव शेरपुर वसी निवासी हनीफ अहमद की पत्नी शकीला बीती आठ दिसंबर को बेटे साहिल को लेकर क्षेत्र के गांव मोहनपुर शुमाली में अपने भाई शकील अहमद के घर आई थीं। शाम में मां-बेटे बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। एसआर इंटर कॉलेज के सामने से गुजरते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई तथा शकीला और उनका बेटा साहिल गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, चिकित्सक ने साहिल की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के बीच दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली छात्रा से सिपाही ने रचाई शादी

## पीड़ित छात्रा की शिकायत पर दोषी पाए जाने पर सिपाही हुआ था निलम्बित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** शादी का झांसा देकर सिपाही ने छात्रा के साथ शारीरिक संबंध बना लिये परन्तु बाद में शादी से मुकर गया। शिकायत पर जांच सही पाये जाने के बाद सिपाही को निलम्बित कर दिया गया था। गर्दन फंसती देख सिपाही व उसके परिवार ने शादी की सहमति दे दी तथा बीती रात दुल्हन बनी छात्रा सिपाही पति के साथ विदा हो गयी।

जिला मथुरा निवासी एक सिपाही की तैनाती बीते साल सितंबर माह में डिडौली कोतवाली की जोया चौकी पर थी। उसी दौरान सिपाही का जोया रोड स्थित एक गांव की रहने वाली गैर संप्रदाय की छात्रा से इश्क परवान चढ़ा था। छात्रा कस्बा जोया में स्थित एक डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। रोजाना कॉलेज आते-जाते वक्त रास्ते में हुई मुलाकात के बाद दोनों ने अपना मोबाइल नंबर एक-दूसरे को दे दिया था। बातचीत का सिलसिला शुरू होने पर आगे बढ़ी प्रेम कहानी में प्रेमीयुगल ने आखिरी सांस तक एक-दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाकर शादी करने का भी वादा किया था। इतना ही नहीं सिपाही ने वादा किया था कि वह धर्म परिवर्तन करने के बाद छात्रा के संप्रदाय से जुड़ी रस्मों को अपनाते हुए उसके साथ शादी करेगा। लेकिन, इसी दौरान सिपाही अपने वादे से पीछे हट गया था लिहाजा उसकी बेवफाई से आहत छात्रा ने डिडौली कोतवाली पहुंचकर तहरीर दे दी थी। सिपाही पर शादी का वादा कर दुष्कर्म करने का संगीन आरोप लगाया था। मामले में तत्कालीन एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने जांच में दोषी पाए गए सिपाही को निलंबित कर दिया था। वहीं, इस बात को भनक लगते ही सिपाही के परिजन अमरोहा आ गए थे। छात्रा के परिजनों से बात. चीत कर उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई रुकवा दी थी। फिर दोनों परिवारों के बीच शादी को लेकर आपस में सहमति बन गई थी। इसके बाद में प्रेमीयुगल की मंगनी भी हो गई थी। फिलवक्त इश्कबाज सिपाही की तैनाती पुलिस लाइन में चल रही है। इसी बीच शुक्रवार को कस्बा जोया से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुप पर शादी का एक कार्ड बड़ी तेजी से वायरल हुआ जो सिपाही पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली छात्रा और उसके भाई की शादी का था। जिसमें 13 अप्रैल को छात्रा की बारात आने संग उसकी विदाई का जिक्र था लेकिन कार्ड में सिपाही और उसके पिता का नाम बदला हुआ था जबकि पता सिर्फ अमरोहा जिला लिखा था। चर्चाओं के मुता. बिक शनिवार रात में परिजनों को साथ लेकर गांव पहुंचे सिपाही संग छात्रा का निकाह कराया गया, इसके बाद रविवार दोपहर में बारात, दावत व शादी से जुड़ीं अन्य जरूरी रस्मों को पूरा करने के बाद दुल्हन बनी छात्रा को विदा कर दिया गया। हर किसी की जुबां पर इस शादी के साथ सितंबर माह से जुड़े घटनाक्रम का जिक्र रहा।

# प्रेमी के साथ फोटो देख मंगेतर ने तोड़ा रिश्ता

## पंचायत में निपटाया मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक गांव में अजीब मामला सामने आया है। एक युवक ने अपनी प्रेमिका के साथ खिंचवाई गई फोटो उसके मंगे. तर को भेज दिया। इसके बाद मंगेतर ने फोन कर प्रेमिका से शादी करने से भी इंकार कर दिया।

जिस प्रेमिका से युवक ने मोहब्बत की वह उसे इतनी बड़ी बदनामी दे देगा उसने शायद सपने में भी नहीं सोचा था। लेकिन मोहब्बत के नाम पर गुमराह करने वाले प्रेमी अक्सर युवती को बदनामी की दलदल में धकेल देते हैं। जब प्रेमिका के घर वालों ने गांव के लोगों से इसकी शिकायत की तो गांव के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में गांव में ही पंचायत बुलाई गई। पंचायत में प्रेमी को अपनी गलती मानते हुए माफी मांग. नी पड़ी। इसके बाद दोनों पक्षों की सहमति से मामले को निपटा दिया गया।मनौटा चौकी इंचार्ज का कहना है कि यह मामला उनकी जानकारी में नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कोई लिखित शिकायत मिलेगी तो जांच की जायेगी। फिलहाल यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# गैस लीक होने से घर में रखा सिलेंडर फटा

## गृहस्वामी का बेटा गंभीर रूप से झुलसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में रखे सिलेंडर में लीकेज होने के बाद आग लग गई। देखते ही देखते पूरे घर में फैली आग ने सारा सामान अपनी चपेट में ले लिया। इसी दौरान तेज धमाके के साथ सिलेंडर फटने से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। अग्निकांड में गृहस्वामी का बेटा झुलस गया। पुलिस व दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रुपयों का नुकसान बताया जा रहा है।

घटना शहर के मोहल्ला छेवड़ा की है। यहां पर नरेश कुमार का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी व बेटा कपिल कुमार हैं। रविवार दोपहर नरेश कुमार किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। उनकी पत्नी भी पड़ोस में बैठी थीं। घर में बेटा कपिल अकेला था। बताया जा रहा है कि अचानक घर में रखे सिलेंडर में आग लग गई। लपटों की चपेट में आकर कपिल झुलस गया। आग को बेकाबू होते देख वह शोर मचाता हुआ घर से बाहर निकला। इसी दौरान आग ने घर में रखे घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों की भीड़ जमा हो गई। कपिल ने बताया कि वह गैस चूल्हा जलाने गया था लेकिन सिलेंडर में लीकेज होने की वजह से आग लग गई। अफरातफरी के बीच लोग आग बुझाने की कोशिश में जुटे थे कि अचानक तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। जिसकी आवाज से लोग सहम गए, भगदड़ मच गई। धमाके से घर का सारा सामान जल गया, दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल टीम मौके पर पहुंची, स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घायल कपिल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने गैस सिलेंडर में लीकेज होने से आग लगने की बात कही।

# मनरेगा में धांधली कर रहा रोजगार सेवक

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ग्रामीणों ने ग्राम रोजगार सेवक पर मनरेगा में धांधली का आरोप लगाते कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर मुस्तकम के ग्रामीण रविवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा। उनका आरोप है कि रोजगार सेवक मनोज पुत्र रामपाल ने अपने परिजनों व परिचितों के जॉबकार्ड बनवा रखे हैं। इतना ही नहीं उनका पैसा भी अपने भाई के खाते में मंगवाता है। प्रमोद, जसवंत, राजवीर सिंह पुत्र हुकम सिंह सफाई कर्मी हैं, रिंकू पुत्र ब्रहम सिंह, अंकुर यादव दूध की डेयरी चलाते हैं। ग्राम प्रधान पद पर कमला देवी निर्वाचित है लेकिन हस्ताक्षर बिट्टू यादव द्वारा किये जाते हैं। ग्रामीणों के पशु शेड नहीं बने हैं। जबकि रिकार्ड में इन्हें बना हुआ दर्शाया गया है। पूर्व में ग्राम विकास अधिकारी जांच के लिए गये तो रजिस्टर सन 2017 से अधूरा मिला। इतना ही नहीं रोजगार सेवक ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, तीनों मनरेगा में जमकर धांधली कर रहे हैं। इनकी जांच कराकर कार्रवाई की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में जयविन्द्र सिंह, मुनिदेव, प्रदीप कुमार, ऋषिपाल सिंह, विरेन्द्र सिंह, जयविन्द्र सिंह, रवि शामिल रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने जाते गांव शेरपुर मुस्तकम के ग्रामीण।



अमरोहा। जवाहर नवोदय विद्यालय में होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते सांसद कवंर सिंह तंवर।

# बिना शिक्षा के नहीं होगा विकासः तंवर

## जवाहर नवोदय विद्यालय को दस लाख देंगे सांसद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि शिक्षा वह अस्त्र है जिससे विकास के द्वार खुलते हैं। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए, तभी सफलता हाथ लगेगी। गांव बसेड़ा तगा में स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सांसद कंवर सिंह तंवर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। परिजनों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करें ताकि वह आगे चलकर उनका नाम रौशन कर सकें। उन्होंने कहा कि अशिक्षित मनुष्य पशु के समान है तथा वह समाज में कभी तरक्की नहीं कर सकता। इस दौरान सांसद ने विद्यालय को एक जनरेटर, पांच हाईमास्ट सोलर लाइट, प्रार्थना सभागार निर्माण के लिए दस लाख रूपये देने की घोषणा की। जबकि मेधावियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हीरा सिंह जीना, राकेश कुमार, कैलाश त्यागी, शरद त्यागी, भागेश त्यागी, सुरेन्द्र चिकारा, अखिलेश त्यागी, महेश कुमार, दीपक कुमार, हरवीर सिंह, मोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# बाइक-टैम्पो की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पेट्रोल पंप के निकट टेंपो एवं बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार सहित पांच लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान दो घायलों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मुरादाबाद निवासी जुल्फिकार अपने परिवार के साथ हसनपुर में अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में भाग लेने आया हुआ था। रविवार को शादी समारोह के बाद वह अपने परिवार के साथ टेंपो से वापस जा रहा था। उनका टेंपो नगर के अतरासी मार्ग स्थित ग्राम रझौहा के पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तो सामने से आ रहे बाइक सवार ग्राम अहरोला तेजवंत निवासी विकास पुत्र टीकाराम की बाइक से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार विकास एवं टेंपो सवार भानु पत्नी ताजुद्दीन, महक पत्नी अफसर, उबेद पुत्र जुल्फिकार एवं अरशद पुत्र जुल्फिकार घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान विकास एवं वाहनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया

# मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े जमकर हुआ पथराव ,ग्रामीणों में दहशत

**पुलिस की ढिलाई से गांव में हुआ खूनी संघर्ष,एक दिन पूर्व पुलिस ने समझौता कराकर दोनों पक्ष भेज दिए थे घर**

**अजीत कुमार ,शाह टाइम्स**



**कुंवर गांव ।** थाना क्षेत्र के गांव दुगरैया में एक बार फिर दोनो पक्ष आमने सामने आ गए और रविवार सुबह दोनों पक्षों में जमकर पथराव और खूनी संघर्ष हुआ जिसके बाद कई राउंड हवाई फायरिंग की गई जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई ।

एक पक्ष की तीन महिलाएं घायल हुई है जिनको पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है जिन्हें मुकदमा लिखकर जेल भेजा जाएगा। शनिवार शाम दुगरैया निवासी शाहनवाज का गांव के ही रिफाकत अली पक्ष से गली में मोटरसाइकिल निकालने को लेकर झगड़ा हो गया था सूचना पर डायल 112 पुलिस व थाना पुलिस पहुंची थी जिसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया ।जब दोनों पक्ष थाने पहुंचे तो दोनों पक्ष के दो लोगों को हवालात में बंद कर दिया गया ।जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर फैसला कराने के बाद थाने से छोड़ दिया।

जहां रविवार सुबह दोनों पक्ष एक बार फिर आमने सामने आ गए और जमकर पथराव हुआ शहनवाज के घर की महिलाओं पर दूसरे पक्ष ने जमकर ईंट पत्थर बरसाए और शहनवाज की बहिन नाजिया को लोगों ने पकड़ लिया और लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पथराव में खुशनसीब, और साजिया भी घायल हो गई । पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है । गांव में दहशत का माहौल है पुलिस बल तैनात है ।

घटना के दो वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हो रहें है जिसमें एक वीडियो में रिफाकत अली पक्ष की तरफ दर्जनों की संख्या लोग हांथ में लाठी डंडे लेकर महिलाओं को पीटते नजर आ रहे हैं वहीं दूसरे वीडियो में शहनवाज पक्ष की तरफ से एक युवक हांथ में तमंचा लेकर फायरिंग करता नजर आ रहा है पूरी घटना से गांव के लोग सहम गए हैं । गांव में दहशत का माहौल है। हल्का दरोगा की भूमिका पर उठ रहे सवाल ग्रामीण बोले अगर पुलिस मामूली विवाद को गंभीरता से लेती और बिना कार्यवाही थाने से दोनों पक्षों को न छोड़ती तो शायद फायरिंग और पथराव न होता ग्रामीणों का कहना है शनिवार शाम को पुलिस ने थाने से बिना कार्यवाही के दोनों पक्षों को छोड़ दिया था जिसके बाद रविवार सुबह दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया ।। इस संबंध में इंस्पेक्टर अरविंद कुमार का कहना है कि दुगरैया में दो पक्षों में झगड़ा हुआ है जिसमें दो लोगों को हिरासत में लिया है मुक. दमा लिखकर जेल भेजा जाएगा ।

# नाली विवाद की शिकायत करने गई महिला के पति को आरोपियों ने पुलिस चौकी के अंदर जमकर पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी थाना सिविल लाइन की पुलिस चौकी शहीद भगत सिंह के गाँव खेड़ा बुजुर्ग निवासी पारुल ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 11 अप्रैल को सुबह आठ बजे मोहल्ले के धीरज उर्फ लालू ने अपनी पत्नी व परिवार के लोगों के साथ नाली पर लगे लोहे के जाल का मुद्दा बनाकर गंदी गंदी गालियाँ दे रहा रहा जिसका पारुल ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा पास मे माता रानी का मंदिर है जिसके पास से नाली गुजरती हा जिसमें लोग मांस हड्डि या कूड़ा आदि डाल देते थे जिसकी बजह से पारुल ने नाली पर जाल लगवा दिया धीरज उर्फ लालू इसी बात को लेकर मोहल्ले के लोगों को भड़काकर मेरे परिवार पर झूठे मुकदममें और हरिजन एक्ट के मुकदममें लगवाने का प्रयास कराता है वहीं पारुल दलित समाज से कुर्मी समाज मे गोलू के साथ प्रेम विवहा के कारण भी नाराज रहता है जिसकी मंशा मेरी प्रतिस्ठा जाटव समाज से खत्म कर देना है लालू आये दिन मेरे ससुराल बालों को परेशान करता है और वह दलित नेता होने का नाजयज फायदा उठाता है जिसकी शिकायत कई बार पुलिस चौकी पर की पर कोई कार्यबाही नहीं हुई जिस पर रविवार को शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों द्वारा मेरे पति गोलू जेठ विपिन को बुलाया गया वहाँ पर पहले से लल्लू उर्फ धीरज ,जीतू,प्रेमशंकर,राजपाल मौजूद थे जिन्होंने मेरे पति को पुलिस की मौजूदगी मे पारुल के पति गोलू के साथ मारपीट कदर दी और पुलिस देखती रही मामला जैसे तैसे शान्त हुआ जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया महिला की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है दोनों पक्षों को बुलवाया गया है पुलिस चौकी पर पुलिस मौजूदगी में पिटाई करने के मामले की जांच कराई जा रही है।

## बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री सुंदर कांड आयोजन समिति द्वारा नगर की अग्रवाल धर्मशाला में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। सर्वप्रथम आचार्य कृष्णा शर्मा द्वारा बालाजी महराज का पूजन कराया गया। रामप्रकाश गुप्ता रामजी तथा अनुज शर्मा द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके उपरांत बजरंग बाण तथा हनुमानाष्टक का पाठ किया गया। रामप्रकाश राम जी ने हनुमान जी के भजनों पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। उपस्थित भक्तों ने तालियों के साथ राम नाम संकीर्तन का आनंद लिया। महोत्सव में गुधनी स्थित बलदेव धाम के पीठाधीश्वर ललितेश्वरानंद जी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रामप्रकाश गुप्ता रामजी, अनुज शर्मा, मनोज अग्रवाल लल्लन, जतिन अग्रवाल, अनन अग्रवाल, सभासद शिवशंकर रस्तोगी, जोगेंद्र साहनी, दुर्गेश वार्ष्णेय, अशोक वार्ष्णेय, युवराज भदौरिया, मनोज टाटा, लव गुप्ता, कुश गुप्ता, विवेक मौर्य, विकास गुप्ता बब्बू,अजय गुप्ता बॉबी, भुवनेश गुप्ता, धर्मपाल आनन्द, मितांश पाराशरी, ऋषभ पाराशरी, दीपक अग्रवाल, अनूप शर्मा, रजत साहनी, रजत शर्मा, पवन शर्मा, भविष्य रस्तोगी, दक्ष पाराशरी, उज्ज्वल वार्ष्णेय, साहू सावेंद्र, नैतिक, शशिकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## श्री हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**सुंदर-सुंदर झांकियां रही आकर्षण का केंद्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बीते शनिवार को नगर के अग्रवाल धर्मशाला में श्री हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

तत्पश्चात आज रविवार को श्री हनुमत जन्मोत्सव के उपलक्ष में कस्बा बिसौली में श्री अग्रवाल धर्मशाला से भगवान श्री हनुमान शोभायात्रा सुंदर एवं मनमो. हक झांकियां तथा बैंड बाजों के साथ निकाली गई।

जिसका शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय व नवागत बिसौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह एवं सुंदरकांड पाठ समिति के सदस्यों ने विधिवत पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया शोभायात्रा नगर के अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर हाईवे पर होते हुए कस्बा पुलिस चौकी,बुध बाजार, बीच का कुआं, सराय मोहल्ला,होते हुए ।पुनः अपने स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई इसी दौरान जगह-जगह नगर वासियों ने शोभा यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की वहीं दर्शकों की माने तो शोभा यात्रा में मौजूद सुंदर एवं मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं वहीं शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से बिसौली कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह व कस्बा चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार, व भारी पुलिसबल मौजूद रहा वहीं शोभा यात्रा देखने के लिए नगर वासियों की भारी भीड़ उमड़ी।

## सीएचसी रुदायन को मिली दो नई एंबुलेंस



**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन ।** रुदायन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और आकस्मिक मरीजों को अविलंब अस्पताल तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दो और नई एंबुलेंस मिली है, एंबुलेंस का एक छोटी कन्या से पूजन करा कर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ नवनीत सिंह ने फीता काटकर रवाना किया। बता दे कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी दो नई एंबुलेंस दी गई है। नगर में शनिवार को सीएचसी केंद्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. नवनीत सिंह, मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव चौहान, अश्वनी सक्सेना, अशोक शर्मा, राजाराम,भगवान दास , राकेश, नारायण, विश्वपाल यादव, रचना वर्मा,गीता पुंडीर आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## शोक सभा आयोजित कर संजय अग्रवाल को दी गई श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय दानदाता परिवार के स्व. संजय अग्रवाल को राम गुलाम मंदिर में आयोजित शोकसभा में उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। सभा में लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में राजकुमार अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल ष्पुत्रष, अक्षय अग्रवाल, केशव अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, विनय प्रकाश अग्रवाल, के.के. गुप्ता, कृष्णाकांत अग्रवाल, अतुल गुप्ता, विष्णुकांत अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, एड. सुरेन्द्र अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दुर्गेश वार्ष्णेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित पाठक आदि मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ सुंदरकांड का पाठ



**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।

शनिवार को श्री दुर्गा देवी मन्दिर और श्री ब्रह्मदेव मन्दिर पर सांय 7 बजे से सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। 12 अप्रैल शनिवार को दो कार्यक्रमों का आयोजन दो अलग-अलग स्थलों पर किया गया। श्री हनुमान जी महाराज का चोला व श्रृंगार किया,आकर्षक झांकियां, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर भजन आरती करके रात्रि 9 बजे से प्रसाद वितरण हुआ।

इस मौके पर कमल गुप्ता, दीपक गुप्ता, सोहित गुप्ता, रवि गुप्ता, संजीव गुप्ता, कुन्नू, प्रदीप, गोलू आदि समस्त लोग मौजूद रहे।

## चकबंदी प्रक्रिया के दौरान भ्रष्टाचार



**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** बिल्सी क्षेत्र के ग्राम पिन्डौल में दौरान चकबंदी हुई व्यापक अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार से छुब्ध होकर ग्रामवासियों ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व स्थानीय अधिवक्ताओं के साथ प्राइमरी पाठशाला पिन्डोल पर विधिक सलाह एवं अनियमितताओं पर विचार विमर्श कर मौका मुआना किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के जनहित याचिका के अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पाठक,सूर्य प्रकाश पाठक,प्रवीण पाठक, मिथलेश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## शिव मंदिर नेकपुर धर्मशाला में पाल समाज की बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 31 मई को आयोजित होने वाली लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती की शोभायात्रा की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें पाल बघेल धनगर समाज कमेटी का गठंन किया गया।जिससे 31 मई, 2025 को मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा को भव्य बनाया जा सके । शोभा यात्रा का रूट चार्ट भी अवगत कराया गया । शोभा यात्रा में पड़ने वाले महत्वपूर्ण जगहों पर स्वागत हेतु जिम्मेदारियां भी दी गई । स्वजातीय कार्यक्रम होने के नाते वरिष्ठ पदाधिकादियों ने बैठक अपना सुझाव रखे।वैठक में ज्ञान सिंह पाल ने सुझाव रखते हुए उन्होंने कहा समाज में फैली करीतियों को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने समाज के नेता बनाने के लिए आवाहन किया।समस्त समाज को एकजुट होकर सफल वनाने का संदेश दिया। वैठक में योगेन्द्र पाल (पूर्व एसोसेशन बार अध्यक्ष) ज्ञान सिंह पाल ,भगवान स्वरूप ,नरेन्द्र मोहन ,अनेकपाल पाल ,टीटू पाल ,मोदप्रकाश पाल ,मनोज पाल , राजेश पाल ,जयगोपाल ,वदनसिंह पाल एडवोकेट ,मोरपाल ,सुनील पाल ,वीरपाल सिंह पाल ,सतेन्द्र पाल एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## राम खिलाड़ी सिंह अखिल भारतीय हिंदू महासभा त्रिदंडी के मंडल अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा त्रिदंडी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार सिंह ने उघैती थाना क्षेत्र के गांव खितौरा निवासी ठाकुर रामखिलाड़ी को महासभा का बरेली मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। मंडल अध्यक्ष बनने पर रामखिलाड़ी को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।रामखिलाड़ी सिंह ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है। उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

## एक नजर

### राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव राव आंबेडकर जी के जन्म दिवस 14 अप्रैल 2025 को भीमराव आंबेडकर जयन्ती राजकीय सम्मान के साथ



धूमधाम से मनाई जाएगी। जनपद में स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा के साथ-साथ अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं समस्त पार्को की साफ-सफाई व स्वच्छता अभियान रविवार को आयोजित किया गया। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय व अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने देते हुए बताया कि यह अभियान डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती को मनाने के लिए जनपद को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनपद को स्वच्छ बनाना और डॉ आंबेडकर के विचारों को व्यवहार में लाना है। बाबा साहब की जयन्ती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया जायेगा तथा विभिन्न कार्यक्रमों को धूमधाम से आयोजित कर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा। उन्होंने बताया कि डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती हर साल 14 अप्रैल को मनाई जाती है। यह दिन भारत में समानता, सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए उनके योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। डॉ0 आंबेडकर ने हमेशा स्वच्छता और सामाजिक न्याय पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने एवं भारत के संविधान निर्माण में भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव राव आंबेडकर जी का अतुलनीय योगदान है।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

## रजनेश बने तहसील अध्यक्ष बिसौली सोनपाल कश्यप ब्लॉक अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) गुट ने किया संगठन का किया विस्तार जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने रजनेश उपाध्याय पुत्र श्री चिन्तामन उपाध्याय ग्राम बहेटरा ब्लॉक वजीर गंज निवासी को बिसौली तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है वही सोहनपाल कश्यप पुत्र भगवान कश्यप ग्राम बेहटरा को ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज प्रशांत तिवारी पुत्र दुजेंद्र तिवारी ग्राम बेहटरा निवासी को ब्लॉक उपाध्यक्ष वजीरगंज नियुक्त किया नूरुद्दीन पुत्र नूर मोहम्मद निवासी नई सराय को नगर उपाध्यक्ष सदर को जिम्मेदारी सौंपी है। वही जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा की हमें पुर्ण आशा है सभी कार्यकर्ता मेहनत ईमानदारी लगन से किसान हित और मजदूर गरीबों की आवाज को दबने नही देंगे कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे व भाकियू (चढूनी) के संविधान के तहत कार्य करेंगे। नवयुक्त हुए सभी कार्यकर्ताओ का (चढूंनी) परिवार में स्वागत है। चेतावनी है की 3 महीने के अंदर कार्यकारी पूरी नहीं की तो निरस्त माना जायेगा। इस अवसर पर बदायूँ जिला मीडिय प्रभारी बीयीशु दास, अजय सैनी, शरीफ अब्बासी नगर अध्यक्ष, सुरेश गुप्ता जी , इरशाद खान, लालाराम पंडित, सत्येंद्र यादव, राशिद अब्बासी, महेंद्र पाल, आसिम उमर,अकील खान आदि लोग मौजूद रहे।

## 25 अप्रैल तक कार्डधारकों को होगा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आवंटित आवश्यक वस्तुयें (गेहूँ,चावल एवं बाजरा) का निःशुल्क वितरण पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में 11 से 25 अप्रैल 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने इस सम्बंध में आवश्यक वस्तुओं के उठान एवं वितरण हेतु कार्यवाहियॉ किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये है। उन्होंने बताया कि आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को माह फरवरी व मार्च 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर उपलब्ध अवशेष बाजरा की मात्रा को सम्मिलत करते हुये प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूॅ, 16 कि0ग्रा0 चावल एवं 05 किलो बाजरा (उपलब्धतानुसार) (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं बाजरा को मिलाकर वितरण स्केल को यथवात (21 कि0ग्रा0 प्रति कार्ड) रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि आच्छादित पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह फरवरी व मार्च 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर उपलब्ध अवशेष बाजरा की मात्रा को सम्मिलत करते हुए बाजरा का वितरण कराया जाना है। जनपद में 01 कि0ग्रा0 बाजरा प्रति यूनिट (उपलब्धतानुसार) चावल के स्थान पर वितरित किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं बाजरा को मिलाकर वितरण स्केल 03 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट तथा गेहूॅ का वितरण स्केल 02 किलो प्रति यूनिट रखा जायेगा।

# नाधा में निर्माण नहीं ,भ्रष्टाचार की दीवारें हो रही है खड़ी

**बदायूं।** बदायूं जिले के सहसवान नाधा-इस्लामनगर नगर मार्ग पर चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य ने एक बार फिर निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क निर्माण की बुनियादी शर्तों को ताक पर रखकर ठेकेदार ने बिना बेस कोट डाले सीधे सीसी डाल दी। तकनीकी मानकों की इस खुली अनदेखी को देखकर स्थानीय जनता का आक्रोश भी चरम पर है। यह कार्य सहसवान विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और इस कार्य की गुणवत्ता पर पहले भी सवाल उठाए जा चुके हैं। क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश यादव द्वारा इसकी शिकायत पर, दिनांक 11 अप्रैल 2025 को पुनः जांच के आदेश जारी हुए। इसके तहत तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन भी किया गया है, जिसमें रवि कुमार यादव,पुष्पेन्द्र कुमार और रामगोपाल गौतम को सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्हें 3 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह जांच वास्तव में दोषियों को बेनकाब कर पाएगी? जब इंजीनियर और ठेकेदार के बीच का रिश्ता "कमिशन" से आगे बढ़कर "हिस्सेदारी" में तब्दील हो चुका हो, तो निष्पक्षता की उम्मीद करना भी बेमानी है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आंख मूंदे रहते हैं और जेई (जूनियर इंजीनियर) के कथित "पार्टनरशिप" के चलते निर्माण कार्य जनता के हित की बजाय ठेकेदार की जेब भरने का जरिया बनते जा रहे हैं। जनता का पैसा, टैक्स की गाढ़ी कमाई, अगर इस तरह के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहा, तो सवाल उठाना और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी हो जाता है। अब देखना यह है कि क्या यह जांच मात्र कागजों में सिमट कर रह जाएगी या वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई होगी। लेकिन इतना तय है कि अगर सिस्टम के पहिए ऐसे ही घूमते रहे, तो न सड़क टिकेगी, न भरोसा। की"नाधा में निर्माण नहीं, भ्रष्टाचार की दीवारें खड़ी हो रही हैं" बदायूं जिले के सहसवान नाधा-इस्लामनगर नगर मार्ग पर चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य ने एक बार फिर निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क निर्माण की बुनियादी शर्तों को ताक पर रखकर ठेकेदार ने बिना बेस कोट डाले सीधे सीसी डाल दी। तकनीकी मानकों की इस खुली अनदेखी को देखकर स्थानीय जनता का आक्रोश भी चरम पर है। यह कार्य सहसवान विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और इस कार्य की गुणवत्ता पर पहले भी सवाल उठाए जा चुके हैं। क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश यादव द्वारा इसकी शिकायत पर, दिनांक 11 अप्रैल 2025 को पुनः जांच के आदेश जारी हुए। इसके तहत तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन भी किया गया है, जिसमें रवि कुमार यादव,पुष्पेन्द्र कुमार और रामगोपाल गौतम को सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्हें 3 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह जांच वास्तव में दोषियों को बेनकाब कर पाएगी? जब इंजीनियर और ठेकेदार के बीच का रिश्ता "कमिशन" से आगे बढ़कर "हिस्सेदारी" में तब्दील हो चुका हो, तो निष्पक्षता की उम्मीद करना भी बेमानी है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आंख मूंदे रहते हैं और जेई (जूनियर इंजीनियर) के कथित "पार्टनरशिप" के चलते निर्माण कार्य जनता के हित की बजाय ठेकेदार की जेब भरने का जरिया बनते जा रहे हैं। जनता का पैसा, टैक्स की गाढ़ी कमाई, अगर इस तरह के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहा, तो सवाल उठाना और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी हो जाता है। अब देखना यह है कि क्या यह जांच मात्र कागजों में सिमट कर रह जाएगी या वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई होगी। लेकिन इतना तय है कि अगर सिस्टम के पहिए ऐसे ही घूमते रहे, तो न सड़क टिकेगी, न भरोसा। दीवारें खड़ी हो रही हैं" बदायूं जिले के सहसवान नाधा-इस्लामनगर नगर मार्ग पर चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य ने एक बार फिर निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

## जिला कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ संगठन में काम करने हेतु कांग्रेसियों का हार्दिक स्वागत है: वीरेश तोमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 13 अप्रैल 2025 आज कांग्रेस कार्यालय परशुराम चौक पर कांग्रेस सहका. रिता प्रकोष्ठ संगठन में कार्य करने, एवं गठन करने हेतु कांग्रेस जनों की एक बैठक सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वीरेश तोमर ने बुलाई। उपस्थित कांग्रेस जनों से वार्ता कर संगठन की रूपरेखा तय की गई उपस्थित कांग्रेस जनों से बात करते हुए वीरेश तोमर ने कहा कि पहले 30 सदस्यीय जिले की कमेटी गठन की जाएगी जिसमें 3 उपाध्यक्ष 6 महासचिव 6 संगठन सचिव और 15 सचिव मनोनीत किए जाएंगे जिसमें महासचिव,संगठन सचिव के लिए प्रत्येक विधानसभा का प्रभारी बनाया जाएगा। तदुपरांत इन प्रभारीयो की मदद से जल्द से जल्द जनपद की 15 ब्लाकों पर सहकारिता ब्लॉक कांग्रेस का गठन होगा, प्रत्येक ब्लॉक पर सहकारिता प्रकोष्ठ का एक जिला सचिव का प्रभार रहेगा जो की ब्लॉक सहकारिता कमेटी गठन कराएगा। उसके उपरांत इन पदाधिकारीयों की एक बैठक लेने के बाद संगठन को न्याय पंचायत स्तर तक गठित किया जाएगा। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने विश्वास दिलाया कि जहां भी मेरी आवश्यकता होगी



मैं संगठन में आपके लिए मदद करने के लिए तैयार हूं।बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव वीरपाल यादव पूर्व सचिव अवधेश श्रीवास्तव ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सलारपुर के पूर्व अध्यक्ष मोरध्वज राजपूत न्याय पंचायत अध्यक्ष विरासत अली, प्रमोद कुमार ,नरेंद्र सिंह, जुबेर अहमद नसीमुद्दीन ,आदि कार्यकर्ता पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुस्लिमों ने ली रालोद की सदस्यता

## डॉ. नीरज चौधरी के नेतृत्व में बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में राष्ट्रीय लोकदल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता नईम अंसारी ने की एवं संचालन वीरेंद्र सिंह राष्ट्रीय लोकदल ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि डॉ. नीरज चौधरी एमडी रहे।

डॉ. नीरज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल एक ऐसी पार्टी है, जो हर वर्ग की आवाज बनकर कार्य कर रही है। हमारे नेता चौधरी जयंत सिंह ने लोकसभा और राज्यसभा में हर समुदाय के हितों को मजबूती से उठाया है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सबका कर्तव्य है कि जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करें और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल को अपना समर्थन दें।

इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने समाजवादी तथा बसपा पार्टी छोड़कर चौधरी जयंत सिंह की कार्यप्रणाली एवं सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की नीति में आस्था रखते हुए राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की और चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य वक्ताओं में हाजी तैमूर अहमद, हाजी सलामुद्दीन, हाजी शाहिद, सलीम भाई, जिला पंचायत सदस्य लुधियाना सिंह (किसान नेता), जिला पंचायत सदस्य सफीक अंसारी, हुकुम सिंह जाटव रहे। बैठक में दयाराम सिंह जाटव, प्रमोद सिंह जाटव, अफजलपुर अहमद, नौशाद अंसारी, मौलाना सलाउद्दीन, रिजवान मुर्तजा, जाकिर हुसैन, नदीम अहमद, तेजवीर सिंह प्रधान, सत्येंद्र सिंह प्रधान, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश चौधरी (पूर्व प्रधान), कुंदन सिंह, असलम रजा, फैजान अली, महबूब आलम, आमिर, युसुफ कुरैशी, साजिद नसीम, नईमुद्दीन खान, ताहिर जमाल, सलीमुद्दीन रजा, शहजाद अहमद, नसीर अंसारी, फैयाज मौहम्मद, इरशाद काजमी, मुश्ताक अहमद, राशिद खान, हसीब उस्मानी, मोहसिन इम्तियाज, अनीस अख्तर, काशिफ इकबाल और तनवीर रहमान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

बैठक में पहुंचने पर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी बिजनौर विधानसभा डॉ. नीरज चौधरी का क्षेत्र के मुस्लिम समाज के लोगों ने फूलों की मालाओं से बढ़-चढ़कर जोरदार स्वागत किया और उनके साथ में रहते हुए लोकदल की सदस्यता ली। गौरतलब है कि डॉक्टर नीरज चौधरी हार्ट स्पेस्लिस्ट है और चांदपुर के ग्राम इस्माइलपुर के मूल निवासी है। वह बिजनौर जिले के लोगों की सेवा में भी सदैव तत्पर रहते हैं।

# आतिफ कर रहे पक्षियों की दाने और पानी से सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** अप्रैल के आरंभ होते हैं गर्मी चरम सीमा पर पहुंचना शुरू हो गई है। इस प्रकार से चिलचिलाती गर्मी में पक्षी और पशु दाने पानी के लिए परेशान होने शुरू हो जाते हैं। यदि हम सब निस्वार्थ और बिना भेदभाव के नेक काम काम करते है। इससे हमारे मन को सुकून मिलता है। यह केवल बड़े लोगों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि बच्चे भी इसे आसानी के साथ कर सकते हैं।

इसी क्रम में मोहल्ला कानूनगोयान निवासी मास्टर इरफान अहमद के बेटे आतिफ इरफान ने तेज धूप को देखकर पक्षियों के लिए अपनी छत पर दाने और पानी की व्यवस्था की। उसने कहा जिस प्रकार से हमें गर्मी में ज्यादा प्यास लगती है, उसी प्रकार से प्रकार से सभी बेजुबान पशु और पक्षियों को भी प्यास लगती होगी। इसीलिए हमें जिस स्तर से भी हो उनकी इस गर्मी में उनकी सहायता करनी चाहिए। क्योंकि ये बेजुबान होते हैं और हम तो पानी अपने आप ले सकते हैं लेकिन यह किसी से नहीं मांग सकते। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है की सभी बच्चे और बड़े अपनी छत पर दाने और पानी की कम से कम दोपहर के वक्त में जरूर व्यवस्था करें। बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा एक बहुत बड़ा नेक काम है।

## एक नजर

### शम्शुद्दीन बने जिला महासचिव



**बिजनौर।** भारतीय युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ठाकुर गौतम सिसौदिया ने बिजनौर के मौहल्ला काजीपाड़ा में जुलाहान निवासी युवा नेता शम्शुद्दीन सिद्दीकी को जिला महासचिव नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में शम्शुद्दीन सिद्दीकी से उम्मीद की गई है कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निष्ठा व लगन से कार्य करेंगे।

### संजय कुमार बने चांदपुर थानाध्यक्ष



**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिले में कानून व्यवस्था को और दुरुस्त बनाने के लिए कुछ थानाध्यक्ष के कार्य क्षेत्रों में परिवर्तन किया है। अपने आदेश में पुलिस कप्तान ने चांदपुर थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा को हल्दौर थाने की कमान सौंपी है। पुष्कर सिंह मेहरा के स्थान पर नांगल थानाध्यक्ष संजय कुमार को चांदपुर थानाध्यक्ष बनाकर भेजा है। बिजनौर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के इस फेरबदल से अन्य थाना क्षेत्रों में शिथिलता बरतने वाले पुलिसकर्मियों में खलबली सी मची हुई है।

### बजरंग बली जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**स्योहारा।** नगर भर में हनुमान जयंती शोभायात्रा धूमधाम से निकली, जिसमें नगर के ठाकुर मंदिर पर सुबह हवन का कार्यक्रम एवं भंडारा संपन्न हुआ। ठाकुर मंदिर से शोभायात्रा हिंदू चौधरियान, आरएसपी रोड, रियासत, सब्जी मंडी, शिव मूर्ति, जुमेरात का बाजार, स्टेशन, मुरादाबाद रोड से होते हुए ठाकुर मंदिर पर समापन हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र प्रियंकर राणा ने किया। मौके पर डा. विनीत देवरा, मनोज कुमार भटनागर, राजपाल सिंह प्रजापति, सोनू रस्तोगी, डॉ. यज्ञदत्त गोड़, डॉ. राजबहादुर शर्मा, डॉ. राजवीर सिंह त्यागी, पीयूष रस्तोगी, अमित कुमार शर्मा, थाना अध्यक्ष अमित कुमार पुलिस प्रशासन के साथ मौजूद रहे।

### भाजपा का गांव चलो अभियान



**नगीना।** भाजपा ने गांव चलो, बस्ती चलो अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने मंदिरों की सफाई की और चौपालों का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नगरवासियों को दी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने नगर में कई जगह चौपाल लगाई और लोगों को जानकारी दी। अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री हरमीत सिंह ने सय्यदाबाड़ा क्षेत्र में घर-घर संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने मंदिर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। बूथ समिति की बैठक में उन्होंने मोदी सरकार के 11 वर्ष और योगी सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया। अनवर कुरैशी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है। यह गांव, गरीब और किसानों के कल्याण के लिए काम करती है। इस दौरान हर कार्यकर्ता गांव या वार्ड में जाकर शोभायात्रा, चौपाल, सम्मान समारोह और स्वच्छता अभियान करेगा।

### चलती बस का पहिया निकला

**नगीना।** धामपुर से नगीना जा रही रोडवेज बस का पिछला पहिया अचानक निकल गया। बस में करीब 35 यात्री सवार थे। बस का पहिया निकलते ही वाहन अनियंत्रित होने लगा। चालक की सूझबूझ से बस को सड़क किनारे रोक दिया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यात्रियों ने बताया कि बस के पहिए के नट-बोल्ट ढीले हो गए थे। इसी कारण पहिया निकल गया। हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई।

## बालाजी के भजनों पर झूमते रहे श्रोता



**धामपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मोहल्ला खातियान स्थित बड़ा शिव मंदिर पर देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया। महिला मंडल ने भजन संध्या का आयोजन किया और ढोलक की थाप पर भजन गए। उसके बाद पुरुषों द्वारा आर्केस्ट्रा पार्टी के साथ आधी रात तक भजनों पर श्रोता झूमते रहे। भजन गायको में अभिषेक वर्मा एवं विकास वशिष्ठ आदि द्वारा भजन गाए गए। समाजसेवकों ने आयोजक बृजमोहन गुप्ता एवं पंडित शुभम शास्त्री परिवार को स्मृति चिन्ह और देकर सम्मानित किया। बृजमोहन गुप्ता द्वारा सभी को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी गई। कार्यक्रम में शरद गुप्ता, राकेश जैन, नीरज रस्तोगी, पंडित शुभम शास्त्री, सीमा शर्मा, राधा गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, राशि गुप्ता, पिंकी जैन ,चंचल रस्तोगी, गौरी वर्मा, तन्मय रस्तोगी, रचना गुप्ता, निधि गुप्ता, अनीता शर्मा आदि का सहयोग रहा। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# नगीना क्षेत्र में मिला अवैध खनन

## आरोपियों से लाखों रुपए की वसूली के आदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि जनपद बिजनौर में उपखनिजों के अवैध खनन/परिवहन की शिकायतों के सम्बन्ध में तहसील नगीना क्षेत्रान्तर्गत उपजिलाधिकारी नगीना, तहसीलदार नगीना, नायब तहसीलदार नगीना, खान निरीक्षक बिजनौर व क्षेत्रीय लेखपाल/राजस्व निरीक्षक ग्राम शाहअलीपुर गूदड/अब्दुलफजलपुर पहाडा द्वारा ग्राम शाहअलीपुर गूदड व ग्राम अब्दुल्लापुर पहाडा में संचालित परमिटों की जाँच परमिटधारक व उनके प्रतिनिधि की मौजूदगी में 21 मार्च, 2025 को संयुक्त रूप से की गयी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के अनुसार नगीना तहसील के ग्राम शाहअलीपुर गूदड में परमिटधारक मैसर्स आरके कन्सट्रक्शन प्रोपराईटर माया देवी पत्नी राकेश्वर सिंह पुत्री गनेश सिंह निवासी अमखेडा शंजरपुर तहसील धामपुर जिला बिजनौर द्वारा अपने पक्ष में स्वीकृत तहसील नगीना के ग्राम शाहअलीपुर गूदड के गाटा सं. 45 कुल रकबई 1.500 हे. भूमि से बाहर कुल 380 घनमीटर आरबीएम एवं परमिटधारक मैसर्स एमपीएस एन्टरप्राइजेज प्रोपराईटर सतीश कुमार पुत्र मुरारी सिंह निवासी ग्राम चांदपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा अपने पक्ष में स्वीकृत तहसील नगीना के ग्राम अब्दुलफजलपुर पहाडा के गाटा सं. 70 मि कुल रकबई 1.265 हे. भूमि से बाहर कुल 1355 घनमीटर आरबीएम का अवैध खनन पाये जाने पर उनके विरूद्ध अवैध खनन किये गये उपखनिजों की रायल्टी, खनिज मूल्य व अर्थदण्ड की कुल धनराशि श्मश: रू. 7,61,775/- व रू. 37,66,905/- अधिरोपित की गयी है, जिसको खनिज विभाग के निर्धारित लेखाशीर्षक में जमा कराये जाने के लिए उनके विरूद्ध आदेश किये गये हैं।

# अभी तक नहीं मिला मार्च माह का वेतन

## वेतन की समस्या पर भी डीआईओएस का मौन : विनोद कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद बिजनौर के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत जिला मंत्री विनोद कुमार ने कन्या इंटर कॉलेज, चौधरी बलदेव सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमनोली, पब्लिक इंटर कॉलेज जैतरा, केएम इंटर कॉलेज आदि का भ्रमण किया तथा सभी साथियों से संगठन में पूर्ण निष्ठा के साथ रहने की अपील की।

जिला मंत्री ने बताया कि शासन द्वारा 31 मार्च 2025 को एक आदेश निर्गत करके वित्तीय वर्ष 2025- 26 में माह मार्च 2025 के वेतन का भुगतान बजट आवंटन की प्रत्याशा में मार्च माह का वेतन अहारित कर दिया जाए के आदेश सरकार द्वारा किए गए थे। परंतु कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के द्वारा आज तक सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन नहीं दिलवाया गया है। जिस कारण जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों में कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के विरुद्ध आक्रोश है। यदि डीआईओएस कार्यालय बिजनौर के द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का वेतन भुगतान शीघ्र नहीं करवाया जाता है तो विवश होकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बिजनौर को कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के विरुद्ध आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

बैठक में जिला आय व्यय निरीक्षक निर्दोष कुमार, नेपाल सिंह, धीरज शर्मा, रामाश्रय, सुभाष कुमार, सुशील कुमार, नीरज कुमार, डॉ. ज्ञान सिंह यादव, संजय कुमार, संदीप कुमार, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, सुभाष चंद्र तथा लक्ष्मण सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# माकपा का कार्यकर्ता शिक्षण शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** माकपा ने नांगल सोती में कार्यकर्ता शिक्षण शिविर लगाकर अपने नए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को मार्क्सवाद और द्वंदात्मकवाद और वामपंथी विचार धारा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

नांगल सोती के राजा भरत सिंह इंटर कालेज के सभागार में भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने कार्यकर्ता शिक्षण शिविर लगाया। इस दौरान मुख्य वक्ता, शिक्षक और वरिष्ठ माकपा नेता कामरेड डीपी सिंह और कामरेड रामपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को वामपंथी विचार धारा, मार्क्सवाद के बारे विस्तार से समझाया। उन्होंने दुनिया के बीच बढ़ती अमीरी और गरीबी के साथ मजदूरों और किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही पूंजीवाद के बढ़ते प्रभाव के चलते आने वाले खतरों के बारे अपने कार्यकर्ताओं को बताया।

इस दौरान माकपा जिलामंत्री विजेंद्र सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, मुकेश शर्मा, अमर सिंह, इसरार, फरीद अहमद, तुलाराम सैनी, अमर सिंह, शकील अहमद, संतराम सिंह, राजेंद्र सिंह, डॉ. लड्डन, शमशाद, प्रमोद आदि माकपाई मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष 2025' का समापन

## वीकेआईटी ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज़ेस में चल रहे तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष 2025' समारोह के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह एवं ने संयुक्त रूप से मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर के समापन कार्यक्रम की शुरूआत की। समापन कार्यक्रम का संचालन कर रही मानसी चौधरी व सलोनी सोती ने ग्रुप के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अभिषेक सिंह व ऐश्वर्य मौसम चौधरी को मंच पर आने के लिए आमंत्रित किया।

'कल्पवृक्ष 2025' समारोह के मुख्य अतिथि ऐश्वर्य मौसम चौधरी को अभिषेक सिंह ने फूलों का गुलदस्ता व बैच लगाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों में अंकुर गौतम को डीन एकेडमिक राजीव कुमार, श्रीमती सुदेश सिंह को मानसी चौधरी एवं नेहा सिंह को पूजा चौधरी ने बैच लगाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में कल का मैच वीकेआईटी टीम व नसीरी टीम के बीच में खेला गया। नसीरी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 75 रनों का लक्ष्य दिया। वीकेआईटी टीम ने मात्र 6 ओवर में 76 रन बनाकर अपनी जीत हासिल की। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच कल (रविवार) को खेला जाएगा।

कबड्डी प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला तूफान टाइटन और वीकेआईटी क्लब के बीच खेला गया। तूफान टाइटन की टीम ने वीकेआईटी क्लब की टीम को 46/41 से हराकर जीत हासिल की।

अन्य खेलों की श्रृंखला में जैसे- रील मेकिंग/फोटोग्राफी प्रतियोगिता में हारिस, सिंगिंग में समीक्षा, मेहंदी प्रतियोगिता में फरहीन, पेंटिंग प्रतियोगिता में शिल्पी बारोही, रंगोली प्रतियोगिता में आलिया, सजना और कल्पना, फायरलैस कुकिंग व पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्यांशी सेठ, क्वीज प्रतियोगिता में रोहित कुमार, जंकयार्ड प्रतियोगिता में मौहम्मद अजीम, स्लोगन क्वीज प्रतियोगिता में निखिल कुमार, पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में मोनिका, पजल प्रतियोगिता में टीना रानी, डिबेट प्रतियोगिता में अजमत इजहार, पॉल प्रतियोगिता में तनिश्का, लंबी कूद प्रतियोगिता में आकाश कुमार, कैरम प्रतियोगिता में सुंदर्रम गजराल, कैरम प्रतियोगिता में मौहम्मद साहिल, जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में पियूष कुमार, बैडमिंटन प्रतियोगिता महिला वर्ग में आयुशी व पुरूष वर्ग में वीर 100मी. पुरूष दौड़ में आकाश कुमार एवं 400मी. पुरूष दौड़ में रिगल कुमार, 100मी. महिला दौड़ में एकता, रिले रेस प्रतियोगिता में सुमित चौधरी ग्रुप को, बॉलीबाल प्रतियोगिता में मदनलाल स्टेडियम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

'कल्पवृक्ष-2025' के सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि ऐश्वर्य मौसम चौधरी एवं ग्रुप के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अभिषेक सिंह के द्वारा नकद पुरस्कार, ट्रॉफी, मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

वी.के.आई.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेज़ज के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने 'कल्पवृक्ष 2025' समारोह मे भाग ले रहे छात्र-छात्राओं का उत्साहावर्धन किया एवं 'कल्पवृक्ष 2025' समारोह के कोर्डिनेटरों को धन्यवाद कर 'कल्पवृक्ष 2025' समारोह का समापन नेशनल एंन्थम के साथ किया।

'कल्पवृक्ष-2025' समारोह को सफल बनाने में डीन राजीव कुमार, अमित कुमार, संदीप सिंह, मौहम्मद ज़ाहिद, नागेन्द्र सिंह, नरदेव सिंह, अमित चौधरी, बिरेन्द्र, अनुजा, संसार सिंह, मौहम्मद बिलाल, गाज़ी अब्बास, राविन्द्र सिंह, मयंक कौशिक, मुनेश कुमार, पूजा चौधरी, आयूषि, मानसी चौधरी, तबस्सुम, सलोनी, ज्योति, मिनाक्षी, रोहित कुमार, मौहम्मद जुबैर, मौहम्मद विशाल, असमा परवीन, पूजा ठाकुर, नितिन कुमार, दीपक काकरान, गौरव कुमार, इन्तेज़ार अहमद, शैंकी, हरवेन्द्र, अरविंद कुमार, धर्मवीर सिंह, मिथुन शर्मा, चतुर्थ श्रेणी वर्ग में दीपक कुमार, गौतम, नरेंद्र, नरपाल सिंह, अंकित कुमार आदि समस्त का सहयोग रहा।

# कृष्णा कॉलेज में विदाई समारोह

## छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज में कल गृह विज्ञान विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ महाविद्यालय के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खां, प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में बी.एस.सी. (होम साइंस) की छात्राओं ने अपना डांस प्रस्तुत किया तथा एम.एस.सी. (होम साइंस) फाइनल ईयर तथा बी.एस.सी. (होम साइंस) फाइनल इयर की छात्राओं ने रैम्प वक्चल्क प्रस्तुत किया। विदाई समारोह में अलीशा ने नृत्य प्रस्तुत किया।

मिस फेयरवेल प्रतियोगिता में बी.एस.सी. होम साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा रिया, एम.एस.सी. (होम साइंस) फूड एण्ड न्यूट्रीशियन में द्वितीय वर्ष की छात्रा अनामिका व एम.एस.सी. (होम साइंस) हयूमन डेवलपमेंट की छात्रा अलीशा विजयी रहीं। मिस पर्सनेलेटी प्रतियोगिता में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा असना, एम.एस.सी. (होम साइंस) फूड एण्ड न्यूट्रिशियन द्वितीय वर्ष की छात्रा शालू व एम.एस.सी. (होम साइंस) (हयूमन डेवलपमेंट) की द्वितीय वर्ष की छात्रा ईशा विजयी रहीं। कार्यक्रम के अर्न्तगत म्यूजिकल ग्लास, पेपर डांस इत्यादि गेम्स भी खिलाये गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा व अन्य प्रवक्ताओं आयशा, सीमा, ज्योति, प्रीति का विशेश योगदान रहा। सभी सम्मानित अतिथियों व प्रवक्ताओं ने छात्राओं को आर्शीवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा रचना व इरफा ने किया।

# शाहबाद क्षेत्र में चल रहे हैं अवैध तरीके से गेहूं खरीद सेंटर

## उत्तर प्रदेश सरकार का मार्का लगा कट्टों में पैक कर रहे हैं बिचौलिए नकद खरीदकर अपना गेहूं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र में बिचौलिए सरकारी क्रय केंद्रों के खिलाफ अपने केन्द्र खोलकर बैखौफ होकर गेहूं की खरीददारी करते दिख रहे हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम अलफगंज में एक बिचौलिए ने भारत ट्रेडिंग कंपनी नाम से गेहूं खरीददारी के लिए अपना एक सेंटर हाईवे किनारे खोल रखा है। जिसका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है और कोई जीएसटी नंबर तक नहीं है। बड़ी बात यह है कि दुकान पर सरकारी मार्का के प्लास्टिक के कट्टे भी भारी मात्रा में रखे हुए थे। जब दुकानदार सतपाल सिंह से जानकारी ली गई तो उसने बताया कि मेरे पास कोई ऐसा रजिस्ट्रेशन नहीं है और ना ही कोई आदेश है। जब हमारे संवाददाता ने पूछा कि आप फिर भी खरीददारी कर रहे हो तो उसने सटीक जबाब नहीं दिया इसके





अलावा किसी वारिस अली नाम के व्यक्ति से फोन पर वार्ता कराई जिसमें वह कह रहा था कि हमें इस एरिया का मोबाइल क्रय केंद्र खोलने का आदेश है उसी के आधार पर जगह जगह केन्द्र खोले गए हैं उसी आधार पर गेहूं की खरीददारी की जा रही है। जब आदेश की कॉपी मांगी गई तो उसने एक लेटर दिखाया जिस पर ऐसा कोई भी आदेश नहीं था जिससे कि उसकी दुकान का कोई लेना-देना नहीं था। भारी मात्रा में उत्तर प्रदेश सरकार का मार्का छपा हुआ कट्टो का जखीरा और भारी मात्रा में गेहूं का स्टॉक भरा हुआ है जिससे सरकार को भारी नुक्सान उठाना पड़ रहा है। अगर यही हाल रहा तो सरकारी क्रय केंद्रों पर कोई नहीं जायेगा अपना गेहूं बेचने जब बिचौलिए ही गेहूं की खरीददारी अपने ठिकानों पर कर लेंगे इससे तो जो क्रय केंद्रों को लक्ष्य दिया गया है उसे क्रय केंद्र कैसे पूरा कर सकेंगे। जब एसडीएम और तहसीलदार शाहबाद से इस मामले की जानक. ारी ली गई तो उन्होनें कहा कि अगर गलत तरीके से वह गेहूँ की खरीद कर रहा है तो उक्त व्यक्ति के खिलाफ इस मामले की जॉच कराकर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** युवाओं ने तहसील शाहबाद के गांव तुरखेड़ा में इक्क्ठा होकर जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की सभा का नेतृत्व कर रहें युवा समाजसेवी आशुतोष यादव यादव ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अनेक घटनाएं ऐसी हुई जिसकी कहानी आज भी लोगों को झकझोर कर रख देती हैं ऐसी ही एक क्रूर घटना जलियांवाला बाग हत्याकांड थी जिसे 13 अप्रैल 1919 को ब्रिटिश सरकार के जनरल डायर ने अमृतसर में अंजाम दिया यह घटना ब्रिटिश शासन की क्रूरता का प्रतीक बन गई।



इस साल जलियांवाला बाग हत्याकांड के 106 साल पूरे हो गए हैं जनरल डायर ने वहां मौजूद हजारों निहत्थे और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारीयों पर बिना चेतावनी दिए गोली चलवा दी यह सभा रोलेट एक्ट के विरोध में की जा रही थी जिसमें लोगों को बिना मुकदमे के जेल भेजा जा सकता था गोलियां करीब 10 मिनट तक चलाई गई जिनमें सैकड़ो लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए ब्रिटिश सरकार ने जहां 379 मौतों की बात मानी वही असल आंकड़ा इससे कहीं अधिक था इस हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया और स्वतंत्रता की लड़ाई को और तीव्र बना दिया।। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रोहित यादव,जोगिंदर सिंह,राजेंद्र मौर्य,तरुण सागर,बॉबी यादव,बलधारी यादव,राहुल मौर्य, टिंकू यादव,सुनील यादव आदि लोग शामिल रहें।

# शाहबाद में डंपर ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, नौ घायल, चार रेफर

**( विशाल जोशी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सवारियां लेकर जा रहे ई रिक्शा में डंपर ने मारी टक्कर, टक्कर लगने से नौ लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया जहां से चार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर के समय रामपुर रोड स्थित मंडी समिति के पास डंपर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत नौ सवारियां घायल हो गईं। वहां मौजद लोगो ने डंपर को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मंडी समिति में खड़ा करवा दिया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया,जबकि चार की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया गया। घायलों में सिरौली थाना



क्षेत्र निवासी सतीष,अलका और गौतम,चन्दौसी थाना क्षेत्र निवासी युवराज, थाना मिलक क्षेत्र निवासी ई रिक्शा चालक गुलवेज,हाजरा और रायमिन तथा आंवला थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी दयावती और ओमवती घायल हो गए। जिसमे से सतीश, अलका, युवराज और गुलवेज कि हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दियावालों में रोहित यादव,जोगिंदर सिंह,राजेंद्र मौर्य, तरुण सागर,बॉबी यादव,बलधारी यादव, राहुल मौर्य, टिंकू यादव,सुनील यादव आदि लोग शामिल रहें।

## पुलिस ने शांति भंग में पांच को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अलग-अलग कोई मारपीट की घटनाओं में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट भेजा पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ. मिलक के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज मारपीट पर आमदा 5 नफर अभियुक्तगण कय्यूम पुत्र कल्लू खाँ उम्र करीब 31 वर्ष , अमन पुत्र कल्लू उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण ग्रा क्योरार थाना मिलक जनपद रामपुर,देवदत्त पुत्र खेमकरन नि. लखीमपुर विश्नू थाना मिलक उम्र करीब 28 वर्ष,शकील पुत्र मौ. नवी उम्र 45 वर्ष और समीर पुत्र शकील उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम जालिफनगला थाना मिलक को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भा.ना. सु.सं के गिरफ्तार कर मा. न्या. एसडीएम कोर्ट मिलक रवाना किया गया।

# विधायक ने कैम्प कार्यालय पर जनता की सुनी समस्याएं

**( सुहैल मियॉ )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार को विधायक व मदरसा शिक्षा परिषद सदस्य शफीक अहमद अंसारी ने अपने केम्प कार्यालय पर देवतुल्य जनता से मिले विधानसभा से आये हुऐ लोगो ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने तुरंत सम्बंधित अधिकारी से उस काम का निस्तारण कराया ग्राम मधुपुरा से काफी संख्या में लोग विधायक से मिले और अपनी परेशानी बताई जिसमे सड़क पानी नाली आदि के बारे मे जानकारी ली। विधायक ने जल्द करवाने का वादा किया और कहा की आपके गाँव में हम बहुत



काम कर रहे हैं और आगे भीं करेंगे उसके साथ शब्बीर प्रधान ने राशन कार्ड की समस्याओं से अवगत कराया विधायक ने तुरंत इसका निस्तारण किया। टांडा से भीं भारी संख्या में लोग विधायक से मिले. कल रात्रि में विधायक ने स्वार में मुंशीगंज रोड पर बने के जी एन मैरिज हॉल का उद्घघाटन किया काफी संख्या में विधायक समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान शब्बीर प्रधान,आरिफ प्रधान दीपक नागर विधायक सलहाकार, पंकज सैनी विधायक प्रतिनिधि, नूर हसन ठाकुर प्रधान, अमिरुल हसन,जावेद मेवाती,शानू,हबीब, डॉ. वाहिद पूर्व प्रधान, पप्पू, बेचा सेठ, अकील मेंबर, इरफान, अली हसन.मीडिया प्रभारी इदरीस पठान आदि मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा सिंह सभा में मनाया गया बैसाखी पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार को खालसा पंथ के स्थापना दिवस एवं लोक आस्था के पर्व बैसाखी के पर्व गुरुद्वारा सिंह सभा मे मनाया गया। जिसमे निशान साहब जी के चोले साहब जी की सेवा की गई। अरदास गुरद्वारा ग्रन्थी तारा सिंह जी ने लगाई देश में सुख शांति की कामना की गई।प्रधान कर्मजीत सिंह मिंटू, गुरुदेव सिंह, जितेंद्र सिंह, करम सिंह, रघवीर सिंह, जरनैल सिंह, जगजीत कौर, सर्वजीत कोर, सोरन कोर,हरजीत कौर, चन्द्र मोहनी, ऊषा रानी आदि मौजूद रहे। इस दौरान बोले सोनिहाल सत्य श्री अकाल के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

## कबूतर के पिंजरे में फंसकर चलती बाइक से गिरी महिला, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** शुक्रवार की शाम तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद की रहने वाली हमशीरन अपने मायके पटवाई जिला रामपुर में अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए बाइक पर सवार होकर अपने पति मोहम्मद रफीक के साथ जा रही थी की शाहबाद ब्लॉक के पास से जब बाइक गुजरी तब बराबर से एक व्यक्ति बाइक पर कबूतर का पिंजरा रखे जा रहा था जिसमें बाइक सवार हमशीरन सीरन का बुर्का फस गया और वह गिर गई जिससे हमशीरन के सिर में गंभीर चोट आई आनंन फानन पति मोहम्मद रफीक उसको साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचा जहां पर डॉक्टरों ने उसको प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया । बताया जा रहा है कि हमशीरान के भाई की बारात शनिवार को जाना थी। सूचना पर हमशीरान के मायके वाले भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंच गए उसके बाद परिजन हमशीरान को जिला अस्पताल ना ले जाकर के मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए।

# सैफनी पुलिस ने तीन अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में रविवार को सैफनी थाना पुलिस द्वारा शांतिभंग में तीन अभियुक्तगण मुस्ताक पुत्र अबरार(58)वर्ष , रिजवान पुत्र मुस्ताक(34)वर्ष, जुबेर पुत्र मुस्ताक(21)वर्ष आदि निवासी मोहल्ला तेलीपुरा थाना सैफनी जनपद रामपुर का चालान मा. न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहाबाद जनपद रामपुर किया।

# मिलक के शिक्षक बरेली मे पारस रत्न से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** मिलक के शिक्षक बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रत्न से सम्मानित किए गए खुश लोक हॉस्पिटल बरेली के सभागार में उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2025 में महापौर बरेली उमेश गौतम व छत्रपाल गंगवार सांसद बरेली द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र ,शील्ड शील्ड ,अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जिसमें जनपद रामपुर के विकास खण्ड मिलक के निपुण विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेघानगला जदीद कंपोजिट के प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजपाल सिंह गंगवार को सम्मानित किया गया यह सम्मान उनके द्वारा छात्र हित में नए-नए नवाचार द्वारा शिक्षण कार्य एवं विद्यालय के भौतिक परिवेश को समग्र सहज और शिक्षाप्रद बनाने के उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु दिया गया जिससे बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने में कामयाबी हासिल हो सके।

# किसान बच्चों की शिक्षा और कारोबार पर जोर दें: मुस्तफा हुसैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** तोपखाना स्थित हजरतपुर में सेवा इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस का उद्घाटन करते हुए जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि किसान अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाने और कारोबार पर ध्यान दें। हजरतपुर स्थित रामपुर गार्डन होटल के सामने सेवा लेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस का जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने रिबन काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर सैदनगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों के प्रधान और लोगों ने प्रतिभाग किया।

रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि देश के किसान की दिन-ब-दिन हालात बदतर होती जा रही है। खेती का उत्पादन लागत के अनुपात में कम हो रहा है। खाद, बीज, पानी महंगा हो गया है। महंगाई बढ़ रही है। इन हालातो में किसानों को अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाना जरूरी है। जिससे बच्चा शिक्षित होकर खेती



के साथ-साथ कारोबार भी कर सके। इस मौके पर घाटमपुर के प्रधान जावेद अली, बजावाला के प्रधान कय्यूम अली, फिरासत पधान, उसमान पाशा, फईम अहमद, नासिर घोसी व सेवा इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस के स्वामी बब्बू अली, अख्तर प्रधान, मौलाना अकबर अली, मुस्तफा अली पाशा आदि मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा श्री चरण कमल पताशाही छेवी में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी का त्योहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मानपुर उत्तरी के गुरुद्वारा श्री चरण कमल पताशाही छवि में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिख संगत ने सुखमणि साहिब जी का पाठ कर निशांन साहिब जी की सेवा की अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर बरता गया।

मानपुर उत्तरी में गुरुद्वारा श्री चरण कमल पाशाही छेबी मैं रविवार को बैसाखी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। प्रातः होते ही सिख संगत गुरुद्वारे में पहुंचने लगी कीर्तन दरबार के बाद सुखमणि साहिब जी का पाठ हुआ निशान साहिब जी की सेवा, की गुरुद्वारे के ग्रंथि सरदार अवतार सिंह ने देश की खुशहाली के लिए अरदास लगायी। इसके बाद सिख संगत ने एकदूसरे को बैसाखी की लख लख बधाईयां दी। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के मनवीर सिंह, गुरमुख सिंह, सोनू, सतनाम सिंह, कहलो, अमृत सिंह, भूपेंद्र सिंह, सहित भारी संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

## चेयरमैन प्रतिनिधि व सभासदों के साथ कोतवाली की बैठक

# संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने एवं सोमव्हरेशील स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु चेयरमैन प्रतिनिधि व सदस्यों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश। रविवार को कोतवाल शाहाबाद पंकज पंत ने उपनिरीक्षक शाहाबाद आदेश कुमार व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व पति वसीम खां व नगर पंचायत के वार्ड सभासदों के साथ आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक का आयोजन किया इस दौरान कोतवाल शाहाबाद पंकज पंत ने चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम खां व वार्ड सभासद शप्पू खां पूर्व सभासद नाजिम खान ,सभासद तालिब मलिक एडवोकेट, सभासद जाजिब खा, सभासद बबलू मियां, सभासद मोहम्मद मियां ,सभासद पुत्र मो. हसिन, सभासद साबिर अली सभासद पति अनूप कुमार सभासद शीशपाल, सभासद शराफत हुसैन के साथ वार्डों में संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की बाबत पूछा बताया



गया कि शाहाबाद नगर पंचायत में 17 वार्ड है इस पर कोतवाल शाहबाद पंकज पंत ने कहा कि एक वार्ड में कम से कम दो सीसीटीवी कैमरे लगने चाहिए। इस दौरान सभासद बबलू मियां ने अपनी राय रखते हुए कहा की मंदिर और मस्जिद व मैरिज होम संचालको के को भी सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवाने की बात कही जाए इस पर कोतवाल पंकज पंत ने कहा कि अंबेडकर जयंती के बाद इन सभी के साथ बैठक कर मंदिर, मस्जिद व मैरिज हॉल में कैमरे लगवाने की बात कही जाएगी इस दौरान बैठक में मौजूद सभासदों ने सीसीटीवी कैमरों की बाबत एक प्रस्ताव लिखकर उस पर सिग्नेचर किये और प्रस्ताव अध्यक्ष नगर पंचायत शाहाबाद सुम्बुल नाज के प्रतिनिधि वसीम खा को दे दिया।

# नकली मोबिल ऑयल बनाने वाला गिरोह पकड़ा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**नकली मोबिल ऑयल के 11 ड्रम बरामद, तीन कारें और सामग्री भी मिली, सरगना भाग निकला**

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी ( मुरादाबाद )।** थाना पुलिस ने नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला में एक घर में छापा मारकर नकली मो. बिल ऑयल बनाने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को दबोच लिया। मौके से नकली मोबिल ऑयल से भरे 11 ड्रम और इस मोबिल ऑयल को अलग-अलग इलाकों में ले जाकर बेचने वाली तीन गाड़ियां भी बरामद कर लीं। गिरोह का सरगना पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया। पुलिस ने पांचों आरोपियों को मुरादाबाद अदालत में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक देहात में कुंवर आकाश सिंह ने शनिवार दोपहर बाद थाना बिलारी में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलने पर थाना बिलारी पुलिस ने सीओ बिलारी के मार्गदर्शन में मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित एक मकान और उसके बराबर के गोदाम की घेरा. बंदी कर छापा मारा। पुलिस जब मौके पर पहुंची तब इस कारोबार से जुड़े लोग नकली मोबिल ऑयल को तैयार कर बोतलों में भर रहे थे और पंप के माध्यम से भरे हुए ड्रम से मोबिल ऑयल को बाहर निकाल रहे थे। प्लॉस्टिक की बोतलों पर मोबिल ऑयल की दो नामचीन बिलारी में पकड़े गए नकली मोबिल ऑयल बनाने के आरोपी। आरोपियों से मौके से भारी मात्रा में मिली सामग्री पुलिस के अनुसार नकली मोबिल ऑयल बनाने वाले गिरोह के सदस्यों से मौके से जो सामग्री बरामद हुई है उसमें एक स्कॉर्पियो, एक अर्टिका और सेंटरों कार, नकली मोबिल ऑयल से भरे हुए लगभग २२०० लीटर के ११ ड्रम, एक्टिव मोबिल ऑयल की एक लीटर वाली ८५ भरी बोतल, बॉस जॉस मोर्बिल ऑयल की एक लीटर वाली ३० भरी बोतल, वुडोल पॉवर रेंजर मोबिल ऑयल की एक लीटर वाली १८० बोतल, स्टिलवेल ऑयल की एक लीटर की आठ भरी बोतल, कैस्ट्रोल मोबिल ऑयल की एक लीटर वाली ११२० खाली बोतल, हीरो जैन्युन ४टी प्लस की एक लीटर वाली १८० खाली बोतल, कैस्ट्रोल जीटी एक्स की २० खाली बोतल, प्लास्टिक के कट्टों में खाली बोतलों के ढक्कन वाली ५० किलो वजन की बोतल, ड्रम से तेल निकालने की दो पंप मशीन, ड्रम से तेल नापने के दो डिब्बे, बोतल में तेल भरने की तीन कीप, दो खाली ड्रम हरा रंग, एक खाली ड्रम नीला रंग और आधे काटे हुए ड्रम लाल रंग मौके से बरामद हुए हैं। नगर में नकली मोबिल ऑयल बनाने वाले गिरोह के सदस्यों को पकड़ने में एसओजी और थाना पुलिस सक्रिय रही है। सदस्यों को पकड़ने वाली इस पुलिस टीम ने एसओजी प्रभारी अमित कुमार के अलावा थाना बिलारी कस्बा चौकी प्रभारी यशवीर सिंह, अर्जुन सिंह, हरेंद्रपाल सिंह, अमित कुमार धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल हैं। कंपनियों के लेवल भी लगाए जा रहे थे। पुलिस को मौके से जो तीन गाड़ियां खड़ी मिलीं उनकी डिग्गी में मोबिल ऑयल की बोतलें रखी हुई थीं। जब इन गाड़ियों के कागजात मांगे गए तब कोई अभिलेख मौके पर न दिखाने पर पुलिस ने तीनों गाड़ियों को सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार मौके से पांच लोग गिरफ्तार किए गए उनमें शाहनवाज, शकील और मोहम्मद इमरान निवासी मोहल्ला अब्दुल्ला कस्बा और थाना बिलारी, मोहम्मद हिलाल कस्बा रतनपुर थाना पाकबड़ा, फिरोज खान निवासी गली नंबर एक छप्पर वाली मस्जिद करूला थाना कटघर मौके से बरामद की गई तीन कारें। कई शहरों में करते थे नकली मोबिल ऑयल की सप्लाई नगर में नकली मोबिल ऑयल बनाने के गिरोह के जो सदस्य पकड़े गए हैं। उन्होंने पुलिस को कई जानकारियां दी हैं। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह अधिक रुपये पाने के लालच में यह काम करते हैं। नकली मोबिल ऑयल बनाकर और नामचीन कंपनी के स्टीकर मोबिल. ऑयल की बोतलों पर लगाकर गाड़ियों में माल रखकर ले जाकर दूर शहरों में जाकर बिक्री करते हैं। पकड़े गए लोगों में अपने गिरोह का सरगना थाना मझोला के जयंतीपुर



निवासी आरिफ को बताया को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरोह के दो सदस्य मौके से भागने में सफल रहे जिनमें से एक गिरोह का सरगना मोहम्मद आरिफ और उसका एक साथी है। पुलिस ने गिरफ्तार पांचों आरोपियों को मुरादाबाद जिला अदालत में पेश किया जहां से पांचों को जेल भेज दिया गया।

## उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में उठी अनेक समस्याएं

### समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को सौंपेगे मांगों का ज्ञापन

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में शाहाबाद रोड स्थित उद्योग व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय पर रविवार दोपहर हुई बैठक में मुरादाबाद आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग, शाहाबाद रोड और स्टेशन रोड पर बने अवैध कट बंद कराने की मांग उठी। वक्ताओं ने कहा की इन कटो की वजह से कई बार भीषण सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और बिजली ने आंख मिचौली शुरू कर दी है। नगर में एक साल पहले शुरू हुआ बंच बदलने का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। हाई टेंशन लाइनों के ऊपर से पेड़ों की टहनियों गुजर रही हैं जिन्हें बिजली विभाग द्वारा नहीं हटाया गया है। शनिवार दोपहर सरकारी अस्पताल में रखे ट्रांसफर में भीषण आग लग गई जिसे फायर ब्रिगेड बुलाकर बुझाया गया ट्रांसफार्मर आग लगने की वजह से कई मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति कई घंटे बाधित रही। अन्य वक्ताओं ने



सरकारी अस्पताल के सामने अधूरी पड़ी सड़क तथा नगर में अस्थाई अतिक्रमण की वजह से लगने वाले जाम आदि की समस्याएं उठाई ।बैठक में तय हुआ कि शीघ्र अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सोपा जाएगा। बैठक में उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन,दुष्यंत चौहान, नितिन डूडेजा,प्रदीप सिंघल, रमाकांत गुप्ता, विनीता रस्तोगी,सुरेश गुप्ता, फाइन ज्वेलर्स,शिवम गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, सुरेंद्र शुक्ला ,नीरज रोहिल्ला अभिषेक शर्मा अभिषेक पांडे ए रणवीर सिंह संजय राणा पंकज चौहान अमित मौर्य।

## मच्छरों के साथ अब पैदा हुए नई किस्म के कीड़ों ने किया जीना मुहाल

**कांठ( शाह टाइम्स )** मच्छरों की बढ़ रही तादाद ने लोगों का रात को सोना मुहाल कर दिया है जबकि इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है इससे ज्यादा परेशानी एक और नए किस्म के कीड़े के पैदा होने से बढ़ गई है गांव से बाहर घर बना कर रहने वाले लोगों के लिए यह कीड़े इस वक्त मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं बतादे कि इस समय मच्छरों की काफी भरमार है जिसकी वजह से बिना मच्छरदानी या अन्य संसाधनों का इस्तेमाल किए बिना रात काटना मुश्किल हो गया है।

लेकिन इसके साथ-साथ अबकी बार एक और नए किस्म के कीड़े ने जन्म ले लिया है कीड़ों की संख्या इतनी है के गांव से बाहर घर बना कर रहने वाले लोगो के घरों में बड़ी संख्या में कीड़े प्रवेश करते हैं गृह स्वामी उन्हें बार-बार झाड़ू के



द्वारा घर से बाहर करते हैं लेकिन कीड़ों का आवा गमन दिन भर बना रहता है।

हालत तो यह है कि अब घरों में रखे बिस्तरों तक पर कीड़े फैल चुके हैं पैरों में आकर मरे कीड़े एक पीला पदार्थ छोड़ते हैं जिसका रंग फर्श पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है लोगों का कहना है कि बीच गांव में भी इन कीड़ों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और वहां भी इनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है हालांकि कुछ लोग इन्हें पेड़ों पर पैदा होना बता रहे हैं मगर कुल मिलाकर यह कीड़े अब लोगों की परेशानी का सबब बनने लगे हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर में रविवार को दरोगा सनब्बर अली, जयवीर सिंह और यातायात प्रभारी राजीव तोमर ने नगर में गांधी पार्क चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा,हाईवे स्थित डाक बंगला, शाहाबाद रोड, स्टेशन रोड आदि



इलाकों में यातायात जागरूकता संबंधी पंप्लेट बांटे तथा दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने ट्रिपल राइडिंग न करने की सलाह दी। चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का उपयोग करने को कहा।

### गांव की आधी आबादी को नहीं मिल रही निर्धारित शेड्यूल की बिजली

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** क्षेत्र के खंडवा गांव में रविवार दोपहर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर निर्धारित शेड्यूल की पूरी बिजली बिजली दिलाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की आधी आबादी में निर्धारित शेड्यूल की बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली कम मिलने से ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन भी दिया गया है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। सफीलपुर बिजली घर की अवर अभियंता श्रीपाल सिंह ने बताया कि ट्यूबवेल की लाइन और गांव की लाइन अलग-अलग की गई थी।गांव में बिजली चालू करने के लिए लाइन बनानी पड़ेगी जिसका कुछ ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले एसडीओ विद्युत और वह स्वयं गांव गए थे लाइन बनाने का विरोध कर रहे हैं। विरोध करने वाले ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही ग्राम प्रधान पुराने ग्रामीणों को सहयोग लेकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### बिलारी में हाईवे किनारे मिला अज्ञात शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** थाना क्षेत्र में मुरादाबाद आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। राहगीरों ने शव पड़ा होने की सूचना बिलारी थाना पुलिस को दी।



सूचना पर एएसपी सोनाली मिश्रा और थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की तलाशी ली तलाशी में उसकी जेब से ६३० और हाथ में एक सूखी रोटी मिली तथा उसके दाएं हाथ पर हनुमान जी का चित्र और मोर हुआ था। मृतक की उम्र लगभग ४० वर्ष प्रतीत हो रही थी। मृतक की स्थिति को देखकर लग रहा था कि वह मानसिक विछिप्त था और भिक्षावृत्ति करके जीवन यापन करता था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सिकंदराबाद गांव से पुलिस ने किया बरामद

**कांठ ( शाह टाइम्स )** उमरी कला निवासी फुरकाना पत्नी इरफान अपने पांच साल के बेटे बिलाल को साथ लेकर कांठ आई थी बताया गया कि वह



कुछ सामान लेने के लिए मीना बाजार गई तो वहीं से उसका बेटा बिलाल गुम हो गया आसपास तलाशने के बाद जब बच्चा नहीं मिला तो पीड़िता थाने पहुंची और गुमशुदी के लिए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने लापता बच्चे को सीसीटीवी कैमरो की मदद से करीब दो घंटे के बाद सिकंद. राबाद गांव से बरामद कर लिए है। बच्चे के परिजनों मे खुशी का माहौल है।

### 24 अप्रैल को दिल्ली में होगा संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में दिल्ली के बुराड़ी में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अंकित निरंकारी ने दी उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 अप्रैल को निरंकारी चौक बुराड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इसके साथ-साथ भारतवर्ष के प्रत्येक ब्रांच में भी श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरु चरण सिंह एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इस वर्ष भी संपूर्ण विश्व के लगभग 500 से अधिक स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग 50 हजार से अधिक रक्तदाता मानवता की भलाई हेतु रक्तदान करेंगे उन्होंने इस पावन अवसर पर भक्तों से धर्म लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

## बैसाखी के पर्व पर आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसो. ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**चन्दौसी।** सतरंगी संस्कृति बैसाखी के संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन गौशाला रोड स्थित अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक विविधता, विशेष रूप से पंजाब की पारंपरिक धरोहर, को प्रोत्साहन देना तथा समाज में सांस्कृतिक जागरूकता का विस्तार करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक बरेली -मुरादाबाद हरि सिंह ढिल्लों एवं राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य भाजयुमो राजू कालरा ने उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों अतिथियों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया एवं संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रमों को सामाजिक समरसता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में पंजाबी लोकनृत्य, गिद्दा, भांगड़ा, लोकगीत, फैशन शो, बच्चों की मनमो. हक प्रस्तुतियाँ और महिलाओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक विविधताओं से भरपूर इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था द्वारा पांच महिलाओं एवं पांच बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने संस्था के माध्यम से रोजगार एवं शिक्षा प्राप्त की। संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुँचाना और समाज में एकता व भाईचारे का संदेश फैलाना है। संचालन कर रही सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा किसानों के लिए यह दिन नया साल लेकर आता है और खुशहाली का प्रतीक होता है।

## पुलिस ने किया बड़ी संख्या में ई-रिक्शाओं को सीज

**● बिना रजिस्ट्रेशन अब नहीं चल पाएंगे ई-रिक्शा**

**कांठ( शाह टाइम्स )** शासन के आदेश पर अब सड़कों से ई-रिक्शा सहित जुगाड़ वाहनों को हटना होगा इस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है बड़ी संख्या में बिना रजिस्ट्रेशन चल रही ई-रिक्शाओं को पुलिस ने पड़कर थाने में खड़ा किया है बतादे की नगरों में जाम का मुख्य कारण ई-रिक्षाएं बनी हुई है इन्हीं अनाड़ी लोगों द्वारा चलाई जा रही रिक्शाओं के कारण अक्सर दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।

सरकार ने अब इस पर संज्ञान लेते हुए ऐसे वाहनों को सड़कों से हटाने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि इस तरह के वाहनों को हटाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया जाए। यह आदेश आने के बाद पुलिस ने नगर की ई रिक्शाओ की जांच की तो पता चला कि मौजूदा हालत में करीब साढे चार सौ ई रिक्शा में केवल १५० ई रिक्शा ही पंजीकृत है हैरानी की बात तो यह है की गढ़ी जैसे गांव में भी करीब १५० ई रिक्शा इधर से उधर घूमती देखी जा रही हैं जबकि उमरी कला को इसमें जोड़ा जाए तो कांठ थाना क्षेत्र में ही ई-रिक्शाओं की काफी बड़ी तादाद मौजूद है पुलिस द्वारा ई रिक्शाओं को थाने में खड़ी करने के बाद अब हड़कंप मचा हुआ है ई-रिक्शा चालकों की माली हालत को देखते हुए अब प्रशासन ने थोड़ी राहत भी दी है जिसमें बताया गया है कि ई रिक्शा को स्वयं नष्ट न करके उन्हें चार हिस्सों में करके रिक्शा स्वामी को सौंप दी जाए और उसे लिख कर लिया जाए कि अब वह भविष्य में इस ई रिक्शा का इस्तेमाल नहीं



करेगा इससे भी रिक्शा चालको को काफी राहत मिली है कुछ रिक्शा चालकों का कहना है कि उन्होंने अभी इसमें बैटरी डलवाई है और कम दाम में ही सही लेकिन उन्हें इन रिक्शाओं की कुछ कीमत जरूर मिलने वाली है कुल मिलाकर अब जुगाड़ वाहन और अवैध रिक्शाओं को सड़कों से हटाने के काम में तेजी आ गई है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का राजकीय सम्मान के साथ हुआ दाह संस्कार

**चन्दौसी।** देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओमप्रक. ाश कश्यप ने अंतिम सांस ली। ७७ वर्ष की उम्र में उनका निधन हुआ। निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक छा गया। वहीं जब स्थानीय प्रशासन को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के देहावसान की लगी। तो रविवार की सुबह उपजिलाधिकारी निधि पटेल, तहस. ीलदार धीरेन्द्र सिंह, नायाब तहसीलदार लेखपाल वरूण कुमार सक्सैना, इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित चौधरी पुलिस बल के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आवास पर कैथल गेट स्थित, तिलवाली गली में पहुंचे। जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मृत्यु शैयया पर फूलों का बुके देकर उनका सम्मान किया। वहीं पुलिस लाइन से आये पुलिस कर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गयी। वही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओमप्रकाश के बारे में परिजनों ने बताया चन्दौसी में एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बी०बी० लाल व ओमप्रकाश कश्यप ने अंग्रेजी शासन काल में अंग्रेजों के अत्याचार को सहा। यहां तक अंग्रेजों ने ओमप्रकाश स्वतंत्रता सेनानी के अंग्रेजों ने अत्याचार कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आजादी के मतवालों के नाखून खींचे गये। पर आजादी के मतवालों ने कष्ट सहना स्वीकार किया। आज उस आजादी के मतवालों ने देश की आजादी के लिए तमाम जेल की यातनायें झेली। आज उस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने अंतिम सांस ली। वहीं उपजिलाधिकारी निधि पटेल, तहस. ीलदार धीरेन्द्र सिंह, वरूण सक्सैना, इंस्पेक्टर मोहित चौधरी गार्ड ऑफ आनर सलामी के लिए लाइन से पुलिस ने सलामी दी। यहां बताते चले कि आपात काल के समय असहनीय अमानवीय प्रताडनाओं को सहन कर अपनी विचारधार से समझौता नहीं करने वाले स्व० श्रद्धेय ओमप्रकाश कश्यप चन्दौसी की महानविभूति की आज अंतिम यात्रा से पूर्व वीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पर पहुंचकर भजापा के ध्वज से श्रद्धाजंलि अर्पित की। परिजनों ने धूमधाम से अंतिम संस्कार किया। वहीं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के अंतिम दर्शन के लिए पूर्व एमएलसी० भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मनोज कठैरिया, राज. कुमार ठाकरे आदि मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में ससुराल पक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मल्लीवाला निवासी खुशबू पुत्री नरेश की शादी सन 2022 में आक. ाश सक्सैना पुत्र राजेश सक्सैना निवासी दुर्गा कालोनी गिरीताल गली नं-2 थाना आई टी आई काशीपुर जिला उधम सिंह नगर के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी लेकिन खुशबू का पति व अन्य ससुरालजन शादी के वाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे और बुलेट मोटर साईकिल एवं ३ लाख- रुपये नकद का दवाव बनाने लगे। मायके वालो ने ससुरालियो से वात की लेकिन वह नही माने और दहेज की मांग पर अड़े रहे विवाि. हता के पिता ने थाना आई टी आई काशीपुर मे प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने दोनो पक्षो के बीच समझौता करा दिया और वह अपनी ससुराल चली गयी परन्तु कुछ दिनो के वाद उसको पुन: दहेज के लिए प्रताडित किया जाने लगा। नाराज व आक्रोसित होकर पति आकाश सक्सैना देवर गगन सक्सैना पुत्रगण राजेश सक्सैना सास किरन सक्सैना पत्नी राजेश सक्सैना ससुर राजेश सक्सैना पुत्र डोरी लाल सक्सैना फुफेरी सास कम्मो सक्सैना पत्नी स्व० बंटी सक्सैना अंकित सक्सैना पुत्र स्व० बंटी सक्सैना ने उसके बाल पकडकर थप्पडो व लात घूसो से बुरी तरह मारा पीटा। इसी बीच नरेश आ गये और उन्हें देखकर उसे छोड दिया और उसके विकलाग पिता से अभद्रता कर चार माह की गर्भवती को घर से निकाल दिया उसने मायके में ही पुत्र को जन्म देते हुए एसपी से पति के घर भिजवाए जाने की गुहार लगाई एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती पर सरकार की गिनायी उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी चन्दौसी नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व संविधान शिल्पी डॉ भीमराव अंबेडकर के 135 वी जयंती पर नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार नगर के स्मारकों में स्वच्छता अभियान चलाकर उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर घर जनसंपर्क किया। एवं महापुरुष के विचारों से लोगों से अवगत कराया। प्रात:काल मे खुर्जा गेट पहुंच कर डॉ अम्बेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया एवम डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शाम को माल गोदाम रोड स्थित डॉ अम्बेडकर पार्क में दीप जलाए गए।

इस दौरान पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, डॉ टीएस पाल, अभिनव शर्मा, मनोज दिवाकर, चंद्रसेन दिवाकर, नरेंद्र शर्मा, सभासद तरुण नीरज, अमन कोरी, मोहित दिवाकर, अनुराग गर्ग, देवेंद्र गुप्ता मोनू, शीनू गुप्ता, शीला सागर, मुनीश वार्ष्णेय, ओमशर्मा, विकास मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## केंद्र में आरक्षण को लेकर जाटों ने भरी हुंकार

**समाज को किया जाएगा जागरूक**

कांठ(शाह टाइम्स) अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वाधान में आज कुचावली स्थित सीएनएस अकैडमी में बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें जाटों ने केंद्र में आरक्षण दिलाए जाने को लेकर हुंकार भरी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक सतपाल मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार ने उन्हें प्रदेश और केंद्र में आरक्षण जारी किया था लेकिन इसके बाद कोर्ट के आदेश से उन्हें केंद्र की सूची से बाहर कर दिया गया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पुन: केंद्र में आरक्षण दिलाने का भरोसा दिलाया था। मगर 10 सालों के शासन के बाद भी वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाए इसलिए अब वक्त संघर्ष करने का आ गया है उन्होंने सभी से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने और आरक्षण लेने के लिए एक कार्यक्रम चलाए जाने का आह्वान किया। किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि इसके लिए अलग-अलग कमेटी का गठन किया जाएगा जो कि गांव-गांव जाकर लोगों को जागरुक करते हुए इस कार्यक्रम की सफलता के लिए लोगों से सहयोग मांगेगा। पंचायत



को पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू अनिल चौधरी ब्लॉक प्रमुख राजपाल सिंह विजयपाल सिंह, सतवीर सिंह मान सहित काफी लोगों ने संबोधित करते हुए एकता पर बल दिया। इस अवसर पर काफी संख्या में जाट समाज के लोग मौजूद रहे।

# अल्काराज मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब जीता



● अल्काराज ने इटली के मुसेट्टी को हराकर अपना छठा मास्टर्स का खिताब हासिल किया

**स्पेन, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार को चोटिल लोरेंजो मुसेटी को हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में अल्काराज ने इटली के मुसेट्टी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर अपना छठा मास्टर्स 1000 कैरियर खिताब हासिल किया। तीसरे सेट में मुसेट्टी के दाहिने पैर में चोट के लक्षण दिखने लगे और 3-0 से पिछड़ने के बाद उन्हें उपचार दिया गया। अपने पहले मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी को मैच के अंत में अल्काराज के साथ चलने और तालमेल बनाया।



# आरसीबी ने राजस्थान रायल्स को 9 विकेट से रौंदा

● विराट कोहली ने 100वीं टी-20 फिफ्टी लगाई, साल्ट ने 65 और यशस्वी ने 75 रन बनाए

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल के 28वें मुकाबले में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रायल्स को 9 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बेंगलुरु ने बालिंग चुनी। राजस्थान ने 4 विकेट खोकर 173 रन बनाए। बेंगलुरु ने एक ही विकेट के नुकसान पर 18वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

आरसीबी से विराट कोहली ने अपने टी-20 करियर की 100वीं फिफ्टी लगाई, उन्होंने 62 रन बनाए। पिफल साल्ट ने 33 गेंद पर 65 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल 40 रन बनाकर नाटआउट रहे। राजस्थान से यशस्वी जायसवाल ने 75 रन की पारी खेली। बेंगलुरु की चौथी जीत 18वें आईपीएल सीजन में आरसीबी ने 6 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। टीम की चारों जीत घर से बाहर ही मिली। वहीं दोनों हार होमग्राउंड पर मिली। दूसरी ओर राजस्थान की 6 मैचों में चौथी हार रही। टीम ने 2 ही मैच जीते हैं। देवदत्त पडिक्कल ने 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर संदीप शर्मा के खिलापफ चैंका लगाया। इसी के साथ उन्होंने टीम को 9 विकेट से जीत दिला दी। पडिक्कल 40 रन बनाकर नाटआउट रहे। विराट कोहली ने 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वनिंदू हसरंगा के खिलाफ छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टी-20 में अपनी 100वीं हापफ सेंचुरी पूरी कर ली। विराट ने आईपीएल में 66वां 50 से ज्यादा का स्कोर भी बनाया। इस मामले में उन्होंने डेविड वार्नर की बराबरी की। दोनों ने 66 बार आईपीएल में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाए हैं। आरसीबी ने 10वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। देवदत्त पडिक्कल ने तीसरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। पिफल साल्ट ने 8वें ओवर में वनिंदू हसरंगा के खिलापफ चैंका लगाकर अपनी पिफफ्टी पूरी की। उन्होंने 28 गेंद पर हॉफ सेंचुरी लगाई। वे अगले ही ओवर में छक्का लगाने की कोशिश में कैच भी हो गए।

उन्हें कुमार कार्तिकेय ने पवेलियन भेजा। साल्ट ने 65 रन बनाए। 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी रही। टीम ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 65 रन बनाए। आरसीबी के 50 रन पूरे हो चुके हैं। 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर महीश तीक्षणा के खिलापफ विराट कोहली ने सिंगल लेकर टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। इस दौरान फिल साल्ट भी क्रीज पर मौजूद रहे। 174 रन के टारगेट का पीछा करन उतरी बेंगलुरु के ओपनर पिफल साल्ट ने पहले ओवर में 10 रन बनाए। राजस्थान के लिए पहला ओवर पेसर जोफ्रा आर्चर ने कराया। सुयश शर्मा की गेंद पर ध्रुव जुरेल को जीवनदान मिला। 17वें ओवर की आखिरी बाल सुयश ने मिडिल स्टंप पर पफुल लेंथ की पफेंकी। ध्रुव जुरेल आगे बढ़े और हवा में शाट खेला, लेकिन ठीक से टाइम नहीं हुआ और गेंद ऊपर चली गई। यहां कोहली ने लान्ग-आपफ पर कैच छोड़ दिया। गेंद सीधा उनके पास आई, लेकिन पिफर भी वो कैच नहीं पकड़ सके। वो खुद भी इस पर नाराज दिखे और गुस्से में बाल वापस थ्रो किया। 16वें ओवर की पहली बाल पर यशस्वी जायसवाल ने स्कूप शाट खेलकर जोश हेजलवुड को सिक्स लगा दिया।

ओवरपिच बाल पर जायसवाल ऑफ साइड की तरपफ थोड़ा हटे, गेंद बैट के बीच में लगाई और जायसवाल ने शानदार टाइमिंग से पफाइन लेग के ऊपर से छक्का लगा दिया। राजस्थान का दूसरा विकेट 14वें ओवर की दूसरी बाल पर गिरा। यश दयाल की बाल पर विराट कोहली ने रियान पराग का कैच पकड़ा। पराग 30 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल ने क्रुणाल पंड्या की बाल पर सिंगल लेकर फिफ्टी पूरी की। उनकी आईपीएल करियर की 11वीं और सीजन की दूसरी फिफ्टी है। क्रुणाल पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में राजस्थान के कैप्टन संजू सैमसन का विकेट लिया। बेंगलुरु की ओर से सातवां ओवर क्रुणाल पंडया ने किया। ओवर की पांचवीं गेंद को सैमसन आगे बढ़ कर खेलना चाह रहे थे। वह क्रीज से कापफी आगे आ गए थे। वह गेंद मिस कर गए और विकेटकीपर जितेश शर्मा ने बिना कोई गलती किए स्टंप कर दिया। संजू ने 19 गेंद का सामना कर 15 रन बनाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### स्कॉटलैंड की महिला टीम ने थाईलैंड को हराया

**लाहौर, वार्ता।** कप्तान कैथरीन ब्राइस (60), मेगन मैककॉल (58) की अर्धशतकीय पारियों के बाद राचेल स्लेटर, अब्ताहा मकसूद और कैथरीन फ्रेजर (तीन-तीन) विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर रविवार को स्कॉटलैंड की महिला टीम ने वूमेंस विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में थाईलैंड की टीम को 58 रनों से हरा दिया। स्कॉटलैंड के 206 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड के लिए नटाया बूचाथम और चानिदा सुथिरुआंग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करने का प्रयास किया। नौवें ओवर में राचेल स्लेटर ने नटाया बूचाथम (20) को पगबाधा कर थाईलैंड को 41 के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे थाईलैंड की बल्लेबाजी अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सकी। नत्थकन चंथम एक मात्र ऐसी बल्लेबाजी थी जिन्होंने 58 गेंदों में (63) रनों की पारी खेली। चानिदा सुथिरुआंग (18) रन बनाकर आउट हुई। कैथरीन फेजर, अबताहा मकसूद और राचेल स्लेटर ने तीन-तीन विकेट झटकते हुए स्कॉटलैंड की पूरी टीम को 31-3 ओवर में 148 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 58 रनों से जीत लिया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की महिला टीम ने कैथरीन ब्राइस (60), मेगन मैककॉल (58), ऐल्सा लिस्टर (38), एब्बी ऐटकेन-ड्रमंड (22) रनों की पारी खेली। थाईलैंड के गेदबाजों ने स्कॉटलैंड की पूरी टीम को 41 ओवर में 206 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

### यूपी ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में राजस्थान को हराया

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश ने कांटे के संघर्ष में आक्रामकता और बेहतर रणनीति की बदौलत 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्णिम सफलता हासिल कर इतिहास रच दिया। केओंझर में आठ से 12 अप्रैल तक आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को कड़ी टक्कर देते हुए 31-30 के स्कोर से मात दी। पहले हॉफ में दोनों टीमें 14-14 से बराबरी पर रहीं, जबकि दूसरे हॉफ में गोलों की होड़ लग गई। इस दौरान दोनों टीमें एक-एक गोल के लिए संघर्ष करती दिखी जिसके चलते अंत तक यह कहना मुश्किल रहा कि कौन विजेता बनेगा। इसी बीच अंतिम क्षणों से कुछ पहले उत्तर प्रदेश ने निर्णायक गोल करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश की ओर से कृष ने सर्वाधिक 11 गोल दागे। उनका साथ देते हुए विकास ने 6, अभिषेक व प्रवेश ने 4-4 जबकि हर्षित ने दो गोल किए। राजस्थान से प्रवीण ने सर्वाधिक 16 गोल, अजयराज यादव ने 8 व दुष्यंत ने 3 गोल किए।उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा आनन्देश्वर पाण्डेय ने यूपी टीम की इस स्वर्णिम सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश ने पिछले संस्करण में रजत पदक जीता था।

# वनडे में दो गेंद नियम पर हो सकता है बदलाव



■ पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने की है सिफारिश

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) वनडे क्रिकेट में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाजों के दबदबे को देखते हुए क्रिकेट की वैश्विक संस्था दो गेंद के इस्तेमाल के नियम पर बदलाव कर सकती है। दरअसल, आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। इस समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली हैं। वनडे में लंबे समय से दो नई गेंद का नियम लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड रविवार को जिम्बाब्वे के हरारे में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा। अभी वनडे में दो नई सफेद कूकाबुरा गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाजों द्वारा प्रत्येक छोर से अलग-अलग नई गेंदों का इस्तेमाल करने के कारण गेंद सख्त बनी रहती है जिससे बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का फायदा मिलता है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया, आईसीसी क्रिकेट समिति ने तीन नियमों में बदलाव की सिफारिश की है। वनडे क्रिकेट में एक सफेद गेंद का उपयोग, टेस्ट मैच में ओवर रेट की जांच के लिए क्लाक टाइमर का उपयोग और अंडर 19 पुरुष विश्व कप को 50 ओवर से टी20 में बदलना।

### मप्र, मणिपुर और पंजाब सेमीफाइनल में

**झांसी, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 में हुए क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में मध्य प्रदेश, मणिपुर और पंजाब ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। आज यहां दिन के पहले मैच में, चार क्वार्टर में 1-1 की बराबरी के बाद मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को शूटआउट में 4-2 से हराया। प्रताप लाकड़ा ने (छठे)मिनट पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर खेल की शुरुआत में मध्य प्रदेश को बढ़त दिलाई। तीन मिनट बाद महाराष्ट्र ने आकिब रहीम ने (नौंवे) मिनट में मैदानी गोल कर स्कोर एक-एक से बराबर कर दिया। इसके बाद हुए शूटआउट में सुंदरम सिंह राजावत, श्रेयस धूपे, अली अहमद और प्रताप लाकडा ने मध्य प्रदेश के लिए गोल किए। महाराष्ट्र के लिए देविन्दर वाल्मीकि और वेंकटेश कोंचे ही एकमात्र स्कोरर रहे, जबकि मध्य प्रदेश के गोलकीपर संजय बी ने महत्वपूर्ण बचाव करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई।

# मुंबई इंडियंस ने 206 रनों को दिया लक्ष्य

### तिलक वर्मा ने 26 गेंद पर फिफ्टी लगाई



**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के 29वें मैच में 206 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। तिलक वर्मा ने फिफ्टी लगाई। दिल्ली के लिए स्पिनर कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। टीम से तिलक वर्मा ने 59, रायन रिकेलटन ने 41, सूर्यकुमार यादव ने 40 और नमन धीर ने 38 रन बनाए। मुंबई ने 20वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। मुकेश कुमार ने तिलक वर्मा को ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्र पर कैच कराया। तिलक वर्मा ने 17वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने मोहित शर्मा के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के सथ तिलक ने 26 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। वे इसी ओवर की आखिरी गेंद पर स्ठॅ भी हो गए थे। हालांकि, रिव्यू लेने के कारण नॉटआउट रहे। तिलक ने 59 रन बनाए।

# गुयाना के पर्माउल और एंडरसन पर गेंद की स्थिति बदलने के लिए लगा जुर्माना

■ एंडरसन ने भी जुर्माने की सजा को स्वीकार कर लिया है

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता।** गुयाना हार्पी ईगल्स के खिलाड़ियों वीरासामी पर्माउल और केवलन एंडरसन पर त्रिनिदाद एवं टोबैगो रेड फोर्स के खिलाफ वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप के सातवें और अंतिम राउंड के मैच के दौरान 'गेंद की स्थिति बदलने' पर भारी जुर्माना लगाया गया है।

क्वींस पार्क ओवल में वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप के सातवें मैच के दौरान पर्माउल और एंडरसन पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस्टोफर टेलर और लेस्ली रीफर जूनियर ने लगाया था। क्रिकेट वेस्टइंडीज के बयान के अनुसार मैच के पहले दिन सीडब्ल्यूआई की आचार संहिता के लेवल 2 उल्लंघन के लिए पर्माउल पर मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि उन्होंने अपराध और मैच रेफरी माइकल रागुनाथ की सजा को स्वीकार कर लिया है। वहीं एंडरसन पर तीसरे दिन त्रिनिदाद और टोबैगो की दूसरी पारी के दौरान इसी तरह के अपराध के लिए मैच फीस का 90 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एंडरसन ने भी जुर्माने की सजा को स्वीकार कर लिया। सीडब्ल्यूआई ने कहा कि प्रत्येक मामले में गेंद बदल दी गई थी और बल्लेबाजी करने वाली टीम को गेंद चुनने का विकल्प दिया गया था। इसके अतिरिक्त, गुयाना के रोनाल्डो अलीमोहम्मद पर आचार संहिता के अनुच्छेद 2-1-2-5 - अनुचित और/या खतरनाक तरीके से खिलाड़ी या अधिकारी पर या उसके निकट गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान जैसे पानी की बोतल) फेंकनाह के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 65 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इनमें से पर्माउल एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

# फिटनेस और नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए तीन हजार लोगों ने लिया 'वैसाखी मैराथन' में भाग

● मैराथन युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का एक जन आंदोलन है

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिटनेस और नशा मुक्ति के प्रति जागरुकता को लेकर रविवार को तीन हजार से अधिक लोगों ने 'वैसाखी सुप. रसिख 5के मैराथन' के तीसरे संस्करण में भाग लिया। विश्व पंजाबी संगठन और सन फाउंडेशन ने राज्यसभा सांसद डॉ- विक्रमजीत सिंह साहनी के संरक्षण में रविवार को कनॉट प्लेस में इस मैराथन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। नशे को न कहें और फिट इंडियाह थीम वाली इस मैराथन में सभी आयु समूहों के तीन हजार से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वैसाखी के त्योहार को मनाया। इस अवसर पर डॉ. साहनी ने कहा कि फिट इंडिया के संदेश को अपनाने में नागरिकों का इतना जबरदस्त उत्साह देखना बहुत आनंदवर्धक है। वैसाखी के पवित्र अवसर पर, हम अपने समाज की शारीरिक और मानसिक भलाई के लिए खुद को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का एक जनांदोलन है। आज के समय में, जब नशीले पदार्थों का सेवन युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा है । ऐसे हमें सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए। बच्चों को इस बाबाद सजग व शिक्षित करना और समाज को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना नशा मुक्त भारत बनाने का सबसे प्रभावी तरीका है। प्रतिभागियों के असाधारण प्रयासों को मान्यता देने के लिए, विभिन्न श्रेणियों के तहत कई प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए।

● अभिषेक का शतक, हैदराबाद ने रचा इतिहास

# आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज

■ अभिषेक ने 141 और ट्रैविस हेड ने 67 रनों की पारी खेली



**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज कर दिखाया। दूसरे मैच में टीम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 246 रन का टारगेट 18 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम से ओपनर अभिषेक शर्मा ने अपना पहला शतक लगाया, उन्होंने 141 रन की पारी खेली। हैदराबाद से ट्रैविस हेड ने भी 67 रन बनाए, उन्होंने अभिषेक के साथ 171 रन की पार्टनरशिप की। हर्षल पटेल ने 4 विकेट लिए। पंजाब किंग्स से कप्तान श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाकर टीम को 245 रन तक पहुंचाया था। राजीव गांधी स्टेडियम में पंजाब ने ही बैटिंग भी चुनी थी। एसआरएच ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज किया। इससे पहले 2024 में पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन चेज किए थे। कमाल की बात यह है कि तब कोलकाता के कप्तान भी श्रेयस अय्यर ही थे। यानी आईपीएल इतिहास के 2 सबसे सफल रन चेज श्रेयस की कप्तानी वाली टीमों के खिलाफ ही हुए। 246 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी एसआरएच को अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। पावरप्ले में वे यश ठाकुर के खिलाफ नो बाल पर कैच हुए। यहां से उन्होंने बड़े-बड़े शाट्स खेले और पंजाब किंग्स को बैकफुट पर धकेल दिया। अभिषेक ने 40 गेंद पर अपने आईपीएल करियर का पहला शतक लगाया। वे 141 रन बनाकर आउट हुए। आईपीएल डेब्यू कर रहे मलिंगा ने मिडिल ओवर्स में बालिंग की। उन्होंने 2 विकेट लिए। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह और नेहल वाधेरा को पवेलियन भेजा। मिडिल ओवर्स में बालिंग करते हुए हर्षल ने 4 विकेट लिए। उन्होंने श्रेयस अय्यर, ग्लेन मैक्सवेल, प्रियांश आर्या और शशांक सिंह को पवेलियन भेजा। उन्हीं की बालिंग ने पंजाब को कम स्कोर पर रोका। अभिषेक के साथ ओपनिंग करने उतरे हेड ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 67 रन बनाए और टीम का स्कोरिंग रेट तेज बनाए रखा। पंजाब किंग्स से कप्तान श्रेयस अय्यर ही फाइट दिखाते नजर आए। उन्होंने 36 गेंद पर 82 रन की पारी खेली और टीम को 245 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। हालांकि, उन्हें गेंदबाजों का साथ नहीं मिला और टीम 19वें ओवर में ही हार गई।

# सम्पादकीय

सोमवार, 14 अप्रैल 2025

## सुप्रीम फैसले पर टिप्पणी

बिलों को रोकने को लेकर राज्यपाल व राष्ट्रपति के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले के बाद देश में एक नई बहस शुरू हो गई है। केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ओवररीच बताया। ओवररीच का मतलब होता है कोर्ट का सीमा पार कर कार्यपालिका और विधायिका में दखल देना है। आर्लेकर यहां तक कह गए कि कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रह जाएगी। असल में देश की शीर्ष अदालत में आठ अप्रैल को तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में एतिहासिक फैसला सुनाया था जिस में स्पष्ट कहा था की राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया था। शनिवार को भी एक एतिहासिक फैसला सुप्रीम कोर्ट ने दिया जो राष्ट्रपति के संबंध में था। जिस में उसने कहा था कि राष्ट्रपति राज्यपाल द्वारा भेजे गए बिल को तीन महीने से अधिक समय तक नहीं रोक सकते और यदि वह रोकते है तो उन्हें इसका कारण बताना होगा। तमिलनाडु सरकार की तरह ही केरल की सरकार भी इस तरह के मामले में सुप्रीम कोर्ट गई है जिस पर 13 मई को सुनवाई होनी है। केरल के राज्यपाल सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से कुछ ज्यादा ही खफा दिखाई दे रहे है। तभी तो वह उसको उसकी हद तक बताते दिखाई दे रहे है। उनका कहना है कि संविधान में गवर्नर के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की कोई समय सीमा नहीं है। इस लिए कोर्ट द्वारा तीन महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन तय करने जैसा ही है। रविवार को दिए अपने बयान में उन्होंने यह तक कह डाला कि दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते और यह भी कि न्यायपालिका खुद कई मामलों को वर्षों तक लंबित रखती है ऐसे ही राज्यपाल के पास भी बिल को लंबित करने के कारण हो सकते है। उनका यह भी कहना था कि केरल राजभवन में कोई भी लंबित नहीं है। कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए। असल में देखने में आ रहा है कि कई राज्यों विशेषकर गैर भाजपा राज्य सरकारों में राज्यपाल व राज्य सरकारों के बीच जो बेहतर सरकार चलाने के लिए माहौल होना चाहिए वह नहीं बन पा रहा है। राज्य सरकारों का कहना रहा है कि राज्यपाल केंद्र के इशारों पर गैर भाजपा सरकारों को परेशान करते है। तमिलनाडु में भी हम देख रहे थे कि वहां के राज्यपाल आरएन रवि और मुख्यमंत्री स्टालिन के बीच छत्तीस का आंकड़ा चल रहा था। वहां जो बिल विधानसभा में पारित हो रहे थे उनपर राज्यपाल हस्ताक्षर नहीं कर रहे थे। इसी बात को लेकर तमिलनाडु सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। बात केवल तमिलनाडु तक ही नहीं है चाहे पश्चिम बंगाल हो या पंजाब या केरल जहां भी भाजपा की सरकारें नहीं है वहां राज्यपाल व सरकारों के बीच संबंध नाजुक दौर में है दिल्ली में भी हमने ऐसा ही नजारा आप की सरकार के समय में देखा था। केरल के राज्यपाल जो नाराजगी जता रहे है उसका कोई मतलब नहीं है, क्योंकि यह अब आम धारना बन चुकी है कि राज्यपाल केंद्र के इशारे पर काम करते हैं।

### संविधान में बिल पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं



कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रह जाएगी। संविधान में राज्यपालों के लिए विधायकों पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं है। कोर्ट द्वारा तीन महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन जैसा है। दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते। न्यायपालिका खुद मामलों को वर्षों तक लंबित रखती है ऐसे में राज्यपाल के पास भी कारण हो सकते है। जहां तक बात केरल राज्य की है। केरल राजभवन में कोई भी लंबित नहीं है कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए है। सुप्रीम कोर्ट का आया फैसला उनकी समस्या ज्यूडिशियल आवेरीच है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सीमा को लांघा है, जोकि ठीक नहीं है। इस तरह के दखल से बचा जाना चाहिए।

**राजेंद्र आर्लेकर**
**राज्यपाल, केरल**

---

डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर विशेष

### संघर्ष, साहस व सेवा का प्रतीक रहा अंबेडकर का संपूर्ण जीवन

# नया भारत गढ़ने वाले महापुरुष थे डा. अंबेडकर

**14 अप्रैल 1891 को एक गरीब दलित परिवार में जन्मे डा. भीमराव अंबेडकर एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल समाज के दलित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया बल्कि समूचे भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का भी संदेश दिया**



**श्वेता गोयल**

महाराष्ट्र के महू में 14 अप्रैल 1891 को एक गरीब दलित परिवार में जन्मे डा. भीमराव अंबेडकर एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल समाज के दलित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया बल्कि समूचे भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का भी संदेश दिया। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब भारतीय समाज में जाति-व्यवस्था के कारण दलितों को घोर अपमान और भेदभाव का सामना करना पड़ता था लेकिन उनके पिता ने उस दौर में भी शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को शिक्षित करने का हरसंभव प्रयास किया। डा. अंबेडकर की प्रारंभिक शिक्षा सतारा में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने बंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में डिग्री प्राप्त की।

तत्पश्चात उन्होंने अमेरिका के कोलंबिया विश्व. विद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा ग्रहण की, जहां उन्होंने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनकी शिक्षा ने उन्हें न केवल सामाजिक मुद्दों की गहराई से समझने की क्षमता प्रदान की बल्कि समाज सुधार के लिए आवश्यक उपकरण भी प्रदान किए। डा. अंबेडकर भारतीय समाज के ऐसे शिल्पकार थे, जिन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक सुधार और समाज के दलित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

अछूतों के अधिकारों के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया और उन्हें समान अधिकार दिलाने के लिए कई आंदोलन भी चलाए, जिनमें महाड़ सत्याग्रह, मनुस्मृति दहन और पूना पैक्ट इत्यादि प्रमुख थे। 1927 में चलाया गया 'महाड़ सत्याग्रह' आंदोलन दलितों को सार्वजनिक जल स्रोतों का उपयोग करने के अधिकार के लिए था, जिसके जरिये अंबेडकर ने स्पष्ट किया था कि जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर किसी एक वर्ग का अधिकार नहीं हो सकता। 1927 में ही उन्होंने मनुस्मृति को जलाकर जातिवाद और भेदभाव के प्रतीक के रूप में इसका विरोध किया था। अंबेडकर का वह कदम जातिगत भेदभाव के खिलाफ एक साहसिक कदम था। महात्मा गांधी ने जब दलितों को अलग निर्वाचक मंडल देने के खिलाफ आमरण अनशन शुरू किया था, तब 1932 में अंबेडकर और गांधी जी के बीच 'पूना पैक्ट' समझौता हुआ था, जिसने दलितों को आरक्षित सीटों का अधिकार दिलाया। डा. अंबेडकर ने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा हथियार माना और उनका प्रसिद्ध नारा था 'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो'।

उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपनी स्थिति में सुधार कर सकता है और समाज में अपना स्थान बना सकता है। वह कहते थे कि हमें अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए और अपने अधिकारों के लिए यथासंभव संघर्ष करना चाहिए, इसलिए अपना आंदोलन जारी रखें और अपनी ताकतों को संगठित करें क्योंकि संघर्ष के माध्यम से ही शक्ति और प्रतिष्ठा आपके पास आएगी। उनका कहना था कि खोए हुए अधिकार कभी भी हड़पने वालों की अंतरात्मा की आवाज उठाने से वापस नहीं मिलते बल्कि अथक संघर्ष से मिलते हैं, बलि के लिए बकरियों का इस्तेमाल किया जाता है, शेरों का नहीं। डा. अंबेडकर का मानना था कि मनुष्य का जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। वह कहते थे कि जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक कानून द्वारा दी गई कोई भी स्वतंत्रता आपके लिए बेकार है। जिस व्यक्ति का मन स्वतंत्र नहीं है, भले ही वह जंजीरों में न हो, वह गुलाम है, स्वतंत्र व्यक्ति नहीं। समुदाय की प्रगति को लेकर डा. अंबेडकर का तर्क था कि वह किसी समुदाय की प्रगति को महिलाओं द्वारा हासिल की गई प्रगति के स्तर से मापते हैं। संविधान को लेकर अंबेडकर का कहना था कि संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं है बल्कि यह जीवन का वाहन है और इसकी भावना हमेशा युग की भावना है। भारतीय संविधान के निर्माता डा. अंबेडकर का कहना था कि समाज का विकास तभी संभव है, जब हर व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर मिले। उनका सबसे बड़ा योगदान भारतीय संविधान का निर्माण है। भारतीय संविधान को उन्होंने इस प्रकार बनाया कि यह भारत के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करे, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, लिंग अथवा वर्ग का हो। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समानता का अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, आरक्षण की नीति शामिल हैं। उन्होंने संविधान में हर नागरिक को समानता का अधिकार सुनिश्चित किया। यह अधिकार जाति, धर्म, लिंग अथवा क्षेत्र के आधार पर भेदभाव को समाप्त करता है। अल्पसंख्यक समुदायों को उनके सांस्कृतिक, शैक्षणिक और धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए भी उन्होंने संविधान में विशेष प्रावधान किए तथा अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए शिक्षा, नौकरियों और राजनीति में आरक्षण की व्यवस्था की ताकि समाज के इन वर्गों को मुख्यधारा में शामिल किया जा सके।



डा. अंबेडकर ने भारतीय समाज से जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उनका मानना था कि जाति व्यवस्था न केवल सामाजिक प्रगति में बाधक है बल्कि यह मानवीय मूल्यों के भी खिलाफ है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की भी वकालत की और उन्हें शिक्षा तथा रोजगार में समान अवसर दिलाने की दिशा में भी कार्य किया। डा. अंबेडकर ने मजदूरों के अधिकारों के लिए भी कई गंभीर प्रयास किए। उन्होंने 8 घंटे के कार्यदिवस की वकालत की और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कानून बनाए। वास्तव में डा. भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन संघर्ष, साहस और सेवा का प्रतीक रहा। अपने लेखन और भाषणों के माध्यम से उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर गहराई से अपने विचार प्रस्तुत किए। हमारे समाज में असमानता, जातिवाद और भेदभाव जैसी समस्याएं आज भी मौजूद हैं, ऐसे में डा. अंबेडकर के विचार और उनका जीवन हमें इन समस्याओं का समाधान खोजने की प्रेरणा देते हैं। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में डा. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया। दरअसल उनका मानना था कि बौद्ध धर्म के सिद्धांत समानता और करुणा पर आधारित हैं, जो जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

---

# गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन बनाम ढाक के तीन पात

**2025 को संगठनात्मक पुनर्गठन के वर्ष के रूप में पहचान करते हुए कांग्रेस गुजरात पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए आक्रामक रुख अपना रही है, जो महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि है और जहां से उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी नरेंद्र मोदी आते हैं**



**अशोक भाटिया**

गुजरात में अधिवेशन कर कांग्रेस पार्टी लंबे समय से बीजेपी का गढ़ रहे राज्य में अपनी राजनीतिक ताकत को पुनर्जीवित करना चाहती थी। इसी के साथ कांग्रेस अपने जिला समितियों को भी उत्साहित करना चाहती थी थी कि आने वाले चुनावों को लेकर तैयार रहे। हाल ही में कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व दिल्ली में तीन बैचों में 862 जिला अध्यक्षों से मिल चुका है, जहां उन्हें मिलने वाले 'अभूतपूर्व अधिकार' के बारे में संकेत दिया गया था। जिला अध्यक्षों की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जिला अध्यक्षों से कहा था कि पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अहम है। साल 2025 को संगठनात्मक पुनर्गठन के वर्ष के रूप में पहचान करते हुए, कांग्रेस गुजरात पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए आक्रामक रुख अपना रही है, जो महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि है और जहां से उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी नरेंद्र मोदी आते हैं। गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन कर अपने कैडर को यह भी संदेश देना चाह रही थी कि वह प्रदेश में अपनी पहचान नहीं खोई है और वह मोदी और उनकी पार्टी बीजेपी से मुकाबले को तैयार है। अधिवेशन के लिए गुजरात के चुनाव पर वरिष्ठ पत्रकार मीनू जैन कहती हैं कि पिछले 10 साल से केंद्र में मोदी और अमित शाह काबिज हैं और दोनों ही गुजरात से आते हैं और कांग्रेस को वहां अपनी उपस्थिति दिखाना चाहती थी।

गौरतलब है कि 1960 में गुजरात राज्य के निर्माण के बाद 1961 में भावनगर में अखिल भारतीय कांग्रेस सम्मेलन आयोजित किया गया था। यह पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, मोरारजी देसाई, उच्छंगराय ढेबर की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। नीलम संजीव रेड्डी ने 1961 में कांग्रेस के 66वें सत्र की अध्यक्षता की थी। स्वागत समारोह था ठाकोरभाई देसाई। महासचिव जी. राजगोपालन, सादिक अली और महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण भी मौजूद थे। बलवंत राय मेहता खुद भावनगर में पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने पर जोर दे रहे थे। उस समय पंडित नेहरू की लो. कप्रियता काफी ज्यादा थी। चाचा नेहरू के दर्शन के लिए हजारों लोग भावनगर पहुंचे थे। भावनगर अधिवेशन में कांग्रेस ने राष्ट्रीय एकता समिति के गठन की घोषणा की और इंदिरा गांधी को समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नीलम संजीव रेड्डी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी में अनुशासन बनाए रखा जाना चाहिए और पार्टी कार्यकर्ताओं में मिशन की भावना पैदा की जानी चाहिए। अगले साल (1962) चुनाव होंगे, लोगों को आसानी से समझ लेना चाहिए कि हम क्यों खड़े हैं, हम चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बारी थी कि उन्होंने वही शब्द कहे जो नीलम संजीव रेड्डी ने 64 साल पहले अहमदाबाद में एक सम्मेलन में कहे थे। आजादी के बाद से देश और लगभग सभी राज्यों में कांग्रेस पार्टी सत्ता में थी। राष्ट्रीय स्तर पर कोई मजबूत और मजबूत विकल्प नहीं था जो कांग्रेस को चुनौती दे। कांग्रेस केंद्र में सत्ता में नहीं है। इनमें से दो कार्यकालों के लिए, 2014 से 2024 तक कांग्रेस लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद भी नहीं पा सकी क्योंकि उसके पास पर्याप्त संख्या नहीं थी। 10 साल के अंतराल के बाद पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में 100 सांसद चुने जाने के बाद कांग्रेस को विपक्ष के नेता का पद मिला है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्ष के नेता का पद कांग्रेस के पास है। चुनावी राजनीति में कांग्रेस असफल क्यों हो रही है? अहमदाबाद में कांग्रेस अधिवेशन में जब मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे, तब देश के कुछ पदाधिकारियों, विशेषकर महिलाओं ने कड़ा रुख अपनाया और कहा कि पार्टी को बार-बार विफलताओं के लिए पार्टी के कुछ नेता जिम्मेदार हैं।

राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक दो पदयात्राएं निकालीं। हजारों लोग उनके साथ चले। इसका स्वागत किया गया। तो कांग्रेस ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव क्यों नहीं जीते? सत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करता है, चुनाव के दौरान चौबीसों घंटे कोशिश करता है, लेकिन पार्टी में कुछ गद्दार कैसे ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे पार्टी हार जाएगी। राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकमात्र उम्मीद हैं। जब वह पार्टी में सक्रिय या सक्रिय होते हैं, तो पार्टी में कुछ न कुछ जान होती है, लेकिन इस बीच वह गायब हो जाते हैं, छुट्टी पर चले जाते हैं या विदेश चले जाते हैं। तो आपको किस पर भरोसा करना चाहिए? यह सवाल कार्यकर्ता पूछते हैं। कांग्रेस के पास राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नेतृत्व नहीं है जो कार्यकर्ताओं को ऊर्जा दे सके, राज्य में कार्यकर्ताओं को सक्रिय रख सके। पार्टी के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जो युवाओं को कांग्रेस की ओर आकर्षित करे। तो पार्टी का विकास कैसे होगा। अगर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का एक बेटा भाजपा में है और दूसरा क्षेत्रीय पार्टी में है, तो उन जिलाध्यक्षों पर कौन भरोसा करेगा। पार्टी को जुर्माना लगाना चाहिए कि प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष या नगर अध्यक्ष चुनाव न लड़ें। ऐसे पदों पर बैठे नेता पार्टी का नामांकन करवाते हैं और अपने दम पर चुनाव लड़ते हैं, इसलिए उन्हें पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के प्रचार पर ध्यान देने का समय नहीं मिलता है। अगर प्रदेश अध्यक्ष या जिलाध्यक्ष अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में फंस गए हैं तो पार्टी के अन्य उम्मीदवार कैसे चुने जाएंगे। उन्हें चुनाव साजो-सामान कौन मुहैया कराएगा। अहमदाबाद में सत्र में राहुल गांधी के भाषण में भी यही मुद्दे थे। उन्होंने संसद में वक्फ विधेयक पर बहस में भाग नहीं लिया। यदि विपक्ष के नेता संवे. दनशील मुद्दे पर नहीं बोलते हैं, तो विपक्षी बेंचों के सदस्यों को क्या संदेश जाएगा। जब इस मुद्दे पर चर्चा चल रही थी, तब प्रियंका गांधी वाड्रा संसद में भी नहीं आईं, इसलिए पार्टी को क्या सीखना चाहिए।

---

# लोकतांत्रिक भारत : हमारा कर्तव्य हमारी जिम्मेदारी



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

लोकतंत्र केवल अधिकारों का मंच नहीं, बल्कि नागरिकों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का साझेदार भी है। भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्हें न्याय, समानता, संवाद, स्वच्छता, कर भुगतान, और संस्थाओं के प्रति सम्मान जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। लो. कतंत्र की मजबूती सत्ता पर निगरानी, सूचनाओं की सत्यता, और सामाजिक सहभागिता से आती है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाते हैं, तब लो. कतंत्र केवल एक दिखावटी ढांचा रह जाता है। अतः लो. कतंत्र को जीवित, सशक्त और प्रासंगिक बनाए रखने के लिए हर नागरिक को आत्मनिरीक्षण करते हुए यह पूछना होगा: क्या मैं केवल अधिकार चाहता हूं या जिम्मेदार भी हूं। लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, एक जीवनशैली है। यह नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और न्याय का वादा करता है, लेकिन साथ ही उनसे सजगता, जागरूकता और जिम्मेदारी की अपेक्षा भी करता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, पर क्या हम इसके सबसे



### जनतंत्र की जान: सजग नागरिक और सतत भागीदारी

जिम्मेदार नागरिक भी हैं? क्या हमने लोकतंत्र को केवल एक वोट देने का औज़ार मान लिया है या फिर हम इसके गहरे मूल्यों और कर्तव्यों को समझते हैं।

#### लोकतंत्र: अधिकार नहीं, दायित्व भी...

भारतीय संविधान ने हमें कई मौलिक अधिकार दिए हैं। बोलने की आज़ादी, धर्म की स्वतंत्रता, जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार। पर संविधान ने केवल अधिकार नहीं दिए, कर्तव्यों की भी नींव रखी। 1976 में 42वें संशोधन द्वारा संविधान में 11 मौलिक कर्तव्य जोड़े गए। इनमें राष्ट्र की अखंडता की रक्षा, संविधान का सम्मान, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना जैसे पहलू शामिल हैं। पर विडंबना यह है कि अधिकांश नागरिक अपने अधिकारों को लेकर सजग हैं, लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीन। सड़क पर गंदगी देखकर हम सरकार को कोसते हैं, पर खुद कचरा फेंकने से नहीं चूकते। टैक्स चोरी को 'चालाकी' समझते हैं, पर सरकार की नीतियों को 'भ्रष्ट' कहते हैं। यही वह मानसिकता है जो लोकतंत्र को खोखला करती है।

#### लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका...

एक स्वस्थ लोकतंत्र तभी संभव है जब उसके नागरिक सक्रिय, जागरूक और नैतिक हों। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, चुनावों के बीच की जिम्मेदारियों से भी चलता है। नागरिकों को सरकार की नीतियों पर नज़र रखनी चाहिए, मीडिया की सच्चाई को परखना चाहिए, और गलत को गलत कहने का साहस दिखाना चाहिए। आज जब सोशल मीडिया सूचनाओं का सबसे तेज़ माध्यम बन गया है, वहां झूठ और नफरत तेजी से फैल रही है। एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका है कि वह सूचना की सत्यता की जांच करे, नफरत की राजनीति का शिकार न बने और डिजिटल विवेक से कार्य करे।

#### न्याय, समानता और संवाद की संस्कृति...

लोकतंत्र की बुनियाद न्याय और समानता पर टिकी होती है। लेकिन आज भी जाति, धर्म, वर्ग और भाषा के आधार पर भेदभाव जारी है। गांवों में दलितों को मंदिरों में प्रवेश से रोका जाता है, शहरों में मुस्लिमों को मकान नहीं दिया जाता, आदिवासियों की ज़मीनें छीनी जाती हैं। यह सब लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह समाज में समानता और सह-अस्तित्व की संस्कृति को बढ़ावा दे। मतभेद होना लोकतंत्र का सौंदर्य है, पर मतभेद को मनभेद में बदलना उसकी कमजोरी है। संवाद, सहिष्णुता और सहमति की भावना ही लोकतंत्र को जीवंत रखती है।

#### सत्ता पर निगरानी और जवाबदेही...

लोकतंत्र में सत्ता की असली ताकत जनता के हाथों में होती है। लेकिन अगर जनता ही अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो जाए, तो सत्ता बेलगाम हो जाती है। आज हमें नेताओं से सवाल पूछने की ज़रूरत है। उनके वादों, कार्यों और नीतियों पर। लेकिन क्या हम ऐसा करते हैं, या फिर जाति, धर्म और व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार पर उन्हें आंख मूंदकर समर्थन देते हैं? एक लोकतांत्रिक नागरिक को न तो सत्ता से डरना चाहिए, न ही अंधभक्ति में डूबना चाहिए। जवाबदेही, पारदर्शिता और जनसुनवाई की मांग करना हर नागरिक का दायित्व है। लोकतंत्र में शासक नहीं, प्रतिनिधि होते हैं और प्रतिनिधि को जवाब देना होता है।

#### सरकारी संस्थाओं और कानून का सम्मान...

लोकतंत्र की नींव उसकी संस्थाओं से मजबूत होती है कि न्यायपालिका, संसद, चुनाव आयोग, सूचना आयोग, और स्वतंत्र मीडिया। लेकिन जब जनता ही इन संस्थाओं के प्रति सम्मान नहीं रखती, तो उनके निर्णयों का महत्व घटने लगता है।

कानून का पालन, न्यायिक फैसलों की गरिमा और चुनावी प्रक्रिया की शुचिता की रक्षा नागरिकों की जिम्मेदारी है। अगर हम खुद ही कानून तोड़ेंगे, रिश्वत देंगे, या कोर्ट के निर्णय को जातिगत चश्मे से देखेंगे, तो लोकतंत्र खोखला हो जाएगा।

#### सामाजिक भागीदारी और राष्ट्र निर्माण...

लोकतंत्र का अर्थ केवल सरकार से अपेक्षा करना नहीं है, बल्कि खुद राष्ट्र निर्माण में योगदान देना भी है। स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों, गांवों में काम करने वाले स्वच्छता कर्मचारियों, पर्यावरण के लिए काम कर रहे युवाओं ये सभी लोकतंत्र के सच्चे स्तंभ हैं। हर नागरिक के छोटे-छोटे प्रयास, जैसे वोट देना, स्वच्छता में भागीदारी, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, या भाषाई सौहार्द बनाना कु लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं।

#### लोकतंत्र की चुनौतियां और हमारी भूमिका...

आज लोकतंत्र को कई मोर्चों पर खतरे हैं ध्रुवीकरण और नफरत की राजनीति, जनता में बढ़ती उदासीनता, सूचना के नाम पर दुष्प्रचार, स्वतंत्र मीडिया और न्यायपालिका पर दबाव। इन खतरों का सामना केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिकों से ही संभव है। जब हर व्यक्ति अपने दायित्व को समझेगा, तब ही लोकतंत्र स्वस्थ रहेगा।

---

### जयंती का शोर, विचारों से गैरहाज़िरी

हर चौक-चौराहे पर अब, सजती है एक माला
बाबा साहब की तस्वीरें, और सस्ती सी दीवाला
नेता भाषण झाड़ रहा है, मंच सजा है भारी
पर संविधान की आत्मा है, अब भी बहुत बेचारी
टोपियां नीली, झंडे ऊंचे, लगती क्रांति की टोली
लेकिन सवाल ये उठता है, कहां है वो भूली बोली
जो कहती थी 'हम सब एक हैं', जो गूंज थी अधिकारों की
आज दबा दिया है वो आवाज़ को नारों की
मूर्ति की पूजा होती है पर, विचार नहीं अपनाते
जिसने कड़वा सच लिखा था, उससे क्यों अब कतराते
जाति हटे न संसद से, न स्कूलों के गलियारों से
दलित आज भी खड़ा है, न्याय की लंबी कतारों में
फ्री का राशन दे देकर, सम्मान को बेच रहे
सत्ता की कुर्सी पर बैठ, संविधान को खींच रहे
शब्द बड़े हैं भाषण में, कामों में है खोट
बाबा कहते 'समता दो', ये देते वोट की नोट
बाबा का सपना था हर जन पावे भाग
न कोई हो छोटा-बड़ा, न हो कोई परायापन का दाग
पर आज जयंती के दिन भी, वही दोहराव का गीत
पिछड़ा, दलित, वंचित वर्ग बस भाषणों की प्रीत
नेता वही जो हाथ में माला, मन में पाखंड लिए
बाबा के नाम पर चलते हैं, पर मन में कपट सिए
पुस्तकें धूल खा रहीं हैं, विचारों पर ताले
फिर भी कहते हमने श्रद्धा के फूल डाले
जातिगत गणना से डरते, प्रतिनिधित्व से भागते
उनके नाम पे शपथ तो लेते, पर राह नहीं अपनाते
जो कहे 'हम बाबा के चेले', उनसे मेरा एक सवाल
क्या संविधान को जीया तुमने, या बस किया इस्तेमाल
न बंदनवार, न भाषण चाहिए, न ही माला भारी
बाबा की असली श्रद्धांजलि है
न्याय की जिम्मेदारी
श्रद्धांजलि जब सच्ची होगी,
जब न्याय खड़ा होगा
बाबा का सपना तब ही,
साकार बड़ा होगा



**प्रियंका सौरभ**

परमाणु मुद्दे पर खेमेनेई की शर्त मानने को ट्रम्प तैयार

# ईरान के रुख के आगे नर्म पड़ा अमेरिका

## तेहरान, दोनों ने कहा-वार्ता का पहला दौर 'सकारात्मक रहा



**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच शनिवार से परमाणु मुद्दे और प्रतिबंध हटाने के लिए वार्ता शुरू हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस वार्ता का ऐलान करते हुए कहा था कि हम ईरान के साथ प्रत्यक्ष वार्ता चाहते हैं और शनिवार को होने वाले वार्ता प्रत्यक्ष होगी, लेकिन अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। ईरान के बयान से पता चला है कि यह वार्ता ईरान की शर्तों के हिसाब से अप्रत्यक्ष हो रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय का कहना है कि अगले हफ्ते अमेरिका के साथ होने वाली वार्ता ओमानी मध्यस्थता के साथ अप्रत्यक्ष रहेगी और सिर्फ परमाणु मुद्दे और प्रतिबंधों को हटाने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे साफ हो गया है कि ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की बात नहीं मानी है और वार्ता अपने हिसाब से ही शुरू की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने सरकारी टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि बातचीत अप्रत्यक्ष रूप से जारी रहेगी। ओमान मध्यस्थ बना रहेगा, लेकिन हम भविष्य की वार्ता की जगह पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वार्ता केवल परमाणु मुद्दे और प्रतिबंधों को हटाने पर केंद्रित होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वार्ता शुरू होने से पहले ईरान को धमकी दी थी कि अमेरिका ईरान के साथ डील चाहता हैं, ट्रम्प का कहना है कि हम चाहते हैं कि ईरान के परमाणु ताकत न हो अगर हम इस डील पर नहीं पहुंचते हैं, तो ईरान के लिए परिणाम बुरे होंगे। साथ ही उन्होंने ईरान पर हमले करने की धमकी दी, जिनका नेतृत्व इजरायल करेगा।

वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची से मुलाकात की और बहुत सकारात्मक और रचनात्मक चर्चा की। बयान में कहा गया कि विशेष दूत विटकॉफ ने डॉ. अराघची को बताया कि उन्हें राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रम्प से निर्देश मिले हैं कि यदि संभव हो तो बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हमारे दोनों देशों के मतभेदों को सुलझाया जाए। ये मुद्दे बहुत जटिल हैं और विशेष दूत विटकॉफ का आज सीधा संवाद पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त करने की दिशा में एक कदम आगे है। साथ ही कहा कि दोनों पक्ष अगले फिर से मिलने की योजना बना रहे हैं। शनिवार की शुरुआत में ईरानी मीडिया ने भी वार्ता को रचनात्मक बताया और अगले सप्ताह और अधिक चर्चाओं की योजना का खुलासा किया। यह बैठक पहली बार थी जब ट्रम्प के व्हाइट हाउस लौटने के बाद से अमेरिका और ईरान ने सीधे बातचीत की। ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि ईरान को जल्दी से एक ऐसे समझौते पर पहुंचना चाहिए जो यह सुनिश्चित करे कि वह परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता या उसे सैन्य हमलों की आशंका का सामना नही करना पड़ेगा। जबकि ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार ओमानी राजधानी मस्कट में शनिवार को रचनात्मक माहौल में दोनों पक्षों के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता संपन्न होने के बाद ईरान और अमेरिका 19 अप्रैल को वार्ता का दूसरा दौर आयोजित करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और मध्य पूर्व में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच ढाई घंटे की वार्ता तेहरान के परमाणु मुद्दे और प्रतिबंधों में राहत पर केंद्रित थी। इसमें कहा गया कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए। इस बीच वार्ता स्थल से निकलते समय, दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने ओमानी विदेश मंत्री की उपस्थिति में कुछ मिनटों के लिए बात की।

## अमेरिका में एक और विमान हादसा, छह यात्री थे सवार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ वाले मैदान में गिर गया। विमान 6 लोगों को ले जा रहा रही थी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि हादसे में कितने लोगों की मौत हुई है कोई बचा भी है या नहीं? दुर्घटनास्थल पर कीचड़ और बर्फ जमी हुई है, जांच दल के रात तक पहुंचने की उम्मीद है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में शनिवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ वाले मैदान में गिर गया।

संघीय उड्डयन प्रशासन और पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर न्यूयॉर्क राज्य की राजधानी अल्बानी से लगभग 80 किमी दक्षिण में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान 6 लोगों को ले जा रहा रही थी। अंडरशेरिफ जैकलीन साल्वेटोर के अनुसार, कोलंबिया काउंटी शेरिफ कार्यालय को दोपहर के समय दुर्घटना की सूचना मिली।

अप्रवासियों की अमेरिका में आफत

# सोते-जागते पास रखने होंगे कानूनी दस्तावेज

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के नए नियम से अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दरअसल अब सभी अप्रवासियों को 24 घंटे अपने कानूनी दस्तावेज और पहचान पत्र साथ रखने होंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प का नया कार्यकारी आदेश अतिक्रमण से अमेरिकी लोगों की सुरक्षा 11 अप्रैल से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य अमेरिका में रह रहे अवैध अप्रवासियों को पकड़ना और उन्हें निर्वासित करना है। अमेरिका में एलियन रजिस्ट्रेशन रिक्वायरमेंट कानून साल 1940 से मौजूद है, जिसके तहत अमेरिका में रहने वाले सभी अप्रवासियों को पंजीकरण कराना होता है, लेकिन अभी तक इस कानून का सख्ती से पालन नहीं हो रहा था। अब ट्रम्प के नए कार्यकारी आदेश के बाद इस कानून का सख्ती से पालन किया जाएगा। व्हाइट हाउस की सचिव कैरोलिन लेविट ने बयान जारी कर कहा है कि सभी अवैध अप्रवासी, जो 30 दिन से ज्यादा अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें खुद को संघीय सरकार के समक्ष पंजीकृत कराना होगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और जुर्माना लगाकर निर्वासित कर दिया जाएगा।

नियमों के तहत 14 साल से ज्यादा उम्र के सभी अप्रवासियों को सरकार के समक्ष पंजीकरण कराना होगा और 14 साल से कम उम्र के बच्चों का पंजीकरण उनके माता-पिता को कराना होगा। 11 अप्रैल के बाद अमेरिका में आने वाले सभी अप्रवासियों को 30 दिनों के भीतर खुद का पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने वालों को जुर्माने और जेल की सजा, दोनों का प्रावधान है। अगर कोई अप्रवासी अपना पता बदलता है तो इसकी भी जानकारी 10 दिनों के भीतर सरकार को देनी होगी। नए नियमों के बाद अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों को परेशानी होगी और उन पर निर्वासन की तलवार लटक जाएगी। उल्लेखनीय है कि कानूनी तौर पर अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों, ग्रीन कार्ड धारक, एच-1बी वीजा या अन्य वैध अप्रवासियों को भी पंजीकरण कराना होगा। अमेरिका में करीब 54 लाख भारतीय हैं, जिनमें से करीब दो लाख से ज्यादा लोग अवैध अप्रवासी हैं।

## गाजा में स्थाई युद्ध विराम की गारंटी देने वाला प्रस्ताव सकारात्मक : हमास

**गाजा।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम के किसी भी प्रस्ताव के बारे में सकारात्मक है, जो स्थाई युद्ध विराम की गारंटी देता है और गाजा पट्टी से इजरायली सेना की पूरी तरह वापसी की गारंटी देता है। हमास ने एक बयान में कहा कि इस तरह के प्रस्ताव में फिलिस्तीनी लोगों की पीड़ा को समाप्त करना भी सुनिश्चित करना चाहिए और इसमें कैदियों की अदला-बदली का गंभीर सौदा भी शामिल होना चाहिए। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल मिस्र के निमंत्रण पर काहिरा के लिए रवाना हुआ। इसमें कहा गया है कि काहिरा में वे कतर और म्रि के मध्यस्थों से मिलेंगे। जो गाजा में इजरायली हमलों को रोकने और एक समझौते पर पहुंचने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि 18 मार्च को गाजा पट्टी में इजरायल द्वारा फिर से गहन हमले शुरू करने के बाद से कम से कम 1,563 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, 4,004 घायल हुए हैं।

# म्यांमार व ताजिकिस्तान में भूकंप के झटके

## 28 मार्च के बाद सैकड़ों बार कांपी यहां की धरती



**बैंकाक।** म्यांमार के 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद से लगातार धरती कांव रही है। आए दिन ही यहां भूकंप के झटके लग रहे हैं। इस बीच मध्य म्यांमार के एक छोटे से शहर मीकटिला के पास रविवार सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप ऐसे समय में आया है, जब देश 15 दिन पहले मध्य क्षेत्र में आए 7.7 तीव्रता के बड़े भूकंप की तबाही से जूझ रहा है। आज भी राहत व बचाव कार्य जारी है। लापता लोगों की तलाश जारी है। कई जगह मलबा फैला हुआ है।

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक, ताजा भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले और राजधानी नेपीताव के बीच में था। यहां पिछले महीने आए भूकंप में भारी नुकसान हुआ था। हजारों लोग हताहत हुए थे। इस भूकंप में कई सरकारी कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गए थे। 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जा मिन टुन के मुताबिक, शुक्रवार तक 28 मार्च के भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,649 थी, जबकि 5,018 लोग घायल हुए थे।

म्यांमार के मौसम विभाग ने बताया कि रविवार का भूकंप मंडालय से 97 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण में वुंडविन टाउनशिप के क्षेत्र में 20 किलोमीटर (12 मील) की गहराई में आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गहराई 7.7 किलोमीटर (4.8 मील) होने का अनुमान लगाया। वुंडविन के लोगों ने बताया कि भूकंप इतना शक्तिशाली था कि लोग इमारतों से बाहर निकल आए।

**दुशांबे।** ताजिकिस्तान में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने बताया कि भूकंप रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 4:24 बजे खुजंद शहर से 170 किलोमीटर से अधिक दक्षिण-पूर्व की दूरी पर आया।

भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 16 किलोमीटर की गहराई पर स्थित रहा। अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। कुछ घंटे पहले मध्य म्यांमार और पापुआ न्यू गिनी के तट पर क्रमशः 5.5 और 5.7 तीव्रता के भूकंप आए थे।

# ट्रम्प की हत्या के लिए युवक ने मां-बाप को मारा

## घर में गोली मारी, फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होना चाहता था, हिटलर से प्रेरित था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विस्कान्सिन राज्य में फेडरल अधिकारियों ने हाल ही में 17 साल के युवक को अपने माता-पिता के कत्ल के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक ने फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने के लिए यह कदम उठाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारियों ने कोर्ट में बताया कि निकिता कैसाप नाम का यह युवक राष्ट्रपति ट्रम्प की हत्या करना चाहता था, इसके लिए उसे पैसे और संसाधनों की जरूरत थी। जांच कर्ताओं को उसके पास से कुछ लिखित दस्तावेजों और टेक्स्ट मैसेज मिले हैं, जिनमें राष्ट्रपति की हत्या और अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकने के अपील की गई है। वाउकेशा काउंटी अदालत के अनुसार, कैसाप पर 9 आरोप हैं, जिनमें हत्या के दो मामले और शव छिपाने के दो मामले शामिल हैं।

इसके अलावा तीन मामले राष्ट्रपति की हत्या, षड्यंत्र और मास डिस्ट्रक्शन के हथियारों का इस्तेमाल करने की साजिश के हैं। अभी तक कैसाप के वकीलों ने इस मामले पर मीडिया से कोई बात नहीं की है। ट्रम्प की हत्या से जुड़ा लेटर और तस्वीरें मिलीं आरोपी की मां तातियाना कैसप और उनके सौतेले पिता डोनाल्ड मेयर अपने घर के अंदर गोली लगने से मृत पाए गए। अधिकारियों का मानना है कि उनकी हत्या 11 फरवरी को की गई थी। पुलिस ने शुरू में कैसाप को अपने सौतेले पिता की एसयूवी चुराने और बंदूक रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कैसाप के फोन पर द ऑर्डर आफ नाइन एंगल्स से जुड़ी सामग्री मिली है, जो हिटलर के नाजी विचारों से प्रेरित चरमपंथी विचार रखने वालों का एक नेटवर्क है। जांचकर्ताओं के मुताबिक, उन्हें राष्ट्रपति की हत्या, बम बनाने और आतंकवादी हमलों से जुड़ा एक लेटर और कुछ तस्वीरों भी मिली हैं।




# हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने ट्रम्प पर केस दर्ज कराया

## फंड रोकने की धमकी दी थी, आरोप-यहूदी विरोधी नफरत रोकने में नाकाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया है। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया है कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट प्रथम संशोधन का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्ते पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कालरशिप, और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। गाजा में जारी इजरायल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फलस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पालिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी। ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डालर के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर भी यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

# बर्बरता और आत्मघाती हमले

### 1 रूस का यूक्रेन पर हमला, 21 की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले का वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में मारे गए लोगों के शव सड़क पर बिखरे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान एक शख्स दूसरे घायल शख्स को उठाकर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। यूक्रेन पर रूस का यह हमला तब हुआ है, जब 2 दिन पहले ही अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ सीजफायर पर बातचीत करने के लिए रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने पुतिन से बात भी की थी। यूक्रेन पर शनिवार को रूसी मिसाइल हमले में एक भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनी कुसुम के गोदाम में आग लग गई। भारत में स्थित यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि रूस ने जानबूझकर राजधानी कीव में भारतीय गोदाम को निशाना बनाया है। यूक्रेनी दूतावास ने कहा-आज रूस ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी कुसुम के गोदाम पर मिसाइल से हमला किया।

### 2 अर्द्धसैनिक बलों के हमलों में 114 से ज्यादा मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में पिछले दो दिनों में दो विस्थापन शिविरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमलों में 114 से अधिक नागरिक मारे गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह बात कही। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य प्राधिकरण के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने बताया, कल (शुक्रवार) ज़मज़म विस्थापन शिविर पर आरएसएफ मिलिशिया द्वारा किए गए क्रूर हमले के परिणामस्वरूप 100 से अधिक नागरिक मारे गए, जबकि दर्जनों घायल हुए। उन्होंने कहा, आज (शनिवार) अबू शौक विस्थापन शिविर पर एक और मिलिशिया हमले के कारण 14 नागरिक भी मारे गए, जबकि दर्जनों अन्य घायल हुए।

### 3 अमेरिकी सेना ने यमन पर किए नए हवाई हमले

**सना।** अमेरिकी सेना ने शनिवार देर रात उत्तरी यमन में कई स्थानों को निशाना बनाते हुए 10 हवाई हमले किए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार हमले उत्तरी सादा प्रांत के अल-सलेम जिले, पश्चिमी होदेइदा प्रांत के अल-मुनीरा जिले और मध्य अल-बायदा प्रांत के अल-सौमाह जिले के व्यावसायिक संस्थान पर हुए। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि हूती के खिलाफ उसका अभियान जारी है। अमेरिका ने 15 मार्च को हूती बलों के खिलाफ अपना हवाई अभियान फिर से शुरू किया, जिसमें कहा गया कि हमलों का उद्देश्य समूह को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी नौसैनिक संपत्तियों के खिलाफ हमले शुरू करने से रोकना है। उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने कहा कि यदि इजरायल गाजा में अपना आक्रमण बंद कर दे।

### 4 इजरायल ने मध्य गाजा में हवाई हमले किए, अस्पताल तबाह

**गाजा।** इजरायल ने शनिवार देर रात सेंट्रल गाजा में हवाई हमले किए है। इन हमलों की चपेट में स्थानीय अस्पताल भी आ गया। अल-अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल के कर्मचारियों के मुताबिक परिसर के भीतर एक बिल्डिंग पर दो मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में इमरजेंसी और रिसेप्शन डिपार्टमेंट पूरी तरह तबाह हो गया है। हमले में आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक हमले से कुछ देर पहले एक फोन काल आई थी। इसमें उनसे इमारत को तुरंत खाली करने के लिए कहा गया था। इसके तुरंत बाद यह हमला हुआ। हमले पर इजरायली सेना की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले इजरायल ने दावा किया था कि इस इलाके से उसके ऊपर रॉकेट दागा गया था। इजरायली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इजरायली डिफेंस फोर्स आईडीएफ ने मोराग कारिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है।

### 5 इजरायली अमेरिकी बंधक का वीडियो जारी

**गाजा।** हमास की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने 7 अक्टूबर, 2023 से गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर का एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में, अलेक्जेंडर शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रहा था। मैं यहां क्यों हूं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर क्यों नही हूं? उसने पूछा।

अलेक्जेंडर जो कैद में रहते हुए 21 साल का हो गया। उसका जन्म इजरायली शहर तेल अवीव में हुआ था और वह अमेरिकी राज्य न्यू जर्सी में बड़ा हुआ था। 2022 में हाई स्कूल से स्नातक होने के बाद, वह सेना में भर्ती होने के लिए इज़रायल लौट आया। 7 अक्टूबर, 2023 को, दक्षिणी इज़रायल पर उनके आश्चर्यजनक हमले के दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया था। वीडियो में अलेक्जेंडर ने अपने संघर्षों को साझा किया और गाजा में चल रहे इज़रायली सैन्य अभियानों के बीच अपनी सुरक्षा के बारे में चिता व्यक्त की। अपनी रिहाई सुनिश्चित करने में विफल रहने को इजरायल सरकार को भी दोषी ठहराया।




